मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 32.9 | 20.7 |
| जमशेदपुर | 29.4 | 18.8 |
| डालटनगंज | 30.8 | 16.5 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

* *

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 60,000 |
| चांदी (किलो) | 76,000 |

www.lagatar.in | मंगलवार 05 मार्च 2024 ● फाल्गुन कृष्ण पक्ष 10 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 1, अंक : 317 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


# चुनाव से पहले चलने लगे तीर, आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू

## मेरे देश के 140 करोड़ लोग ही मेरा परिवार हैं

एजेंसी। आदिलाबाद (तेलंगाना)

पीएम नरेंद्र मोदी ने परिवार ना होने को लेकर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के हमले पर पलटवार करते हुए सोमवार को पूरे भारत को अपना परिवार करार दिया और अपने जीवन को एक खुली किताब बताते हुए कहा कि लोगों की सेवा करने के सपने के साथ उन्होंने कम आयु में ही घर छोड़ दिया था. एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने परिवारवादी दलों पर हमला बोला और कहा कि उनके अलग-अलग चेहरे हो सकते हैं, लेकिन झूठ और लूट का उनका चरित्र समान है. राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने रविवार को पटना में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी पर कटाक्ष किया था. मोदी ने लालू के इस आरोप पर सोमवार को पलटवार किया और कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण में आकंठ डूबे इंडी गठबंधन के नेता बौखलाते जा रहे हैं. उन्होंने हुए, अब इन्होंने 2024 के चुनाव का अपना असली घोषणा पत्र निकाला है. मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नही है. -पेज 12 भी देखें



● लालू के परिवार पर हमले के बाद मोदी का पलटवार

## देश में नौकरी के 'बंद द्वार' खोलेगा 'इंडिया'

भाषा। नयी दिल्ली

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को भाजपा पर संविदा व्यवस्था को लगातार बढ़ावा देने का आरोप लगाया और कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया युवाओं के लिए 'नौकरी के बंद द्वार' खोलेगा. उन्होंने यह भी कहा कि गठबंधन ने सरकारी विभागों में रिक्त पदों को भरने के लिए ठोस योजना तैयार की है. राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि युवाओ, एक बात नोट कर लो. मोदी की नीयत ही रोजगार देने की नहीं है. नए पद निकालना तो दूर वह केंद्र के खाली पड़े पदों पर भी कुंडली मार बैठे हैं. अगर संसद में पेश किए गए सरकार के आंकड़ों को ही मानें तो 78 विभागों में 9 लाख 64 हज़ार पद खाली हैं. राहुल ने दावा किया कि रेलवे में 2.93 लाख, गृह मंत्रालय में 1.43 लाख व रक्षा मंत्रालय में 2.64 लाख पद खाली हैं. क्या मोदी के पास इसका जवाब है कि 15 विभागों में 30% से अधिक पद खाली क्यों हैं? झूठी गारंटियों का झोला लेकर घूम रहे मोदी के अपने ही कार्यालय में बड़ी संख्या में पद खाली क्यों हैं?



● झूठी गारंटियों का झोला लेकर घूम रहे हैं पीएम

## बंगाल में लोस चुनाव एक ही दिन में करवाए जाएं

एजेंसी। कोलकाता

टीएमसी ने सोमवार को निर्वाचन आयोग से यह तय करने का आग्रह किया कि केंद्रीय एजेंसियां चुनावी प्रक्रिया को बाधित न करें. टीएमसी के प्रतिनिधिमंडल ने आयोग से यह भी पक्का करने की अपील की कि भाजपा केंद्रीय बलों पर दबाव न डाले. भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी को आदतन अपराधी बताते हुए टीएमसी ने आयोग से उन पर नजर रखने का अनुरोध किया. पार्टी ने मांग की कि बंगाल में 42 सीट पर चुनाव एक ही दिन में कराए जाएं, न कि चरणों में. यहां आयोग की पूर्ण पीठ से मिलने वाले पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि आयोग को वोट वाले दिन 11 वोटर आईडी पत्र स्वीकार करने चाहिए. मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार की अगुवाई में निर्वाचन आयोग की टीम ने दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें कीं. आयोग का दल प्रशासनिक अधिकारियों के साथ भी बातचीत करेगा. उन्होंने बताया कि वह मुख्य निर्वाचन अधिकारी आरिज आफताब, मुख्य सचिव बीपी गोपालिका और पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार से भी मुलाकात करेगा.



● टीएमसी ने कहा- केंद्रीय बलों पर दबाव न डाला जाए

## महिलाओं को हर माह मिलेंगे 1,000 रुपये

भाषा। नयी दिल्ली

दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने सोमवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 76,000 करोड़ रुपए का बजट पेश किया. अपना पहला बजट पेश करते हुए आतिशी ने 'मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना' की घोषणा की, जिसके तहत 18 वर्ष और इससे अधिक आयु की सभी महिलाओं को हर माह 1,000 रुपए मिलेंगे. आतिशी ने कहा कि सरकार राम राज्य के आदर्शों से प्रेरित है. आम चुनाव से पहले राज्य विधानसभा में पेश किए गए बजट में उन्होंने 'बिजनेस ब्लास्टर्स' योजना का विस्तार विश्वविद्यालयों और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) तक करने की घोषणा की. अभी तक यह योजना स्कूलों में लागू की जा रही थी. पिछले साल सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 78,800 करोड़ रुपए आवंटित किए थे और जी20 की तैयारियों के तहत नौ योजनाओं की घोषणा की थी. दिल्ली सरकार के बजट का आकार वित्त वर्ष 2022-23 में 75,800 करोड़ रुपए और इससे पिछले वित्त वर्ष में 69,000 करोड़ रुपए था.



● दिल्ली सरकार का रु. 76,000 करोड़ का बजट पेश

---

'सुप्रीम' झटका वोट के बदले नोट मामले में माननीयों को नहीं मिलेगी राहत

# रिश्वतखोरी विशेषाधिकार नहीं

एजेंसियां। नयी दिल्ली


सुप्रीम कोर्ट ने अपने ऐतिहासिक फैसले में रिश्वत लेकर वोट देने वाले माननीयों को अभियोजन से राहत देने से इनकार कर दिया है. सात जजों की संविधान पीठ ने कहा कि संसदीय विशेषाधिकार के तहत रिश्वतखोरी की छूट नहीं दी जा सकती.

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सांसदों और विधायकों को सदन में वोट डालने या भाषण देने के लिए रिश्वत लेने के मामले में अभियोजन (मुकदमा) से छूट नहीं मिल सकती. चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने झारखंड मुक्ति मोर्चा रिश्वत मामले में पांच न्यायाधीशों की पीठ द्वारा सुनाये गये 1998 के फैसले को सर्वसम्मति से पलट दिया है. मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात जजों की संविधान पीठ ने इस मामले पर अपना फैसला सुनाया है. मुख्य न्यायाधीश के अलावा संविधान पीठ में जस्टिस एएस बोपन्ना, जस्टिस एम एम सुंदरेश, जस्टिस पी एस नरसिम्हा, जस्टिस जेपी पारदीवाला, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल रहे.

### क्या था 1998 का फैसला

बता दें कि 1998 में 5 जजों की संविधान पीठ ने 3:2 के बहुमत से फैसला दिया था कि ऐसे मामलों में जनप्रतिनिधियों पर मुकदमा नहीं चल सकता. इस संबंध में सीजेआई चंद्रचूड़ का कहना था कि अगर कोई रिश्वत लेता है, तो वह केस बन जाता है. अपनी बात साफ करते हुए कहा कि यह मायने नहीं रखता कि उसने बाद में वोट दिया या फिर स्पीच दी. मामला तभी बन जाता है, जिस वक्त कोई सांसद रिश्वत लेता है.

## सुप्रीम कोर्ट ने पलटा 1998 का पुराना फैसला




▪ 7 जजों की संविधान पीठ ने झामुमो की सीता सोरेन से जुड़े रिश्वत मामले में सुनाया फैसला

### सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले पर किया पुनर्विचार

बता दें कि झारखंड की विधायक सीता सोरेन पर साल 2012 में राज्यसभा चुनाव में वोट के बदले रिश्वत लेने के आरोप लगे थे. इस मामले में उनके खिलाफ आपराधिक मामला चल रहा है. इन आरोपों पर अपने बचाव में सीता सोरेन ने तर्क दिया था कि उन्हें सदन में कुछ भी कहने या किसी को भी वोट देने का अधिकार है और संविधान के अनुच्छेद 194 (2) के तहत उन्हें विशेषाधिकार हासिल है. जिसके तहत इन चीजों के लिए उनके खिलाफ मुकदमा नहीं चलाया जा सकता. इस तर्क के आधार पर सीता सोरेन ने अपने खिलाफ चल रहे मामले को रद्द करने की मांग की थी. इस पर सुप्रीम कोर्ट ने 1993 के घूसकांड पर 1998 में दिए पांच जजों की संविधान पीठ के एक फैसले की सात जजों की पीठ द्वारा समीक्षा करने का फैसला किया था.

### संविधान पीठ ने कही ये बात

फैसला सुनाते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि पीठ के सभी जज इस मुद्दे पर एकमत हैं कि पीवी नरसिम्हा राव मामले मे दिए फैसले से हम असहमत हैं. नरसिम्हा राव मामले में अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने सांसदों-विधायकों को वोट के बदले नोट लेने के मामले में अभियोजन (मुकदमे) से छूट देने का फैसला सुनाया था. चीफ जस्टिस ने कहा कि माननीयों को मिली छूट यह साबित करने में विफल रही है कि माननीयों को अपने विधायी कार्यों में इस छूट की अनिवार्यता है. मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 105 और 194 में रिश्वत से छूट का प्रावधान नहीं है क्योंकि रिश्वतखोरी आपराधिक कृत्य है और ये सदन में भाषण देने या वोट देने के लिए जरूरी नहीं है. पीवी नरसिम्हा राव मामले में दिए फैसले की जो व्याख्या की गई है, वो संविधान के अनुच्छेद 105 और 194 के विपरीत है.

### केंद्र ने केस से छूट के विरोध में दी थी दलील

संविधान पीठ ने 1998 के झामुमो रिश्वतकांड पर दिए अपने फैसले पर पुनर्विचार के संबंध में सुनवाई पूरी कर बीते साल 5 अक्तूबर को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था. अक्तूबर में सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में रिश्वत के बदले वोट के मामले में मिले विशेषाधिकार का विरोध किया था. सरकार ने भी अपनी दलील में कहा था कि रिश्वतखोरी कभी भी मुकदमे से छूट का विषय नहीं हो सकती. संसदीय विशेषाधिकार का मतलब किसी सांसद-विधेयक को कानून से ऊपर रखना नहीं है.



रिश्वतखोरी, संसदीय विशेषाधिकार नहीं है. माननीयों द्वारा किया जाने वाला भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी भारत के संसदीय लोकतंत्र को तबाह कर रहे हैं.
**-मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़**

▪ सात जजों की पीठ ने कहा कि अगर सांसद पैसे लेकर सदन में सवाल पूछते हैं या वोट करते हैं, तो वे विशेषाधिकार का तर्क देकर अभियोजन से छूट का दावा नहीं कर सकते. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पैसे लेकर वोट देने या सवाल पूछने से भारत का संसदीय लोकतंत्र तबाह हो जाएगा.

**पीएम मोदी ने किया स्वागत**

**स्वागतम!** माननीय सुप्रीम कोर्ट की ओर से यह बड़ा फैसला है जो कि साफ-सुथरी राजनीति को सुनिश्चित करने के साथ समूची व्यवस्था में लोगों के विश्वास को और गहरा करेगा. - **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

---

भावुक हुईं, ललकारा, कार्यकर्ताओं में भरा जोश, कहा-

# हम लोगों को कीड़ा-मकोड़ा समझते हैं दिल्ली वाले : कल्पना



विशेष संवाददाता। रांची/गिरिडीह

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन की सोमवार को एक्टिव राजनीति में एंट्री हो गयी. गिरिडीह में इंट्री जोरदार रही. उन्होंने पहले पीरटांड़ के पारसनाथ पर्वत पर स्थित मांझी थान में पूजा-अर्चना की. इसके बाद मधुबन स्थित भोमिया सफबाबा की भी पूजा की. पूजा के बाद वह गिरिडीह के लिए रवाना हुईं. इस दौरान मंत्री बेबी देवी, सुदिव्य सोनू सहित कई झामुमो नेता मौजूद थे.

**न मनोबल तोड़ पाए न परास्त कर पाए :** कल्पना ने कहा कि मेरे पति को षड्यंत्र के तहत जेल में भेजा गया. हेमंत जी को जेल तो भेज दिया, लेकिन यहां मौजूदा विधायकों, कार्यकर्ताओं व आम समर्थकों का उत्साह देखकर लगता है कि मनोबल नहीं तोड़ पाए, परास्त नहीं कर पाए. हम मजबूती से खड़े हैं. आने वाले समय में इस मनोबल और उत्साह को वोट रूपी आशीर्वाद में बदलकर विपक्ष को यकीन दिलाना है कि झारखंड कभी नहीं झुकेगा. झारखंडी कभी नहीं झुकता.कल्पना ने कहा कि 2019 के विस चुनाव में किसे जनादेश मिला आप सब जानते हैं. झारखंडी सरकार बनी. जिस दिन से सरकार का गठन हुआ, विपक्ष चाल चलने लगा. इसे गिराने की साजिशें की जाने लगी.

### हेमंत ने मेरे कंधे में हाथ रखकर कहा- घबराना नहीं मैं अभी जिंदा हूं



गिरिडीह में झामुमो के स्थापना दिवस समारोह के मंच पर पहुंची. जहां उनका जोरदार अभिनंदन हुआ. जमकर नारेबाजी हुई. कल्पना सोरेन ने सभी को हाथ जोड़कर और हाथ उठाकर अभिवादन किया. वे मंच पर संथाली हरे पाढ़ वाली साड़ी पहनकर पहुंची. उन्होंने मंच थामा और अपनी बातें शुरू कीं. कल्पना ने कहा है कि आज 4 तारीख है. कल 3 तारीख को मेरा जन्मदिन था. मुझे उनसे (हेमंत सोरेन) मिलने का समय मिला. इतना कहते ही उनकी आंखे भर आयीं. नम आंखों से कहा कि उन्होंने मेरे कंधे पर हाथ रखा और कहा कि घबराना नहीं. जेल में हूं, लेकिन जिंदा हूं.

### इनकी मंशा बिखर गयी

ये लोग दिल्ली में बैठते हैं, लेकिन दिल्ली वालों में दिल नहीं धड़कता. आदिवासी, दलित व अल्पसंख्यकों को कीड़ा-मकोड़ा समझते हैं. व्यवहार से दिखता है कि कितनी घृणा भरी हुई है. हमारे सीएम को पद से उतारने के लिए साजिश की. झारखंड सरकार ही नहीं झारखंडी सरकार, आदिवासी, दलित और वंचित सरकार गिराने की मंशा बिखर गई है.

### मिलेगा करारा जवाब

उन्हें (हेमंत) जेल में डाल देना झारखंडियों के स्वाभिमान का अपमान है. उन्होंने हेमंत को जेल में नहीं डाला बल्कि आदिवासियों के आत्मसम्मान को जेल में डाला है. इसका करारा जवाब मिलेगा. हमारे लोगों के चेहरे से दिखता है कि हमने उनको हरा तो कर दिया, लेकिन आने वाले समय में आप को वोट से यकीन दिलाना है कि झारखंड कभी झुकेगा नहीं.

---

राज्यसभा चुनाव : प्रदेश भाजपा में उम्मीदवारी को लेकर मंथन

# उरांव नहीं, हो या संताली को मिलेगा मौका!

प्रवीण कुमार। रांची

राज्यसभा चुनाव का शंखनाथ हो चुका है. झारखंड भाजपा में उम्मीदवारी को लेकर रस्साकसी जारी है. दिलचस्प बात यह है कि इस बार जो चर्चा सामने आ रही है, उसमें उरांव उम्मीदवारों से दूरी बनाई जा रही है. पार्टी में हाल के वर्षों में आशा लकड़ा का कद काफी बढ़ा है.

भाजपा के अंदरखाने में उरांव जनजाति से आनेवाली आशा लकड़ा को समीर उरांव की जगह उच्च सदन भेजने के मुद्दे पर चर्चा हो रही थी. रास के लिए उनकी दावेदारी प्रबल मानी जा रही थी. लेकिन इससे पहले भी उरांव जनजाति से ही समीर उरांव को रास भेजा गया था. ऐसे में पार्टी में हो और संताली नेताओं की टीस भी उभरकर सामने आने लगी. हालांकि



खुल कर कोई कुछ बोल तो नहीं रहा, लेकिन सवाल उठने लगा कि आखिर हर बार उरांव से ही क्यों? हो या संथाल नेता के नाम पर क्यों नहीं हो रही चर्चा. बताते चलें कि झारखंड में राज्यसभा चुनाव 21 मार्च को होने हैं. भाजपा की तरफ से उम्मीदवार कौन होगा, इसे लेकर अटकलों का बाजार गर्म है. अलग-अलग नामों की चर्चा है. इस बीच एक उच्चपदस्थ सूत्र ने दावा किया है कि अगर आदिवासी प्रत्याशी बनाना है, तो इस बार उरांव से दूरी बनायी जा सकती है. इस बार पार्टी हो या संथाल नेता को उम्मीदवार बना सकती है. अभी तक आशा लकड़ा के नाम की चर्चा ज्यादा थी, लेकिन बदली परिस्थिति में उन्हें दूसरी जगह एडजस्ट करने पर चर्चा हो रही है. आशा को केंद्र में कहीं फिट करने पर विचार हो रहा है. कल्याण विभाग में राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त किसी पद पर उन्हें रखे जाने की बात चल रही है. पार्टी में जो चर्चा है, उसके मुताबिक गीता कोड़ा को चाईबासा से प्रत्याशी बनाने के बाद हो जनजाति के नेताओं में एक टीस है. अगर उसी इलाके से किसी हो के नेता को रास का प्रत्याशी बनाया जाता है, तो इसे खत्म किया जा सकेगा. ऐसे में बड़कुंवर गगराई व जेबी तुबिद के नाम पर विचार हो रहा है. संथाल से भी कोई नाम लाकर भी भाजपा चौंका सकती है. ऐसे में लुईस मरांडी भी बाजी मार सकती हैं.

---

संघर्ष और आंदोलन बिनोद बिहारी महतो और एके राय पर भी तैयार होगी किताब

# टीआरआई तैयार करवा रहा द बॉयोग्राफी ऑफ शिबू सोरेन







कौशल आनंद। रांची

आदिवासी कल्याण विभाग के तहत संचालित डॉ. रामदयाल मुंडा जनजातीय शोध संस्थान द बॉयोग्राफी ऑफ शिबू सोरेन, बिनोद बिहारी महतो और एके राय तैयार करवा रहा है. इसका जिम्मा संस्थान ने इतिहासकार संदीप चटर्जी को दिया गया है. जिन्होंने अपन काम शुरू कर दिया है. संभावना है कि अप्रैल तक यह किताब सामने आ जाएगी. द बॉयोग्राफी ऑफ शिबू सोरेन की शुरुआत 1970 के दशक से टुंडी आश्रम के सोनोत से शुरू हुए आंदोलन से होगी. वैसे तो यह आंदोलन संथाल समाज को लेकर हुआ था, मगर बाद में इसका विस्तार चिरुडीह से लेकर धनबाद तक हुआ था. जहां पर शिबू सोरेन की मुलाकाल पिछड़ों का आंदोलन कर रहे बिनोद बिहारी महतो से हुई थी. इस किताब में महाजनी प्रथा और बाद में झारखंड आंदोलन शुरुआत के एक-एक पहलू को बिंदुवार और विस्तार से समावेश किया जाएगा. जिसमें कालांतर में जाकर झामुमो का गठन कैसे हुआ. इसका भी जिक्र होगा.

### किताब में बिनोद बिहारी महतो के आंदोलन का जिक्र होगा

बिनोद बिहारी महतो ने भी आंदोलन की शुरुआत धनबाद से 1970 के दशक में शुरू किया था. शुरुआत में यह आंदोलन पिछड़ों को न्याय दिलाने को लेकर हुआ था, मगर जब बिनोद बिहारी महतो की मुलाकात शिबू सोरेन से हुई तब इस आंदोलन की रूपरेखा ही बदल गयी. आगे जाकर यह झारखंड अलग राज्य और फिर बाद में झारखंड मुक्ति मोर्चा के गठन तक पहुंच गया. इन तमाम चीजों का जिक्र इस पुस्तक में होगा. महतो मुख्यतः किसान थे. वे सरल, कम पढ़े-लिखे और आसानी से दूसरों से प्रभावित होने वाले थे. कुड़मी की अपनी रीति-रिवाज और संस्कृति है. परंपरागत रूप से, कुड़मी बिना ब्राह्मण के ही अपना अनुष्ठान करते थे. उन दिनों कुड़मी संस्कृति में ब्राह्मणवादी प्रथाएं प्रवेश कर रही थीं.

### मजदूर आंदोलन से लेकर झामुमो के गठन तक एके राय की पुस्तक में

एके राय की बात करें तो उनका आंदोलन कोयालांचल में कोयला मजदूर आंदोलन के हक और अधिकार को लेकर हुआ था. मगर बाद में एके राय और शिबू सोरेन एक दूसरे के संपर्क में आए. इसके बाद झामुमो का गठन करके अगल राज्य की लड़ाई तेज हुई. आगे चलकर इन तीनों नेताओं और आंदोलनकारियों ने झारखंड आंदोलन को एक नयी दिशा दी. धनबाद की कोयला खदानों वाले इलाके में लंबे समय तक एके राय की तूती बोलती थी.

## सभी शहरों में पहला पांच हजार लीटर पानी रहेगा मुफ्त, निःशुल्क वाटर कनेक्शन मिलेगा

# झारखंड के 12 निकायों के पांच लाख लोगों को मिलेगा पानी

- रांची और धनबाद सिवरेज सिस्टम व निकायों में पेयजलापूर्ति के लिए बिडर कांफ्रेंस आयोजित

प्रमुख संवाददाता। रांची

राज्य के सभी शहरी परिवार को निशुल्क वाटर कनेंक्शन दिया जा रहा है. साथ ही सभी शहरी आवासों में प्रथम 5000 लीटर पानी का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा. ऐसा नियमावली में प्रावधान किया गया है. राज्य शहरी विकास प्राधिकार के निदेशक अमित कुमार ने सोमवार को जुडको के सभागार में आयोजित बिडर कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी. उन्होंने कहा कि राज्य के 12 शहरी निकायों के लगभग एक लाख आवासों यानी पांच लाख लोगों को पेयजलापूर्ति उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है.

**जल संसाधनों को किया जा रहा विकसित :** अमित कुमार ने कहा कि बिडर कांफ्रेंस के आयोजन से दोनो पक्षों की बात सामने आती है. इससे कंपनियों की भागीदारी भी बढ़ती है. राज्य सरकार के सभी नगर निकायों में सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ नगर विकास विभाग कार्य कर रहा है. यही नहीं पेयजल की उपलब्धता के लिए जल संसाधनों को भी विकसित किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि एशिया विकास बैंक, विश्वबैंक और केंद्र की अमृत योजना की सहायता से शहरी निकायों में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए निःशुल्क वाटर कनेक्शन दिया जा रहा है. ऐसी बिडर कांफ्रेंस के आयोजन से देश की नामी गिरामी कंपनियों को उच्च तकनीकी के आधार पर काम करने का अवसर मिलता है.



**3210.43 करोड़ की है रांची सीवरेज परियोजना**

जुडको के परियोजना निदेशक (तकनीकी) गोपालजी ने कहा कि इस कांफ्रेंस में जो भी सवालात किये जा रहे हैं और शंकाएं उठायीं गयीं उनका समाधान हर हालत में किया जाएगा. उप परियोजना निदेशक उत्कर्ष मिश्र ने अमृत और एशिया विकास बैंक की सहायता से चलने वाले तीन निकायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी. महाप्रबंधक पेयजलापूर्ति एसएस सेनगुप्ता ने एशिया विकास बैंक की सहायता से शुरू होने वाली रांची व धनबाद सीवरेज परियोजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी. धनबाद सीवरेज 1885 .18 करोड़ रुपए तथा रांची सीवरेज परियोजना 3210 .43 करोड़ की है.

**विश्व बैंक संपोषित योजना**

| | |
|---|---|
| कपाली | – 3852 आवास |
| लोहरदगा | –14300 आवास |
| गुमला | – 12200 आवास |

**अमृत योजना से सहायता प्राप्त**

| | |
|---|---|
| रेहला और विश्रामपुर | – 10271 आवास |
| बड़की सरैया | – 4913 आवास |
| महागामा | – 8206 आवास |
| धनवार | –5597 आवास |
| डोमचांच | – 7161 आवास |
| जामताड़ा | – 7860 आवास |
| बंशीधरनगर | – 8549 आवास |
| छतरपुर व हरिहरगंज | – 15671 आवास |
| बड़हरवा | – 7095 आवास |

## अभी तक प्रत्याशी तो दूर सीट की भी ऑफिशियल घोषणा नहीं हो सकी

# भाजपा के 'प्लेयर' आए मैदान में 'इंडिया' में अब तक जिच कायम

- चाईबासा अब झामुमो के खाते में जाना करीब–करीब तय, वामदल को एक भी सीट नहीं देने का प्लान
- सत्यानंद भोक्ता ने पटना जाकर चतरा पर दावा ठोंका, राजद पलामू के साथ चतरा सीट से भी लड़ने के मूड में

कौशल आनंद। रांची

लोकसभा चुनाव की घोषणा के पूर्व ही भाजपा की तैयारी फुलप्रूफ दिख रही है. चुनावी बिगुल बजने के पूर्व ही भाजपा ने झारखंड की 14 में से 11 सीटों पर कैंडिडेट की घोषणा कर दी है. महज अब तीन सीट धनबाद, चतरा और गिरिडीह की घोषणा होनी बाकी है. वह भी धनबाद और चतरा में प्रत्याशी बदले जाने की संभावना है, इसलिए रोक दी गयी है. रही बात गिरिडीह की तो यह सीट करीब-करीब आजसू को जानी तय मानी जा रही है.

यानी की भाजपा पूरी तरह से चुनावी मोड में आ चुकी है. मगर इंडिया गठबंधन की बात करें तो अब तक कैंडिडेट तो दूर ऑफिशियल रूप से सीट का भी एलान नहीं किया जा सका है. कई सीट पर अब भी जिच कायम है. जिसमें चाईबासा सीट प्रमुख है. इसको लेकर एक बार फिर दिल्ली में फैसला लिए जाने की संभावना है. मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और अन्य झामुमो नेता एक बार फिर फाइनल टच देने के लिए दिल्ली जा सकते हैं. कांग्रेस और झामुमो दोनों ने दावा किया है कि इसी सप्ताह सीट और प्रत्याशी का एलान हो जाएगा.

### गीता कोड़ा के जाने से पहले चाईबासा सीट था कांग्रेस के खाते में, अब झामुमो ने किया दावा

पिछले दिनों दिल्ली में जो कांग्रेस और झामुमो नेताओं के बीच बैठक हुई थी उसमें चाईबासा सीट कांग्रेस को ही देने पर सहमति बन चुकी थी. मगर गीता कोड़ा के भाजपा में चले जाने के बाद इस सीट पर झामुमो ने अपना दावा पेश कर दिया है. झामुमो यह दावा स्वाभाविक रूप से कर रहा है. इसके पीछे झामुमो ने दो तर्क कांग्रेस के पास रखे हैं. पहला तो कोल्हान में 7 विधायक सीटों में 6 पर झामुमो का कब्जा है. दूसरा गीता के जाने के बाद कांग्रेस के पास कोई वैसा चेहरा नहीं है. इस सीट को लेकर ही अब नफा–नुकसान को लेकर जिच दोनों दलों में कायम है.

#### वामदल को झारखंड से एक भी सीट नहीं देने के मूड में है इंडिया गठबंधन

कांग्रेस और झामुमो खेमे से आयी जानकारी के अनुसार इंडिया गठबंधन वामदल को एक भी सीट देने के मूड में नहीं है. शुरुआत में यह संभावना प्रकट की जा रही थी कि हजारीबाग सीट वाम को दी जाएगी. मगर अब जो बातें सामने आयी हैं उससे पता चला है कि एक सीट दे देने से भी वामदल नहीं मानेंगे, वह इसके अलावे गिरिडीह, धनबाद, राजमहल सीट पर प्रत्याशी खड़ा करेंगे ही. इसलिए वामदल को स्वतंत्र रूप से लड़ने के लिए छोड़ दिए जाने की संभावना है. इसके बदले बिहार में वामदल को दो से तीन सीट देने के फर्मूले पर बात चल रही है.

#### राजद ने पलामू के साथ चतरा के लिए दावा किया भोक्ता ही कर रहे लॉबिंग

इंडिया गठबंधन राष्ट्रीय जनता दल को केवल एक सीट पलामू देने का विचार किया है. इसको लेकर झामुमो और कांग्रेस दोनों लालू यादव और तेजस्वी यादव से बात भी कर ली है. मगर राजद के नेता और मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने चतरा सीट से अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर रहे हैं. विधानसभा का सत्र खत्म होने के बाद भोक्ता पटना जाकर लालू यादव और तेजस्वी यादव वे मिले और अपनी दावेदारी प्रस्तुत की. पिछली बार के चुनाव में भी पलामू सीट राजद को दी गयी थी मगर अंत में सुभाष यादव ने पटना से टिकट ले आकर चतरा से चुनाव लड़ा था.

#### इंडिया गठबंधन की संभावित सीटें ये होंगी

- कांग्रेस : गोड्डा, धनबाद, रांची, खूंटी, चतरा, जमशेदपुर, हजारीबाग.
- झामुमो : चाईबासा, दुमका, राजमहल, गिरिडीह, लोहरदगा, कोडरमा.
- राजद : पलामू

**नोट :** गीता के जाने के पूर्व चाईबासा सीट कांग्रेस के खाते में तय हुई थी, मगर यह सीट अब झामुमो को गयी तो कांग्रेस जमशेदपुर या लोहरदगा पर दावा करेगी.

#### क्या कहते हैं कांग्रेस नेता

जल्दी का काम शैतान का होता है. सबकुछ तय हो चुका है. इसी सप्ताह सीट और प्रत्याशी दोनों घोषित हो जाएंगे. एक–दो सीट पर पेंच है, जिसे जल्द सुलझा लिया जाएगा. जिसमें चाईबासा सीट प्रमुख हैं. केंद्रीय नेतृत्व की झामुमो नेताओं से बातचीत चल रही है. **–राजेश ठाकुर**, अध्यक्ष पीसीसी

#### क्या कहते हैं झामुमो नेता

इतनी जल्दबाजी भी क्या है. अभी तो चुनाव की घोषणा भी नहीं हुई है. सबकुछ तय हो चुका है. बहुत जल्द सारी तस्वीर सबके सामने होगी. चाईबासा पर तो शुरू से ही झामुमो का स्वाभाविक दावा था. अब तो रास्ता भी साफ हो चुका है. इंतजार करें बहुत जल्द इंडिया गठबंधन के प्लेयर भी मैदान में होंगे. – **सुप्रियो भट्टाचार्य**, महासचिव झामुमो

### एसटी-एससी एक्ट मामले में हाईकोर्ट से ईडी अधिकारियों को राहत

**रांची।** तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से ईडी के अधिकरियों पर एसटी-एससी थाना में दर्ज मामले के खिलाफ दाखिल ईडी की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान अदालत ने ईडी के अधिकारियों को राहत देते हुए उनके खिलाफ किसी भी तरह की पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश दिया है. ईडी के अधिकारियों की याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश अनिल कुमार चौधरी की अदालत में सुनवाई हुई. ईडी की ओर से लोक अभियोजक अमित कुमार दास ने पक्ष रखा. दरअसल, दिल्ली में हुई छापेमारी के बाद हेमंत सोरेन ने रांची के एससी-एसटी थाने में ईडी के अधिकारियों कपिल राज, देवब्रत झा, अनुपम कुमार, अमन पटेल समेत अन्य के खिलाफ 31 जनवरी को एससी-एसटी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी.

## हेमंत के खिलाफ ईडी के कंप्लेन केस पर कोर्ट ने लिया संज्ञान

संवाददाता। रांची



मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री और बरहेट के विधायक हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी द्वारा दर्ज शिकायत वाद (कंप्लेन केस) पर रांची सिविल कोर्ट के सीजेएम (मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी) ने अपना फैसला सुना दिया है. अपने फैसले में कोर्ट ने प्रथम दृष्टया (प्राइमा फेसी) यह माना है कि हेमंत सोरेन ने ईडी के समन का उल्लंघन किया. ईडी ने 19 फरवरी को शिकायतवाद दर्ज कराई थी. ईडी की ओर से दर्ज करवाई गई शिकायतवाद में कहा गया है कि ईडी के द्वारा लगातार समन देने के बाद भी हेमंत सोरेन ने उस आदेश का अनुपालन नहीं किया. साथ ही कई समन का उल्लंघन भी किया. इसके साथ पीएमएलए एक्ट के तहत भी शिकायतवाद में दर्ज करवाया है.इस मामले में 28 फरवरी को दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी सुनने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रखा था. दरअसल जमीन घोटाले से जुड़े मामले में ईडी ने हेमंत सोरेन को 10 समन जारी किया था. लेकिन हेमंत सोरेन सिर्फ दो समन पर पेश हुए थे. आठ समन पर वह एजेंसी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे. जिसे समन की अवहेलना माना गया है. अब अदालत इस मामले में 3 अप्रैल को सुनवाई करेगा. कोर्ट ने हेमंत सोरेन को समन जारी करने का आदेश दिया है.

## निशिकांत दुबे की पीएलआई पर हाईकोर्ट में सुनवाई, ऊर्जा सचिव हाजिए हुए

संवाददाता। रांची



झारखंड हाईकोर्ट में देवघर स्थित एम्स अस्पताल में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान ऊर्जा विभाग के सचिव कोर्ट के समक्ष उपस्थित हुए. अदालत ने उन्हें एफिडेविट के माध्यम से यह बताने का निर्देश दिया कि एम्स में बिजली,पानी और अग्निशामक वाहन की निर्बाध व्यवस्था के लिए क्या कदम उठाए गए हैं. अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए एक सप्ताह बाद की तिथि निर्धारित की है. इस मामले की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस आनंद सेन की बेंच में हुई. इस मामले में सांसद निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय पक्ष रख रहे हैं. एम्स की ओर से अधिवक्ता शिवानी जालुका ने बहस की.

दरअसल दिल्ली में हुई छापेमारी के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के एससी-एसटी थाने में ईडी के अधिकारियों कपिल राज, देवब्रत झा, अनुपम कुमार, अमन पटेल समेत अन्य के खिलाफ 31 जनवरी को एससी-एसटी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी. ये सभी ईडी के जोनल कार्यालय रांची के अधिकारी हैं.

### टीपीसी कमांडर हार्डकोर नक्सली भीखन गंझू को हाईकोर्ट से मिली बेल

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में हार्डकोर नक्सली भीखन गंझू की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान अदालत ने उसे जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण कुमार राय की अदालत में भीखन गंझू की जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई. यह मामला हत्या, आर्म्स एक्ट और 17 (सीएलए) क्रिमिनल लॉ एमेंडमेंट एक्ट से जुड़ा हुआ है. बता दें कि रांची पुलिस ने वर्ष 2022 में पंडरा इलाके से 10 लाख के इनामी नक्सली भीखन गंझू को गिरफ्तार किया था. जिसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में है. भीखन उग्रवादी समूह टीपीसी का कमांडर है. पिपरवार के अशोका, टंडवा के मगध-आम्रपाली परियोजना में टेरर फंडिंग के केस में भी भीखन गंझू आरोपी है. जिस मामले में अदालत ने भीखन को बेल दी.भीखन गंझू पर हजारीबाग जिला के केरेडारी थाना में वर्ष 2017 में कांड संख्या 27/2017 दर्ज की गई थी.

## 288 मिलियन टन है तांबे का भंडार

# बंद पड़ी तांबे की खदानें शुरू होंगी

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड में बंद पड़ी तांबे की खदानों में फिर से खनन होगा. जेएसएमडीसी ने बंद पड़ी तांबे की खदानों में फिर से खनन कार्य शुरू करने की योजना बनाई. तांबे की खदानें सरायकेला-खरसांवा और पूर्वी सिंहभूम में स्थित हैं. इन खदानों में 288 मिलियन टन तांबा होने का अनुमान लगाया गया है. इसके अलावा जेएसएमडीसी मैग्नेटाइट, चूना पत्थर, संगमरमर और काले ग्रेनाइट का उत्पादन करने के लिए बहुआयामी सेमरा-सलातुआ खदान में भी खनन कार्य करेगा. तुपुदाना प्लांट का नवीनीकरण किया जाएगा. छोटे उद्यमियों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए लौह-अयस्क पट्टे भी वितरित किए जाएंगे. संयुक्त उद्यम के तहत सीमेंट कंपनियों को कच्चे माल के रूप में चूना पत्थर उपलब्ध कराया जाएगा. साथ ही जेएसएमडीसी बॉक्साइट का भी खनन करेगा.

#### 634 मिलियन टन लाइम स्टोन का भंडार

पश्चिमी सिंहभूम, रामगढ़, रांची, बोकारो और गढ़वा में 634 मिलियन टन लाइम स्टोन (चूना पत्थर) का भंडार मौजूद है. लोहरदगा, गुमला, लातेहार और दुमका में 146 मिलियन टन बॉक्साइट का भंडार है. सरायकेला–खरसांवा और पूर्वी सिंहभूम में 80 मिलियन टन पाइरोक्सनाइट है.

#### ग्रेफाइट, कायनाइट और एस्बेस्टस भी

प्रदेश में ग्रेफाइड, कायनाइट और एस्बेस्टस भी मौजूद है. गढ़वा, पलामू और लातेहार में 12 .91 मिलियन टन ग्रेफाइट मौजूद है. सरायकेला, पूर्वी सिंहभूम और रांची में कायनाइट का भंडार है. इन जिलों में छह मिलियन टन कायनाइट मौजूद है.

#### जेएसएमडीसी के पास हैं सात प्रोजेक्ट

| | |
|---|---|
| सिकनी कोल प्रोजेक्ट | – लातेहार |
| बेंती बगदा लाइम स्टोन प्रोजेक्ट | – रांची |
| कायनाइ प्रोजेक्ट | – पूर्वी सिंहभूम |
| सेमरा सलातुआ लाइम स्टोन प्रोजेक्ट | – पलामू |
| विश्रामपुर ग्रेफाइट प्रोजेक्ट | – पलामू |
| चंदुला स्टोन चिप्स | – साहिबगंज |
| तुपुदाना ग्रेनाइट प्लांट | – रांची |

# वृद्धा पेंशन (50-60) साल योजना का शुभारंभ 6 को



- मुख्यमंत्री वृद्धावस्था पेंशन (50–60 वर्ष) का शुभारंभ छह मार्च को खेलगांव में

संवाददाता। रांची

रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में 6 मार्च को मुख्यमंत्री वृद्धावस्था पेंशन (50-60 वर्ष) के शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. कार्यक्रम की तैयारियों का सोमवार को रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने जायजा लिया. इस दौरान संबंधित पदाधिकारियों को ससमय पूरी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. उन्होंने मंच, वीआईपी लाउंज, लाभुकों के आवागमन, उनके बैठने, खाने-पीने, शौचालय, पार्किंग, ब्रांडिंग आदि व्यवस्था की जानकारी लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. इस दौरान डीडीसी रांची दिनेश कुमार यादव, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरभि सिंह, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रवि शंकर मिश्रा, जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पाण्डेय एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे.

## कांग्रेस प्रभारी आज से 9 मार्च तक रहेंगे झारखंड में, 9 लोस क्षेत्रों में बैठक करेंगे

संवाददाता। रांची



प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर 5 से 9 मार्च तक झारखंड में रहेंगे. वे विभिन्न लोकसभा क्षेत्र में समन्वय समिति की बैठक करेंगे. इस बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर हिस्सा लेंगे. यह जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि गुलाम अहमद मीर 5 मार्च को सुबह 10 बजे रांची लोकसभा, 2.30 बजे खूंटी में बैठक करेंगे. इसके बाद वे गुमला जाएंगे. 6 मार्च को सुबह 10 बजे से लोहरदगा लोकसभा, 3 बजे लातेहार में चतरा लोकसभा में बैठक करेंगे. इसके बाद रात्रि विश्राम हजारीबाग परिसदन में करेंगे. 7 मार्च को सुबह 10 बजे से हजारीबाग लोकसभा, 3 बजे से धनबाद लोकसभा की बैठक करेंगे. रात्रि विश्राम देवघर में होगा. 8 मार्च को सुबह 10 बजे गोड्डा लोकसभा की बैठक करेंगे. 9 मार्च को सुबह 10 बजे पश्चिम सिंहभूम व दोपहर 2 बजे से पूर्वी सिंहभूम लोकसभा स्तरीय बैठक में भाग लेंगे.

## वेदर अलर्ट पश्चिमी विक्षोभ ने झारखंड में बदला है मौसम का मिजाज

# आज मौसम साफ रहेगा, कल से बारिश के आसार


संवाददाता। रांची

झारखंड में पश्चिमी विक्षोभ ने मौसम का मिजाज बदल दिया. गर्मी के सुगबुगाहट के बीच बारिश से झारखंड के कई जिलों का तापमान में बदलाव दर्ज किया गया. राजधानी रांची समेत कई जिलों के तापमान में गिरावट दर्ज किया गया. मौसम विभाग के अनुसार 5 मार्च को राजधानी में आसमान साफ रहेगा और मौसम शुष्क रहेगा. वहीं 6 और 7 मार्च को राज्य के दक्षिणी भागों पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्के दर्ज की वर्षा होने की संभावना है. 8 मार्च से मौसम फिर साफ रहेगा. वहीं मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अगले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे 4-6 डिग्री से. की वृद्धि हो सकती है, इसके बाद अगले 3-4 दिन इसमें कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है.

**सोमवार को रांची में हुई जोरदार बारिश :** सोमवार कि अहले सुबह राजधानी रांची के कई इलाकों में जोरदार बारिश हुई. इस दौरान गर्जन भी हुआ. वहीं दोपहर में भी कई जगर हल्की बारिश दर्ज की गई. रांची के अलावा राज्य के पश्चिमी हिस्से यानी पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार और लोहरदगा के साथ साथ मध्य व निकटवर्ती हिस्से रामगढ़, हजारीबाग, गुमला, बोकारो व खूंटी में 30 से 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से बही हवा देखी गई.

#### मैथन में सबसे अधिक बारिश

पिछले 24 घंटे में राज्य में कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हुई. सबसे अधिक वर्षा 39 .0 एमएम मैथन में दर्ज किया गया. वहीं सबसे तेज झोंका में हवा की गति 55 किमी प्रतिघंटे सिमडेगा में दर्ज किया गया. सबसे अधिक उच्चतम तापमान 29 .0 डिग्री से. जमशेदपुर में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 15 .4 डिग्री से. रांची में दर्ज किया गया.



**तापमान (डिग्री से. में)**

| शहर | उच्चतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.8 | 15.4 |
| जमशेदपुर | 30.2 | 18.8 |
| डालटनगंज | 30.8 | 16.5 |
| बोकारो थर्मल | 29.2 | 17.5 |
| चाईबासा | 28.8 | 15.6 |
| देवघर | 31.3 | 18.1 |
| गिरिडीह | 30.1 | 17.7 |
| गढ़वा | 29.7 | 16.8 |
| लोहरदगा | 26.8 | 16.0 |
| गोड्डा | 31.6 | 8.2 |

CLASSIFIED












राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | मंगलवार 05 मार्च 2024 ● फाल्गुन कृष्ण पक्ष 10 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 317 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




### अमन का दोस्त आशीष उर्फ छोटू वारदात का मास्टरमाइंड, अभी चल रहा है फरार

# अमन सिंह हत्याकांड : शूटर रितेश समेत तीन के खिलाफ चार्जशीट

**संवाददाता। धनबाद**

धनबाद के चर्चित अमन सिंह हत्याकांड में रांची सीआईडी ने शूटर रितेश यादव समेत तीन के खिलाफ चार्जशीट दायर कर दी है. रितेश के अलावा धनबाद जेल में बंद विकास बजरंगी और सतीश उर्फ गांधी के खिलाफ भी सीआईडी के आरोप पत्र दायर किया है. इन तीनों के अलावा आशीष रंजन उर्फ छोटूख्कको सीआईडी ने मुख्य साजिशकर्ता मानते हुए अनुसंधान जारी रखा है. बताते चलें कि यूपी के कुख्यात शूटर अमन सिंह को धनबाद जेल में तीन दिंसबर को गोलियों से छलनी कर दिया गया था. जेल के अस्पताल वार्ड में सो रहे अमन पर 11 गोलियां दागी गई थीं और मौके पर अमन की मौत हो गई थी. इस मामले में जेल की सीसीटीवी फुटेज ने वारदात के हर राज को खोल दिया. पता चला कि यूपी से बुलाए गए शूटर रितेश यादव को जेल में बंद अमन सिंह कह हत्या करने के लिए बुलाया गया था. बाइक चोरी के आरोप में वो जेल गया था और जेल में पहले से बंद विकास बजरंगी और सतीश गांधी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था. हत्या की इस वारदात से पूरे झारखंड में सनसनी फैली, क्योंकि जेल में बंद किसी अपराधी की हत्या करने का यह पहला मामला था. धनबाद जेल के लगभग सारे बड़े अधिकारी व कक्षपाल के खिलाफ सख्त कार्रवाई हुई. धनबाद थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी. फिर इस मामले की जांच की जिम्मेवारी सीआईडी रांची को दी गई.

रांची सीआईडी ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए इस कांड के लिए अमन सिंह के पुराने मित्र आशीष रंजन उर्फ छोटू को मुख्य साजिशकर्ता माना है. इस मामले में रितेश को साजिशन धनबाद बुलाकर जेल पहुंचाने और जेल में पिस्टल की व्यवस्था कराने में उसकी भूमिका मानी जा रही है. सीआईडी ने दो मार्च को चार्जशीट सौंपी है. जांच के दौरान जेल की सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मिले साक्ष्यों को रखते हुए सतीश, विकास और रितेश के खिलाफ अनुसंधान पूर्ण और उनके खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य होने की बात कही है. जबकि आशीष के खिलाफ जांच जारी है. आशीष के नेपाल में होने की बात पुलिस जांच में सामने आई थी. यूपी से आए शूटर रितेश ने भी अपने बयान में कहा था कि आशीष रंजन से मिलने नेपाल गया था.

विकास बजरंगी और सतीश गांधी ने हत्या में रितेश का दिया था साथ, तीनों पर आरोप पत्र दायर






**आशीष ने कबूली थी वारदात में संलिप्तता**

**धनबाद।** धनबाद जेल में अमन की हत्या होने के कुछ घंटे बाद ही आशीष रंजन उर्फ छोटू ने अपना वीडियो धनबाद में वायरल करा दिया था. जिसमें उसने अमन की हत्या की बात कबूली थी. उक्त क्लिप में कहा था कि अमन को वह बड़ा भाई मानता था, लेकिन अमन ने उसके साथ दगा किया था, इस कारण उसे मरवा दिया. कहा कि धनबाद किसी के बाप का नहीं है. कोयले में वो राज करेगा, जो भी बीच में आएगा, उसका ऐसा ही हश्र होगा.

### दुमका में विदेशी युवती से गैंगरेप के बाद राज्य में एक और वारदात

# पलामू में भी आर्केस्ट्रा कलाकार के साथ गैंगरेप, दो गिरफ्तार

**संवाददाता। मेदिनीनगर**

जिले के विश्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत छत्तीसगढ़ की आर्केस्ट्रा कलाकार के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना का मामला सामने आया है. फिलहाल पीड़िता का इलाज अस्पताल में चल रहा है. इधर, घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. गिरफ्तार आरोपियों में पांडू थाना क्षेत्र अंतर्गत कुलिया गांव निवासी अजय कुमार, पिता लखन राम व रेहला थाना क्षेत्र निवासी दीवाना उर्फ बिंदेश्वरी कुमार, पिता मुंद्रिका राम शामिल हैं. बता दें कि इससे पहले शुक्रवार की रात राज्य के दुमका जिले में भी एक विदेशी पर्यटक के साथ गैंगरेप की घटना सामने आई थी. इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि बाकी चार आरोपियों को पुलिस ढूंढ़ रही है.

**हुसैनाबाद आयी थी कार्यक्रम में :** जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ की महिला आर्केस्ट्रा कलाकार का हुसैनाबाद के इलाके में कार्यक्रम तय था. कार्यक्रम की प्रस्तुति के बाद महिला आर्केस्ट्रा कलाकार वापस



लौट रही थी. इसी दौरान उसकी गाड़ी में मौजूद युवाओं ने महिला कलाकार को पहले नशीली चीज खिलाई, उसके बाद उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया. सामूहिक दुष्कर्म के बाद आरोपियों ने महिला कलाकार को रोड पर ही छोड़ दिया. स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी. पीड़िता के होश में आने के बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ. उसने पुलिस को सारी घटना बताई और बिश्रामपुर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. बिश्रामपुर थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने बताया कि इस घटना कांड के दो अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है. उन्होंने यह भी बताया कि आरोपियों ने ही महिला कलाकार को छत्तीसगढ़ से कार्यक्रम के लिए लाया था.

## झारखंड में बिहार, बंगाल और छत्तीसगढ़ से ज्यादा हो रही दुष्कर्म की वारदातें

**सौरभ सिंह। रांची**

झारखंड में हर दिन चार महिलाओं के साथ दुष्कर्म हो रहा है. दुष्कर्म के मामले में झारखंड की स्थिति पड़ोसी राज्यों से बेहद खराब है. एनसीआरबी की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022 में दुष्कर्म की 1298 घटनाएं हुई हैं. यानि झारखंड में हर दिन दुष्कर्म की चार वारदाते हो रही हैं.

**51 वैसी महिलाएं हैं, जिनके साथ एक से अधिक बार दुष्कर्म हुआ :** आंकड़े के मुताबिक राज्य में जिन महिलाओं के साथ दुष्कर्म हुआ, उनमें 184 नाबालिग थीं. पीड़िताओं में 51 के साथ एक से अधिक बार दुष्कर्म किया गया था, जबकि 61 महिलाएं ऐसी हैं, जिनके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई. आरोपियों में 56 पारिवारिक सदस्य थे, जबकि 710 आरोपी पीड़िता के दोस्त, ऑनलाइन फ्रेंड्स या सहयोगी थे. दुष्कर्म के 492 मामलों में आरोपी पारिवारिक मित्र, नियोक्ता और जान-पहचान वाले थे. आरोपियों में सिर्फ 40 ही ऐसे थे, जिन्हें पीड़िता पहचानती नहीं थी.

**पड़ोसी राज्यों में दुष्कर्म की घटनाएं**

| राज्य | दुष्कर्म की घटना | पहचान वाले आरोपी |
|---|---|---|
| झारखंड | 1298 | 96% |
| बिहार | 881 | 95% |
| छत्तीसगढ़ | 1246 | 97% |
| बंगाल | 1111 | 80.2% |
| ओडिशा | 1464 | 99% |
| उत्तरप्रदेश | 3690 | 99.9% |




**किस उम्र की कितनी पीड़िताएं**

| उम्र | पीड़िता की संख्या |
|---|---|
| 12 से 16 वर्ष | 10 |
| 16 से 18 वर्ष | 174 |
| 18 से 30 वर्ष | 903 |
| 30 से 45 वर्ष | 208 |
| 45 से 60 वर्ष | 03 |

### स्पेनिश महिला के साथ गैंगरेप मामले में हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान



**रांची।** झारखंड के दुमका जिला में स्पेनिश मूल की महिला के साथ गैंगरेप की घटना पर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है. अदालत ने इस मामले में राज्य के डीजीपी, मुख्य सचिव और दुमका के एसपी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. अदालत स्वतः संज्ञान पर 7 मार्च को सुनवाई करेगा. हाईकोर्ट ने मीडिया में आयी खबरों के आधार पर संज्ञान लिया है. दरअसल पिछले शुक्रवार को दुमका के हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुरुमाहाट में बाइक टूर पर निकली एक स्पेनिश महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था. स्पेनिश महिला अपने पति के साथ बाइक पर निकली थी. वह दुमका होते हुए भागलपुर की ओर जा रही थी. इसी क्रम में वह हंसडीहा बाजार से पहले एक सुनसान जगह पर रात करीब 12 बजे टेंट लगाकर सो गयी. इसी दौरान आसपास के कुछ युवक वहां पहुंचे और महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया. साथ ही महिला के साथ मारपीट भी की.

### पैसा वापसी के लिए विवाहिता से मारपीट और रेप

**भवनाथपुर।** यहां भी एक विवाहिता से मारपीट कर रेप का मामला प्रकाश में आया है. पीड़िता पटना की है. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है. पीड़िता ने बताया कि कर्ज के पैसे और मोबाइल वापस करने के बहाने बुलाकर अभियुक्त ने जंगल में ले जाकर पहले मारा-पीटा, फिर रेप करके उसे छोड़, फरार हो गया. पीड़िता ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई, तब पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया. पीड़िता ने बताया कि वह पति के साथ सूरत में रहती है. पति की कंपनी में ही आरोपी भी काम करता था. आरोपी सूरत से उसके पति से 45 हजार नकद और मोबाइल लेकर घर आ गया. पति के कहने पर वह नगर ऊंटारी पहुंची थी. वहां से आरोपी उसे जंगल में ले गया. मारपीट की और रेप किया. पुलिस ने पीड़िता की शिकायत केस दर्ज करने के बाद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है.

## ढुल्लू के खिलाफ हाइवा लूट मामले में आरोप का गठन

**संवाददाता। धनबाद**

विधायक ढुल्लू महतो समेत आधा दर्जन के खिलाफ हाइवा लूट और जानलेवा हमला करने के दो अलग-अलग मुकदमो में सोमवार को धनबाद के एमपी-एमएलए के विशेष न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत ने आरोप का गठन किया. अदालत द्वारा पूछे जाने पर सभी आरोपियों ने खुद को निर्दोष बताया और ट्रायल की मांग की.अदालत ने दोनों मामलों में अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश दिया है.

**रिश्तेदार किरण ने दर्ज कराया था मुकदमा :** किरण महतो की शिकायत पर 15 फरवरी 2020 को केदार यादव, रियाज अंसारी, सोनू शर्मा, राजू शर्मा ,बॉबी खान एवं अमजद खान के विरुद्ध लूट, मारपीट व आर्म्स एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया गया था. प्राथमिकी के मुताबिक 15 फरवरी 20 को उसका 4 हाईवा व टीपर केशरगढ साइडिंग में चल रहा था. इसी बीच किरण को सूचना मिली कि ढुलू समर्थक उनकी हाईवा मशीन लूट कर ले जा रहे हैं . किरण ने आरोप लगाया है कि सुभाष महतो के साथ मारपीट कर उसके पॉकेट से 2500 ले लिए गए ,सोनू शर्मा व बॉबी ने बुरे परिणाम की धमकी दी. कतरास थाने में 15 फरवरी को प्राथमिकी दर्ज की गई थी.

**जानलेवा हमले का डोमन ने लगाया था आरोप :** डोमन महतो ने आरोप लगाया है कि 29 अप्रैल 2019 को साढ़े छह बजे वह अपने पिता कन्हाई महतो के साथ मिलकर रामराज मंदिर के समीप अपनी रैयती जमीन पर रोजगार के लिए बांस से दुकान बना रहे थे. तभी ढूलू महतो अपने बॉडीगार्ड के साथ आये और यहां दुकान बनाने से मना किया, गालीगलौज करते हुए कहा कि अगर दुकान बनाएगा तो बाप-बेटा के हाथ पैर तोड़वा कर जान से मार देंगे. शाम 7:00 बजे विधायक व उनके समर्थक फिर आए. अजय गोराई ने जान मारने की नियत से उसका गर्दन पकड़कर गला दबा दिया था. अनुसंधान के बाद पुलिस ने विधायक ढुलू महतो, अजय गोराई, बूढ़ा राय, कृष्णा रविदास उर्फ विनय रविदास एवं बिट्टू सिंह के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था.

**एक मुकदमे में जमानत**



नाजायज मजमा बनाकर गाली गलौज मारपीट करने के एक मामले में सोमवार को बाघमारा विधायक ढुलू महतो ने अदालत में सरेंडर किया. धनबाद एमपी-एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अनुष्का जैन की अदालत ने ढुलू महतो को जमानत पर मुक्त करने का आदेश दिया है. उक्त प्राथमिकी कुंती देवी की शिकायत पर बरोरा थाने में 23 फरवरी 2022 को दर्ज की गई थी. पुलिस ने विधायक ढुलू महतो, प्रेम महतो ,अजय गोरी ,बसंत राय, भोला राय, सुभाष सिंह, दशमी देवी, सुरेश महतो ,नेमोती देवी ,सुरेश साव, गुड्डू महतो, धर्मेंद्र गुप्ता ,कृष्ण रविदास एवं विकास सिंह के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था.



### सीआरपीएफ ने चाईबासा के तुम्बाहाका जंगल में नक्सलियों का बंकर ध्वस्त किया

# रायफल और भारी मात्रा में सामान बरामद

**संवाददाता। किरीबुरु**

घोर नक्सल प्रभावित कोल्हान वन क्षेत्र के तुम्बाहाका जंगल में सीआरपीएफ के जवानों को नक्सलियों के खिलाफ बडी. सफलता मिली.ऑपरेशन सीआरपीएफ 197 बटालियन के कमांडेंट प्रवेश जोहरी एवं एसीप आशुतोष शेखर के आदेशानुसार सहायक कमांडेंट चन्द्र प्रताप तिवारी के नेतृत्व में जवानों ने अभियान शुरू किया. इसी दौरान घने जंगलों में टीम जब पहुंची तो झाड़ियों में छुपा नक्सलियों का बंकर मिला. तलाशी लेने पर नक्सलियों की एक रायफल, 15-20 जूते, ट्रैकसूट, नक्सलियों के कपड़े व भारी मात्रा में रोजमर्रा के सामान मिले. सुरक्षा बलों ने इस बंकर को ध्वस्त कर दिया. तुम्बाहाका व आसपास के जंगल एक करोड़ का इनामी नक्सली नेता मिसिर बेसरा समेत, अनमोल, मोछू,



चमन, कांडे, सागेन आदि की शरणस्थली थे. इस क्षेत्र की पहाड़ियों में नक्सलियों ने दर्जनों बंकर बना रखे हैं. इसमें से कई बंकरों को पहले हीं सीआरपीएफ ने ध्वस्त कर दिया है. बाकी के लिए निरंतर ऑपरेशन जारी है. इसके अलावा इन जंगलों और पहाड़ों को नक्सलियों ने विभिन्न प्रकार के लैंड माइंस, स्पाईक होल व बूबी ट्रैप से भी पाटकर रखा हुआ है, जिससे सीआरपीएफ को ऑपरेशन चलाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा. सीआरपीएफ नक्सलियों का आधार ईलाका को निरंतर सीमित करते जा रही है.

### सनसनीखेज वारदात : बेटियों को जहर देने के बाद खुद के हाथ की नस काटी

# डेंटिस्ट ने 2 बेटियों की हत्या कर की खुदकुशी

**संवाददाता। हजारीबाग**

शहर के एक डेंटिस्ट ने दो बेटियों की हत्या के बाद खुदकुशी कर ली. पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया. मिली जानकारी के मुताबिक, कटकमदाग थाना क्षेत्र के विष्णुपुरी मोहल्ले में रहने वाले डॉ. राजकुमार ने दोनों बेटियों अव्या (8) और अन्वी (5) को जहर खिया दिया. इसके बाद खुद ब्लेड से अपने हाथ की नस काट ली.

मोहल्ले के लोगों से सूचना मिलने के बाद सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची. डॉ. राजकुमार अपने घर के बाथरूम में पड़े मिले. वहां काफी रक्तस्राव हो चुका था. पुलिस ने तीनों को अस्पताल लाया, जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत सभी को मृत घोषित कर दिया. घटना कटकमदाग थाना क्षेत्र का होने के कारण थाना प्रभारी पंकज कुमार को इसकी सूचना दी गई. इसके बाद वह भी दल-बल घटनास्थल पर पहुंचे. पुलिस सूत्रों के अनुसार, पारिवारिक कारणो से डॉक्टर ने इस घटना को अंजाम दिया. बताया जाता है कि डॉ. राजकुमार कटकमसांडी के रहने वाले हैं और नवाबगंज स्थित लक्ष्मी पेट्रोल पंप के सामने झील टावर में डेंटिस्ट की प्रैक्टिस करते थे. वहीं, उनका ससुराल कुम्हार टोली बोरा गोदाम के पास है. ससुराल में किसी बच्चे के जन्म होने के बाद सोमवार को सतइसा का कार्यक्रम था. पत्नी चांदनी देवी और तीनों बच्चे मायके गए हुए थे. इसी बीच सोमवार को ही डॉ. राजकुमार अपने ससुराल पहुंचे और बेटा को पत्नी के पास छोड़ दिया. फिर दोनों बेटियों को लेकर विष्णुपुरी स्थित आवास पर लौट गए. इसके बाद उन्होंने दोनों बेटियों को जहर दे दिया और फिर खुदकुशी कर ली.




पुलिस ने तीनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

### चाय दुकान में घुसा अनियंत्रित ट्रक, 3 लोगों की मौत

**दुमका।** जिले में भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है. यह हादसा सोमवार की सुबह हंसडीहा थाना क्षेत्र के हंसडीहा चौक के पास हुई है. दुर्घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने दुमका-भागलपुर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया. घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि कुछ लोग हंसडीहा चौक के पास एक चाय की दुकान में चाय पी रहे थे. उसी वक्त एक ट्रक दुकान में घुस गया. जिससे चार लोग उसकी चपेट में आ गए. जिनमें तीन लोगों की मौके पर भी मौत हो गई, जबकि एक शख्स गंभीर रूप से घायल हो गया. उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है. हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने दुमका-भागलपुर मार्ग को जाम कर दिया. भारी संख्या में पुलिस वहां पहुंची और लोगों को समझा बुझा कर शांत कराया. कई घंटे बाद जाम हटा.



**नयी खोज** सुरक्षा के रूप में बैंक, कार्यालयों, कारखानों में रोबोट की सेवाएं ली जा सकती हैं

# रांची के हमजा रहमान ने बनाया मानव रूपी सुरक्षा रोबोट 'हेरा'

**रेहान अहमद। रांची**

बैंक, कार्यालयों में सुरक्षा व सतर्कता की व्यवस्था वाकई चुनौतीपूर्ण व जिम्मेदारी वाला कार्य होता है. ऐसे कार्य में अगर कोई सहायक रहे तो फिर काफी राहत मिल सकती है. कुछ ऐसा ही करके दिखाया है राजधानी रांची के चर्च रोड स्थित नाजीर अली लेन में रहने वाले युवा छात्र मो. हमजा रहमान ने. डीपीएस रांची से स्कूली व गुरुनानक स्कूल से 12वीं की शिक्षा ग्रहण करने वाले हमजा ने सिर्फ अपनी मेहनत और दिमाग की मदद से मानव रूपी सुरक्षा रोबोट का निर्माण किया है. इस रोबोट का नाम उन्होंने हेरा रखा है. हेरा



कार्यालयों, बैंकों, कारखानों समेत अन्य संस्थानों व प्रतिष्ठानों में सुरक्षा गार्ड के विकल्प के रूप में काम कर सकती है. हेरा पूरी तरह से रिमोट द्वारा संचालित है व सेंसर द्वारा ऑपरेटर की आवाज को ग्रहण कर उसके अनुसार भी कार्य कर सकती है. वहीं, कार्यालयों व प्रतिष्ठानों में बिना वैध पास के प्रवेश करने वालों को भी रोक लगा सकेगी. यहां तक कि कार्यालय में कोई कर्मी यदि शराब पीकर प्रवेश करने की कोशिश करेगा तो उसे भी चिह्नित कर अंदर जाने से उसे रोक देगी.

### छह महीने में किया तैयार, 50 हजार रुपये हुए खर्च

हमजा रहमान ने बताया कि इस ह्युम्नाइज्ड सिक्योरिटी रोबोट तैयार करने में उसे करीब छह माह की अवधि लगी. इसमें 50 हजार की लागत आई. एक दिन किसी कार्य से एक बैंक के कार्यालय में गया. वहां सुरक्षा व्यवस्था नदारद थी. सुरक्षा गार्ड मौजूद नहीं थे. इसके बाद उनके दिमाग में आया कि वह ऐसा रोबोट बनाएगा, जो सुरक्षा प्रदान करेगा. हमजा बचपन से ही हुनरमंद रहे हैं. इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से लगाव हमेशा से रहा. नई-नई चीजें बनाने का शौक रहा. स्कूली शिक्षा के दौरान भी वह लीजर पीरियड में हमेशा समय का सदुपयोग किया करते थे. इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों व उपकरणों के बारे नई-नई जानकारियां प्राप्त किया करते थे. अब उनका लक्ष्य रोबोट इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त करने की है. उनके पिता खलीउर्रहमान, चाचा बॉलीवुड कलाकार देवेश खान उन्हें इनोवेटिव आइडियाज के लिए प्रेरित करते रहते हैं. साथ ही मां की प्रेरणा और आशीर्वाद से वह इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं.

**देखते ही शराबियों को पकड़ लेगी रोबोट हेरा**

## ब्रीफ खबरें

### बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी दोषी करार

**धनबाद।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के एक मामले में धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने लोयाबाद निवासी प्रदीप बाऊरी को दोषी करार दिया है. अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 5 मार्च की तारीख निर्धारित की है. प्राथमिकी पीड़िता की मां की शिकायत पर लोयाबाद थाने में दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक 5 सितंबर 20 के शाम करीब 7:00 बजे पीड़िता ( उम्र 4 वर्ष ) अपने घर के बाहर खेल रही थी. उसी समय प्रदीप वहां आया पीड़िता को चॉकलेट खिलाने के बहाने बहला फुसला कर जंगल की ओर ले गया.

### फूल विक्रेता के घर से डेढ़ लाख की चोरी

**बराकर।** बराकर के वार्ड 68 के चार जमाली मोहल्ला में बीती रात चोरों ने फूल विक्रेता के आवास में लाखों रुपए की संपत्ति चुरा ली. बताया गया कि बराकर जमाली मोहल्ला निवासी व फूल बिक्रेता मो.सलाउद्दीन के घर से एक लाख रूपये से अधिक के सोने के गहने एवं 40 हजार नगद की चोरी हो गयी. इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में बराकर पुलिस के प्रति रोष व्याप्त है. मो.सलाउद्दीन का बराकर बैगुनिया मोड़ पर फूल की दुकान है.

### कतरास में खदान से मोटर पंप की चोरी

**कतरास।** रविवार की देर रात मोदीडीह कोलियरी के बंद एक दो नंबर भूमिगत खदान में फिर चोरों ने घुसकर मोटर पंप चोरी कर ली. इस बावत कोलियरी प्रबंधक दशरथ सिंह ने लिखित शिकायत जोगता थाना पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है. इधर पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया.दशरथ सिंह ने बताया कि सिजुआ कालोनी में जलापूर्ति को लेकर पंप लगाया गया था. जिसे चोर ले भागे. उक्त पंप की कीमत करीब ढाई लाख रुपए है. पुलिस छानबीन कर रही है.

### मैथन ओपी क्षेत्र में बाइक की चोरी

**मैथन।** मैथन ओपी क्षेत्र के कालीमाटी गांव में दोपहर करीब डेढ़ बजे चोरों ने एक बाइक चोरी कर ली. इस संबंध में बाइक मालिक मुबारक अंसारी ने मैथन ओपी में लिखित शिकायत दर्ज कराई है. मुबारक अंसारी गोविन्दपुर क्षेत्र के जंगलपुर गांव के रहने वाले हैं. वे कालीमाटी गांव के समीप एनएच किनारे अपनी ग्लैमर बाइक ( जेएच 10बीएफ 5864 ) लगाकर वहीं पास में एक मकान के निर्माण कार्य में राजमिस्त्री का काम कर रहे है. दोपहर करीब डेढ़ बजे निर्माणाधीन मकान से बाहर निकले तो बाइक गायब पाई गयी. काफी खोजबीन की गई लेकिन बाइक नहीं मिली.

### भ्रष्टाचार के विरुद्ध भाजपा का धरना

**तोपचांची।** तोपचांची प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में भाजपा ने राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया. धरना प्रदर्शन के दौरान सरकार के विरोध में जम कर नारेबाजी की गई. धरना प्रदर्शन के दौरान टुंडी विधानसभा नेता सह जिप सदस्य प्रतिनिधि हिरामन नायक ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार और लूट मची हुई है. राज्य सरकार राज्य का पहाड़ , कोयला में खुलेआम लूट कर रही है. सरकार से लेकर अधिकारी गरीब जनता के पैसा लुटने में व्यस्त है. जो गलत करेगा उसे जेल जाना होगा.

अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे रैयतों को कांग्रेस नेता जलेश्वर महतो ने दिया समर्थन, कहा-

# बाघमारा विधायक ढुल्लू का अत्याचार चरम पर

संवाददाता। धनबाद



बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के खिलाफ धरना दे रहे चिटाही घाम के आठ परिवारों को कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने अपना समर्थन दिया. सोमवार को जलेश्वर महतो धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पहुंचे और पीड़ित रैयतों से मुलाकात कर सरकार के पास उनकी समस्या पहुंचाने का आश्वासन दिया.इस दौरान उन्होंने बाघमारा विधायक ढुल्लू पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि रैयतों पर बाघमारा विधायक का अत्याचार चरम सीमा को भी पार कर गया है. एक तरफ भाजपा के लोग विधायक चीटाही धाम में राम मंदिर बना कर खुद को राम भक्त कहते हैं और दूसरी ओर रैयतों की जमीन मंदिर के नाम पर हड़पने में लगे हैं. यही नहीं मंदिर के समीप अपनी जमीन पर दुकान कर जीवन यापन कर रहे गरीब परिवार पर भी विधायक लगातार अत्याचार कर रहे हैं. विधायक की इस कुकृत के खिलाफ जल्द ही राज्य सरकार से शिकायत कर पीड़ित परिवारों को इंसाफ दिलाने का काम करूंगा.

धरना पर बैठे पीड़ित सुनीति कुमारी ने कहा कि वह अपनी समस्या को लेकर सोमवार को धनबाद उपायुक्त से मिलने उनके कार्यालय गई थी लेकिन उपायुक्त से मुलाकात नहीं हो पायी. धरना स्थल पर जलेश्वर महतो अपना समर्थन देते हुए हमारी मांगो को सरकार और जिला प्रशासन तक पहुंचाने की बात कही . साथ ही यह भी भरोसा दिया कि वह हमारी मांग जल्द पूरी कराएंगे.

### स्क्रैप के बारे में बात भी नहीं करता : ढुल्लू

मुकदमे के सिलसिले में धनबाद कोर्ट पहुंचे बाघमारा के भाजपा विधायक ढुल्लू महतो ने अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे रैयतों के संबंध में कहा कि जिला प्रशासन और राज्य सरकार हर संभव जांच करे . जांच में दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा . मंदिर परिसर के संबंध में मंदिर कमेटी ही जानती है . इससे हमारा कोई लेना-देना नहीं है . हमारे साथ गंदी राजनीति की जा रही है . हमारा कार्य हमेशा गरीबों की मदद करना है, सताना नहीं . रही बात जलेश्वर महतो द्वारा हमारे पर लगाए गए आरोपों की तो मैं स्क्रैप के बारे में बात भी नहीं करता .

सिर्फ वीआईपी इलाकों में ही होती है फॉगिंग

# डंक मार रहे हैं मच्छर और सोया हुआ है निगम

संवाददाता। धनबाद



मौसम में बदलाव के साथ हीं मच्छर बढ़ गए हैं. मच्छरों के डंक से आम आदमी परेशान है . लेकिन नगर निगम सुस्त पड़ा हुआ है. शहर में मच्छरों के डंक से निजाद दिलाने की जिम्मेदारी नगर निगम की है. लेकिन नगर निगम द्वारा फॉगिंग नहीं कराई जा रही है. जबकि नगर निगम को प्रतिदिन फॉगिंग कराना अनिवार्य है. पिछले दस में नगर निगम द्वारा सिर्फ दो दिन ही फॉगिंग कराई गई है . वह भी वीआइपी जगहों पर ही कराई गई है. 24 फरवरी को उपायुक्त आवास में फॉगिंग कराई गई है . इसके साथ ही वार्ड नं 25 अंतर्गत नेपाल काली मंदिर रोड एवं वार्ड नं 26 में अम्बेडकरनगर में फॉगिंग हुई. इसके बाद 27 फरवरी को वार्ड नं 21 अंतर्गत चंद्रविहार कॉलोनी में फॉगिंग की गई है. 27 के बाद से किसी वार्ड में फॉगिंग नहीं हुई है. कतरास, छाताटांड़, सिंदरी अंचल में महीने में एक दो बार से ज्यादा फॉगिंग नहीं होती है . पूरे नगर निगम क्षेत्र में कई ऐसे इलाके हैं, जहा कभी फॉगिंग हुई ही नहीं है.

**फॉगिंग करने के नियमों का भी नहीं होता पालन :** जिस इलाके में फागिंग होनी है वहां एक दिन पहले मुनादी करना जरूरी है. लोगों को बताना होगा कि जिस दिन फागिंग होगी उस दिन अपने दरवाजे और खिड़की बंद रखें. नालियों, कूड़े के ढेर में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव अनिवार्य है. इसके बाद डीडीटी स्प्रे भी होता है. सिर्फ यही नहीं, सूर्यास्त से पहले और सूर्यास्त के बाद दो बार फागिंग होनी चाहिए. तभी इसका असर रहता है. जिस केमिकल का प्रयोग फागिंग के लिए हो रहा है उसकी लैब टेस्टिंग भी जरूरी है. इसके साथ ही फागिंग में प्रयोग होने वाली मशीन की क्वालिटी जांच भी होनी चाहिए. यह सब भी नहीं हो रहा है.

**खास बातें**

- शहर में हर रोज फॉगिंग करना अनिवार्य है
- सिंदरी अंचल में दो बार से ज्यादा फॉगिंग नहीं होती
- कूड़े कचरे के ढ़ेर में ब्लीचिंग का छिड़काव अनिवार्य हो

### 2 हजार प्रोत्साहन राशि नहीं, चाहिए 5000 मानदेय

**धनबाद।** धनबाद की दर्जनों सहिया ने सोमवार को 5000 मानदेय की मांग को लेकर सिविल सर्जन कार्यालय का घेराव किया और स्वास्थ्य विभाग, सरकार के खिलाफ नरेबाजी की. सहिया का कहना था कि उन्हें कई महीनों से 2 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि मिल रही है. जबकि उनलोगों ने झारखंड सरकार को 5000 रुपये मानदेय के लिए पत्र लिखा था. धनबाद समेत पूरे झारखंड में 42 हजार सहिया है. सभी को 2 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि मिल रही है. उनकी मांग सरकार ने पूरी कर दी है, लेकिन उन्हें मानदेय नहीं मिल रहा है. सिविल सर्जन चंद्र भानु प्रतापन ने कहा कि झारखंड सरकार से उन्हें कोई निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है. वहीं निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि सहिया की मांग काफी पुराना है. उन्हें मानदेय नहीं मिल रहा है. सरकार से इस संबंध में अनुशंसा की गई थी.



### देह व्यापार के मामले में पति-पत्नी को सजा

**धनबाद।** नाबालिग को बहला फुसला कर अगवा करने और उससे जबरन देह व्यापार कराने के एक मामले में धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने नामजद आरोपी सह जोगता निवासी मोहम्मद रिजवान उर्फ बबलू अंसारी एवं उसकी पत्नी चांदनी खातून को बीस वर्ष कैद एवं बीस हजार रुपए जुर्माना का सजा दी है. एक मार्च को अदालत ने उसे दोषी करार दिया था. वारदात की प्राथमिकी पीड़िता की शिकायत पर 28 मई 23 को जोगता थाने में दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक 24 मई 2023 को आरोपी उसकी दुकान पर आए और कहा कि दुल्हन सजावट के काम में चलना है. यह कहकर दोनों उसे ट्रेन से रांची लेकर गए.

### जल्द हत्यारे को खोज फांसी देने की मांग की

**तोपचांची।** सोमवार को लक्ष्मी हत्या कांड के विरुद्ध सैकड़ों महिलाओं ने तोपचांची थाना का घेराव किया. विरोध में उपस्थित महिलाओं ने पुलिस प्रशासन हाय हाय व हत्यारे को फांसी दो का जमकर नारेबाजी की. ज्ञात हो कि तोपचांची थाना क्षेत्र के नेरो पंचायत के रंगाडीह गांव निवासी गुजर महतो के 2 वर्षीय पुत्री लक्ष्मी कुमारी अचानक लापता हो गई थी. लापता के 13 दिन बाद राजगंज थाना क्षेत्र के बरडार जोरिया में लक्ष्मी कुमारी का शव क्षत-विक्षत अवस्था में पाया गया. पुलिस घटना के बाद दो व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. सोमवार को थाना घेराव करने पहुंची महिलाओं ने कहा कि पुलिस अगर सही समय में सही कार्य करती तो आज लक्ष्मी कुमारी की हत्या नहीं होती.

विधायक की अनुसंशा पर निर्माण की स्वीकृति

# महुदा मोड़ में फुटओवर ब्रिज निर्माण का मार्ग प्रशस्त

संवाददाता। महुदा



पंचायत सचिवालय काण्डरा ग्राम एवं महुदा मोड़ के बीच स्थित फॉर लेन सड़क मुख्य मार्ग पर फूट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य कराया जाएगा. इसके लिए बाघमारा के भाजपा विधायक ढुल्लू महतो की अनुशंसा पर विभागीय मंत्री नितिन गडकरी ने अपनी सहमति प्रदान कर दी है. कांड्रा पंचायत सचिवालय कांड्रा में सोमवार को बाघमारा विधायक ढुलू महतो ने पत्रकार वार्ता आयोजित कर जानकारी देते हुए कहा कि काफी दिनों से ग्रामीणों की मांग थी. जिसे पूरा किया जा रहा है. जब भी इस क्षेत्र में घटना दुर्घटना घटती है, लोग जनप्रतिनिधि के पास जाते हैं. वे लोग सांसद सीपी चौधरी एवं हमारे पास समस्या को रखा. हमलोगों ने पत्राचार के माध्यम से इस समस्या को सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के पास रखा. उन्होंने हमारे आग्रह को स्वीकार किया एवं फुटओवर ब्रीज बनाने की स्वीकृति दी. विधायक प्रतिनिधि धनेश्वर महतो ने बताया कि इस फुट ब्रीज के बन जाने से कांड्रा के अलावे दर्जनों गांवों के ग्रामीणों को सहूलियत होगी. आचार संहिता के कारण यह योजना धरातल में उतरने में थोड़ा समय लगेगा. मौके पर मुखिया रिंकु देवी, विधायक प्रतिनिधि धनेश्वर महतो, शिबू महतो, पूर्व जिप सदस्य संतोष कुमार महतो मौजूद थे.

### लोन के नाम पर 21 महिलाओं से ठगी

**धनबाद।** गोविंदपुर की कमल फाइनेंस कंपनी के मैनेजर पर लोन दिलाने के नाम पर 21 महिलाओं से हजारों की ठगी का मामला प्रकाश में आया है. कमल फाइनेंस के मैनेजर मो ताहिर हुसैन ने हर महिला को रोजगार के लिए 50 हजार से लेकर एक-दो लाख रुपये लोन देने का वादा किया था. इसके एवज में हर महिला से 2-2 हजार रुपये लिए गए. चीरागोड़ा हीरापुर की महिला अर्चना श्रीवास्तव ने कहा कि उससे देवघर के गुड्डू यादव ने मुलाकात की और कहा कि उसकी कंपनी बेरोजगार और घर-घर जाकर काम करनेवाली महिलाओं को लोन देने का काम करती है. हालांकि कंपनी उसी महिला को लोन देती है, जो 2 हजार रुपये पहले जमा करती है. उसने 21 महिलाओं से दो-दो हजार रुपये लेकर कंपनी के मैनेजर को 42 हजार रुपये दिया, लेकिन उसने लोन नहीं दिया. जब भी महिलाएं लोन देने की बात करती तो कंपनी का मैनेजर बहाना बनाता है.

एमपीएल में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह शुरू

# सुरक्षित जीवन का सार सुरक्षा में निहित है : सीईओ



संवाददाता। मैथन

एमपीएल में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर सोमवार को सुरक्षा सप्ताह शुरू किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन सीएमओ सर्विसेज डीके गंगवाल ने झंडोत्तोलन कर किया. इसके बाद अधिकारियों एवं कर्मियों ने सुरक्षा की शपथ ली. सुरक्षा गीत एवं नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया. उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए कर्मियों को पुरस्कृत किया गया. सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम इंवारमेंट सोशल गवरनेंस (ईसीजी) विषयक थीम पर आधारित है. मौके पर एमपीएल के सीईओ विजयंत रंजन ने सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि जीवन अमूल्य है. सुरक्षित जीवन का सार सुरक्षा में निहित है. इसलिए जीवन के हर क्षेत्र में सुरक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए. अधिकारियों एवं कर्मियों का आह्वान करते हुए रंजन ने कहा खुद भी सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षा के प्रति जागरुक कर सच्ची मानवता की मिसाल पेश करें.

**आरोप** भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रखंड कार्यालय में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन

# दोहरी नीतियों को जनता पहचान चुकी है: ढुल्लू महतो

संवाददाता। बाघमारा (बरोरा)



जबसे झारखंड प्रदेश में झामुमो के नेतृत्व में सरकार बनी है, चारों ओर खनिज संपदा की लूट मची हुई है. अधिकारी बेलगाम हैं. अपराधी बेखौफ होकर अपराधिक वारदातों को अंजाम दे रहे हैं . उक्त बातें सोमवार को बाघमारा भाजपा द्वारा प्रखंड कार्यालय में आयोजित एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक ढुल्लू महतो ने कही. उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं में घुसखोरी और भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है. पंचायत द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि को अधिकारी नजर अंदाज कर रहे हैं और सरकार के एजेंट बनकर वसूली में मस्त हैं जो कि भारतीय जनता पार्टी और उसके एक-एक कार्यकर्ता कभी बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं. विधायक ने कहा कि जल जंगल जमीन व आदिवासियों की बात करने वाली सरकार की दोहरी नितियों को जनता पहचान चुकी है. आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में ऐसी भ्रष्टाचारी सरकार को जनता उखाड़ फेंकेगी. उन्होंने लोगों से आवाहन करते हुए कहा कि झारखंड को लुटने से बचाएं. निश्चित तौर पर आने वाले दिनों में केंद्र और राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार होगी और झारखंड को लुटने वाले सभी भ्रष्ट और भ्रष्टाचारी पदाधिकारी सलाखों के पीछे होंगे. मौके पर विधायक प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो, मंडल अध्यक्ष बच्चु राय , मंडल महामंत्री बलराम चौहान ,जिला उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो, जिला मंत्री महेश पासवान, कंचन चौरसिया ,संतोष पाण्डेय,अनिल उपाध्याय राजू शर्मा ,नागेश्वर सिंह, मुखिया जीतन भुइया, विनोद महतो, देवानंद साव, फागू महतो, सत्यनारायण पांडे, रणधीर झा, सतीश कुंवर हेमंत रवानी बलराम चौबे ,गोविंद राय गोपाल सिंह कार्तिक महतो ,सुनील चौहान, रत्न चौहान, सुरेश साव, आदर्श गुप्ता अजीत पांडेय, प्रवीण पाण्डेय, विनोद साव, तेकलाल यादव, कालीचरण कुम्हार, संतोष दास, अनिल महतो ,इंदर रविदास ,नितिन शर्मा ,महिला नेत्री गीता सिंह, वीना भारती उपस्थित थी.

**खास बातें**

- चारों ओर खनिज संपदा की लूट मची है
- अपराधी बेखौफ होकर घटनाओं को दे रहे अंजाम

### कोयला चोरों के हमले में सुरक्षा गार्ड घायल

**मैथन।** ईसीएल मुगमा क्षेत्र की राजपुरा कोलियरी में सोमवार की दोपहर कोयला चोरों ने ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा गार्ड सुनील सिंह पर हमला कर कर दिया. घायल सुरक्षा गार्ड के सर व पैर में गहरी चोट है. घटना की सूचना मिलते ही ईसीएल कर्मी मौके पर पहुंचे और घायल को स्थानीय अस्पताल में ले गए. वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें ईसीएल के सांकतोड़िया अस्पताल में रेफर कर दिया. घटना से गुस्साये कर्मियों ने कोलियरी का कामकाज ठप कर दिया. सुरक्षा गार्ड सुनील सिंह ने बताया कि 10-12 की संख्या में चोरों का दल जबरन खदान में घुस गया. मना करने पर उनलोगों ने हमला कर दिया. पत्थर पटक दिया और लात-घूसों से बुरी तरह पीटा.

## न्यूज अपडेट

### महंगाई और बेरोजगारी चरम पर : शत्रुघ्न सिन्हा



**सीतारामपुर।** सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा है कि इस समय देश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है. सिन्हा कुल्टी विधानसभा अंतर्गत लच्छीपुर ब्रह्मचारी मैदान में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए यह बात कही. उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के पद का मैं बहुत सम्मान करता हूं. परंतु देश के प्रधानमंत्री मोदी जी कभी भी महंगाई या बेरोजगारी पर बात नहीं करते हैं. हमारा देश विश्व में सबसे बड़ी युवा संख्या वाला देश हैं. परंतु दुर्भाग्य है कि हमारे 60 प्रतिशत युवा बेरोजगार हैं. ममता दीदी ने मुझे एक बार फिर से आप लोगों के बीच भेजा है. पश्चिम बंगाल में कुल 42 संसदीय सीट हैं. जिसमें मेरा नाम की एक मात्र घोषणा की गई है. दीदी के आदेश को अध्यादेश मानते हुए मैं एक बार फिर आपके समीप पहुंचा हूं.

### मुरलीडीह बाजार में पीसीसी पथ का शिलान्यास



**महुदा।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत मुरलीडीह बाजार में पीसीसी पथ निर्माण के लिए शिलान्यास किया गया. सोमवार को एक समारोह आयोजित कर बाघमारा विधायक प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो एवं मुखिया नंदनी कुमारी ने नारियल फोड़कर व फिता काटकर निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. समारोह को सम्बोधित करते हुए विधायक प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो ने कहा कि विधायक के अनुशंसा पर यह पीसीसी पथ निर्माण किया जा रहा है. ग्रामीणों ने आग्रह किया था कि लोगों को मैन रोड से दामोदर नदी स्थित श्मशान घाट तक आने जाने में काफी कठिनाई होती है. उसे अतिशिघ्र बनाया जाय. बाघमारा विधायक हमेशा आम जनता का ख्याल रखते है. कहीं भी किसी को सहयोग की आवश्यकता होता है.

### हमले में ईसीएल सिक्योरिटी गार्ड घायल



**मैथन।** ईसीएल मुगमा क्षेत्र के राजपुरा कोलियरी खदान में सोमवार के दोपहर करीब दो बजे ड्यूटी के दौरान कोयला चोरों के दल ने सिक्योरिटी गार्ड सुनील सिंह पर जानलेवा हमला किया. जिससे गार्ड श्री सिंह घायल हो गये. सिंह के सर व पैर में चोट लगी है. सूचना पर ईसीएल कर्मी मौके पर पहुंचे. उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया. प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें ईसीएल सांकतोड़िया अस्पताल ( पश्चिम बंगाल ) रेफर कर दिया गया. गुस्साये कर्मियों ने कोलियरी का कामकाज ठप कर दिया. घायल गार्ड श्री सिंह ने कहा कि 10-12 की संख्या में चोरों का दल जबरन खदान में घुस गये. विरोध किया तो चोरों ने हमला बोल दिया. पैर पर पत्थर पटक दिया और लात-घूसों से बुरी तरह पीटा.

### अपर्णा के नेतृत्व में भाजपाइयों ने आक्रोश जताया



**मैथन।** राज्य सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ सोमवार को निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता के नेतृत्व में एग्यारकुण्ड प्रखण्ड कार्यालय के समक्ष भाजपाइयों ने आक्रोश प्रदर्शन व धरना दिया. मौके पर विधायक श्रीमती सेनगुप्ता ने कहा कि राज्य में झामुमो-कांग्रेस-राजद ठगबंधन की सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है. जनता से किए हुए वादे पूरा नहीं कर रही है. गरीबों को लूट रही है. जल जंगल जमीन लूटने में लगी है. प्रखंड हो या थाना सभी जगह भ्रष्टाचार चरम पर है. भाजपा हमेशा भ्रष्टाचार का विरोध करती रही है. प्रखंड के अधिकारियों को चेताया और कहा कि यदि गरीबों की योजनाओं व अबुआ आवास में घपला होगा तो मुख्यमंत्री जेल जायेंगे. जरूरतमंद लोग प्रखण्ड कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं.

### महाप्रबंधक ने ग्रामीणों से की वार्ता



**कतरास।** छाताबाद मेन रोड मे एक सप्ताह से बिजली के पोल से गैस का रिसाव हो रहा है.घटना की सूचना बीसीसीएल प्रबंधन को देने के बावजूद भी अधिकारियों के द्वारा कोई ठोस पहल नही करने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने सोमवार को जीटीएस औटसोर्सिंग का चक्का जाम कर दिया.इस दौरान लोगों ने जमकर बीसीसीएल प्रबंधक के खिलाफ नारेबाजी की . खबर पाकर जिसकी बीसीसीएल एरिया तीन के महाप्रबंधक जी सी सहा एवं प्रोजेक्ट ऑफिसर आदेश कुमार मौके पर पहुंचे और आक्रोशित ग्रामीणों से जानकारी लेकर घटनास्थल निरीक्षण किया साथ ही महाप्रबंधक ने तत्काल समस्या का समाधान करने का आश्वासन लोगों को दी जिसके बाद आक्रोशित लोगों शांत हुए.

### बंगले में तैनात रेलवे कर्मी ने लगाई फांसी



**धनबाद।** धनबाद रेल मंडल के सीनियर डीओएम के बंगले में कार्यरत गेटमैन पवन कुमार राउत ने रविवार की देर रात फांसी लगाकर जान दे दी. पुलिस ने सोमवार को शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा.गेटमैन की पत्नी गुड़िया राउत ने बताया कि पति कर्जे में थे. वह सूदखोरों के चंगुल में फंसे हुए थे, कुछ दिन पूर्व ही एक व्यक्ति को एक लाख रुपये अदा किया था, लेकिन अभी भी कुछ रकम को लेकर उनको फोन पर धमकी दी जा रही थी. इसी से परेशान होकर पति ने आत्महत्या कर ली. पत्नी गुड़िया राउत ने बताया कि पति पवन कुमार रविवार को दिन के तीन बजे तेतुलतल्ला स्थित आवास से ड्यूटी के लिए पूजा टॉकिज के पास रेलवे कॉलोनी के लिए निकले थे. शाम में उनसे फोन पर बातचीत हुई थी. इसके बाद से उनका फोन बंद आने लगे. जिससे घर के लोग परेशान हो गए.

### झारखंड सरकार के खिलाफ भाजपा का धरना



**निरसा।** झारखंड सरकार के खिलाफ भाजपा द्वारा सोमवार को निरसा व केलियासोल प्रखंड कार्यालय के समीप धरना प्रदर्शन किया गया. निरसा प्रखंड कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व झारखंड के प्रदेश मंत्री गणेश मिश्रा कर रहे थे. मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार और लूट खसोट चरम सीमा पर है. लोगों को विकास के किरणों से कोसों दूर रखा गया है. झारखंड में मंत्री से लेकर संतरी तक भ्रष्टाचार की गंगोत्री में डुबकी लगा रहे हैं. वहीं आम जनता परेशान है. वहीं सरकार की क्रियाकलापों से अजीज आकर झारखंड के युवाओं को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों को पलायन करना पड़ रहा है. सरकार की विफलता को लेकर हम जनता के पास जाकर आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेंगे.

### सुनील सिंह ने जिला पीआरओ का पदभार संभाला



**धनबाद।** सुनील कुमार सिंह ने आज जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, धनबाद के रूप में पदभार ग्रहण किया. सुनील सिंह झारखंड सूचना सेवा के चतुर्थ बैच के अधिकारी हैं. इससे पहले वो सरायकेला खरसावां में जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी के रूप में कार्यरत थें. उन्होंने कहा कि जिला में पदाधिकारियों के साथ आपसी समन्वय व सामंजस्य स्थापित करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की सूचना समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जायेगा. इस दौरान जिला जनसम्पर्क कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे.

## ब्रीफ खबरें

### बरहेट के युवक की ट्रेन से गिरने से मौत

**साहिबगंज।** बरहेट थाना क्षेत्र के बाबूपुर गांव के एक युवक बरहेट से गुजरात जाने के क्रम में रेलगाड़ी से गिरकर मौत हो गई. युवक का नाम सत्काम केवट (26 वर्षीय) है. वह बाबूपुर गांव का रहने वाला था. वहीं परिजनों ने बताया कि पिछले सप्ताह गांव के लोगों के साथ गुजरात मजदूरी करने के लिए गया था. वहीं सतकाम केवट का शव गुजरात पहुंचने के पूर्व राजकोट समीप रेल पटरी के किनारे मिली, आरपीएफ जवानों की मदद से उसे सरकारी अस्पतालों पहुंचाया, लेकिन अस्पताल पहुंचने के पूर्व ही युवक की मौत हो चुकी थी.

### धारदार हथियार से अपना गला रेत लिया

**साहिबगंज।** तालझारी प्रखंड राजमहल थाना क्षेत्र के खुटेरी पंचायत के सबडारा फाटक गांव में एक व्यक्ति धार-दार हथियार से अपना गला रेत लेने का मामला प्रकाश में आया है. जिसके कारण उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है. पिता संझला मुर्मू साकीम -सबडारा कल्याणचक राजमहल एवं उसके रिश्तेदार ताला हेंब्रम ने बताया कि सोमवार सुबह लगभग 8 बजे मानसिक रूप से विक्षिप्त बाबूजी मुर्मू (25) धारदार हथियार से अपना गला रेत लिया. परिजन द्वारा तुरंत इसकी सूचना खुटहरी पंचायत के मुखिया मसी टुड्डू को दी गई.

### कॉलेज में एथलेटिक मीट का आयोजन

**धनबार (गिरिडीह)।** आदर्श कॉलेज राजधनवार में एथलेटिक मीट "उत्साह 2024" का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का प्रारंभ प्राचार्य प्रो डॉ बिमल कुमार मिश्र द्वारा फीता काटकर किया. इस अवसर प्राचार्य ने कहा खेल से शारीरिक एवम मानसिक विकास होता है. खेल मनुष्य के जीवन का अभिन्न अंग हैं. महाविद्यालय में इस तरह के आयोजन होने से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में मदद मिलेगी. न्यू एजुकेशन पॉलिसी में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए एक पेपर "योगा एंड स्पोर्ट्स एजूकेशन" के रूप में पढ़ाया जा रहा है.

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

निमियाघाट (गिरिडीह)। निमियाघाट थाना के हेठनगर के समीप जीटी रोड पर सड़क दुर्घटना में एक बाईक सवार की मौत हो गयी और एक घायल हो गया. सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की कब्जे में कर थाना ले गयी. वहीं घायल का डुमरी रेफरल अस्पताल में इलाज किया गया. घटना के संबंध में बताया जाता है कि बरही निवासी मो मकसूद और मो. जावेद बाईक से धनबाद की ओर जा रहे थे. इसी दौरान उक्त स्थान पर बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी. इस दुर्घटना में मो. मकसूद 24 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गयी.

### महोत्सव में बोकारो के 80 प्रतिभागी शामिल

**बोकारो ।** डिजिटल एम्पावरमेंट फाउंडेशन के तत्वावधान में कोलकाता में आयोजित दो दिवसीय ग्रामीण उद्यमिता और डिजिटल सशक्तीकरण महोत्सव (आरईईएफ) में बोकारो जिले के कसमार, पेटरवार, जरीडीह, चास एवं चंदनकियारी प्रखंड से 80 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. सोमवार को सभी वापस लौटे. यह आयोजन 2 से 3 मार्च को विवेकानंद सेवा केंद्र एवं शिशु उद्यान कोलकाता में आयोजित हुआ था. इस महोत्सव में झारखंड राज्य के विभिन्न जिले से प्रतिभागी शामिल हुए.

# हर रात दो सौ से अधिक गाड़ियों का होता है परिचालन

**संवाददाता। गोड्डा**



अवैध रूप से चलने वाली गाड़ियों की वजह से दुर्घटनाएं होती रहती है. बीती रात दुर्घटना होने से दो गाड़ियां ग्रामीण के घरों की दीवार को तोड़ती अंदर जा धंसी. चार ट्रक और हाइवा गाड़ियां जाम में फंसी रही. हालांकि इस घटना में आर्थिक नुकसान के अलावा जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ. घटना बीती रात करीब दो बजे ललमटिया थाना अंतर्गत ग्राम कुसुमघाटी की है. हल्की हल्की बारिश हो रही थी. संकरे सड़क पर एक हाइवा और एक एलपी ट्रक अनियंत्रित होकर दीवार को तोड़ती हुई अंदर तक जा धंसी. इस घटना से एक टोटो गाड़ी तथा घर की दीवारें क्षतिग्रस्त हो गई. सुबह ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और हो हंगामा शुरू हो गया. उन लोगों ने सड़क जाम कर दिया.फिर पुलिस जाम स्थल पर पहुंची और ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम तुड़वाया. क्षतिग्रस्त हुए मकान का मुआवजा क्षतिग्रस्त ऑटो रिक्शा के लिए मलिक को एक लाख पचास हजार सहायता के रूप में दिया गया. इसके बाद ग्रामीणों ने जाम हटा लिया.

**खास बातें**

- अंधेरे में गिट्टी लदे हुए दो हाइवा घर में घुसे
- कारोबार में ऊपर से नीचे तक सबका हिस्सा बनता है

**घोटाला सामने आने के बाद भी नहीं थमा कारोबार**

राष्ट्रीय स्तर पर अवैध रूप से माइनिंग कर अरबों रुपए का गिट्टी का अवैध कारोबार होने का मामला सामने आने के बाद भी यह कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है. हर रात इस ग्रामीण रास्ते से दो सौ से अधिक अवैध रूप से गिट्टी लदे गाड़ियों का परिचालन किया जाता है. इसमें लाखों रुपए की वसूली होती है. जिसका बंटवारा ऊपर से नीचे तक सभी अधिकारियों और सफेदपोश नेताओं तक बराबर बराबर पहुंच जाता है. इस कारोबार को रोकने की दिलचस्पी किसी में नहीं है. कुछ हलचल होने पर एक दो मामला दिखा दिया जाता है और फिर सबकुछ सामान्य हो जाता है. पड़ोसी जिला साहेबगंज और पाकुड़ के अलावा गोड्डा के खदानों से निकलने वाली गाड़ियां इसी रास्ते से बिहार की सीमा में प्रवेश करती है. इस क्षेत्र की पुलिस और माइनिंग विभाग के बीच अच्छी ट्यूनिंग होती है. बीच बीच में कुछ गाड़ियों को पकड़ने के बाद अपनी जेब भरने के बाद सेटिंग कर विभाग के खाते में भी कुछ रेवेन्यू जमा कराकर अवैध को वैध करार दिया जाता है. इस कारोबार से जुड़े सरकारी लोगों की आर्थिक जांच अगर केंद्रीय एजेंसी से कराई जाए तो बड़ा मामला सामने आ सकता है.

# कल्पना सोरेन ने की मधुबन मांझी थान में पूजा-अर्चना



**पीरटांड़ संवाददाता।**

पीरटांड़ प्रखंड के पारसनाथ पर्वत पर स्थित मांझी थान में सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने पूजा अर्चना की. कल्पना सोरेन ने पूजा कर अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत की. मधुबन स्थित मांझी थान में पूजा करने के दौरान कल्पना सोरेन के साथ मंत्री बेबी देवी, गिरीडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू सहित कई झामुमो के नेता उपस्थित थे. सभी ने मांझी थान में पुजारियों की उपस्थिति में पूजा अर्चना की. अपने भगवान से राज्य और अपने राजनीतिक जीवन की बेहतर कामना की. जिसके बाद उन्होंने मधुबन स्थित भोमिया सफबाबा की पूजा अर्चना की.

## राज्य में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा ने दिया धरना

# अबुआ आवास के नाम पर लाभुकों से वसूली बंद हो

**संवाददाता। धनवार (गिरिडीह)**

धनवार प्रखंड मुख्यालय में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी की एक दिवसीय धरना दिया गया. जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष उत्तम गुप्ता ने की. मंच का संचालन डोरंडा मंडल अध्यक्ष प्रद्युम्न वर्मा ने किया. राज्य में फैली भ्रष्टाचार के खिलाफ राज्य सरकार के विरोध में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रखंड परिसर में जमकर हल्ला बोला. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा कि आबूवा आवास के नाम पर लाभुको से वसूली बंद करे,कहा की जेएससीसी द्वारा आयोजित परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक की सीबीआई जांच हो,

**राज्यपाल के नाम एक आठ सूत्री मांग पत्र सौंपा :** सांसद प्रतिनिधि उदय सिंह ने कहा कि सम्पूर्ण राज्य समेत धनवार प्रखंड में भारतीय जनता पार्टी की एक दिवसीय धरना दिया गया. धरना के माध्यम से राज्य में फैली जन समस्या निदान दिलाने के लिए धरना के माध्यम से राज्य के सरकार के कानो तक आवाज पहुंचने के लिए धरना दिया गया और एक शिष्ट मंडल ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को राज्यपाल के नाम एक आठ सूत्री मांग पत्र सौंपा और राज्य में फैली भ्रष्टाचार को खत्म करने की मांग की.



**भाजपा ने किया धरना प्रदर्शन, राज्य सरकार को भ्रष्ट नीतियों पर घेरा**

**बेंगाबाद (गिरिडीह) ।** राज्य सरकार की भ्रष्ट नीतियों और राज्य में गिरती कानून व्यवस्था के खिलाफ सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर बेंगाबाद प्रखंड मुख्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया. बेंगाबाद मंडल अध्यक्ष शिवपूजन राम के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम के तहत पहले रैली निकाली गई. बेंगाबाद बाजार का भ्रमण करते हुए रैली प्रखंड मुख्यालय पहुंची, जहां तीन सूत्री मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया. कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी, भाजपा नेता दिलीप वर्मा, बेंगाबाद के पूर्व प्रमुख रामप्रसाद यादव, राजेश पोद्दार, राम रतन राम समेत अन्य लोग शामिल हुए. कार्यक्रम के माध्यम से भाजपा नेताओं ने राज्य सरकार भी भ्रष्ट नीतियों और गिरती कानून व्यवस्था के खिलाफ विरोध जताया और राज्यपाल के नाम बीडीओ कार्यालय में ज्ञापन सौंपा.

**कानून व्यवस्था चौपट :** मौके पर भाजपा नेताओं ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था चौपट हो चुकी है. लूट, हत्या और बलात्कार जैसी घटनाओं में लगातार इजाफा हुआ है. भ्रस्टाचार का ये आलम है कि मुख्यमंत्री होते हुए भी राज्य के भ्रष्ट मुखिया को जेल जाना पड़ गया. कहा कि सरकार राज्य की खनिज संपदा को लूट-लुटवा कर अपना तिजोरी भरने का काम कर रही है. गरीबों के लिए अबुआ आवास योजना भी भ्रस्टाचार की भेंट चढ़ गई है. अबुआ आवास के नाम पर ब्लॉक स्तर पर वसूली की जा रही है. सरकार राज्य के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है. प्रतियोगी परीक्षाओं का प्रश्न पत्र लीक हो रहा है जिससे अभ्यर्थियों के भविष्य पर खतरा मंडरा रहा है. कहा गया कि भारतीय जनता पार्टी इन सब चीज़ों को बर्दाश्त नहीं करेगी. नेताओं ने आम अवाम से राज्य से भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने की अपील की.

**पैसा दो और आवास लो :** भाजपा के वरिष्ठ नेता अभिमन्यु शर्मा ने कहा कि अबुआ आवास पैसा दो और आवास लो, वाली योजना बन कर रह गई है. मौके पर प्रवीण सिंह, शैलजा प्रसाद सिंह, सुनील अग्रवाल, उदय सिंह, नकुल राय, विनोद शर्मा, राजेंद्र यादव, राजू पांडे, अभिमन्यु शर्मा महेश राय, चंद्रशेखर यादव , कृष्णदेव रजक, उत्तम गुप्ता सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा का कार्यालय के समक्ष धरना

**संवाददात। बोकारो**

बोकारो जिले के चंद्रपुरा प्रखंड कार्यालय पर भाजपा के द्वारा प्रस्तावित भ्रष्टाचार के खिलाफ एक दिवसीय धरना दिया गया. इस दौरान आयोजित कार्यक्रम के तहत रविवार को सिद्धू कान्हू चौक स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भाजपा कार्यकर्ता प्रखंड कार्यालय मुख्यालय तक जुलूस की शक्ल में पहुंचे, जहां जुलूस धरना में तब्दील हो गया. इस दौरान सभा को संबोधित करते बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल ने कहा कि झारखंड की वर्तमान झामुमो गठबंधन की सरकार कोयले के अवैध कारोबार और ठेकेदारी के नाम पर बेरोजगारी नियुक्ति घोटाला जैसे भ्रष्टाचार मे लिप्त है. ऐसी सरकार जिसके मुखिया भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद हैं, उस सरकार से विकास की बातें करना भी बेमानी होगी. जनता देख रही है कि रघुवर दास की सरकार और हेमंत सरकार में कितना अंतर है. स्थानीय विधायक की बात करें तो इनके कारनामे में जग जाहिर है. क्षेत्र में भाई भतीजावाद, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार का बोलबाला है. इसी के खिलाफ दिवसीय धरना देकर अंचल अधिकारी के हाथों राज्यपाल के नाम ज्ञापन देकर महामहिम से राज्य की भ्रष्टाचारी सरकार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गयी.

### महाशिवरात्रि पर होगा समारोह का आयोजन

**पाकुड़।** सत्य सनातन संस्था की बैठक बीते रविवार देर शाम को नगर के अन्नपूर्णा कॉलोनी स्थित मंदिर प्रांगण में राष्ट्रीय अध्यक्ष रंजित कुमार चौबे की अध्यक्षता में हुई, जिसमें सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि संस्था प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी महाशिवरात्रि में पुराना अस्पताल चौक में भोले बाबा के बरातियों के लिए शरबत का वितरण करेगी. संस्था प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी होली मिलन समारोह शहरकोल में 22 मार्च की शाम 04 बजे होली मिलन आयोजन करेगी, जिसमें ठंडई, पुआ और चाट की व्यवस्था की जाएगी. चौबे ने यह भी कहा कि होलिका दहन के कार्यकर्म में 23 मार्च को माइकिंग के माध्यम से लोगों को जानकारी दी जाएगी.

## इस्टर्न इंडिया सीमेंट में मजदूरों को निकालने से नाराजगी बढ़ी

# मजदूर बहाल हों,नहीं तो चक्का जाम : सचिन

**संवाददाता। बोकारो**



बोकारो औद्योगिक क्षेत्र फेज फोर स्थित इस्टर्न इंडिया सीमेंट प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा 29 स्थानीय मजदूरों को काम से बेदखल कर देने से स्थानीय मजदूरों में कंपनी के खिलाफ आक्रोश बढ़ता जा रहा है. इसको लेकर आजसू पार्टी ने मोर्चा बंदी शुरू कर दी है. पार्टी के जिलाध्यक्ष सचिन महतो ने सोमवार को सभी मजदूरों के साथ कंपनी पहुंचे. जहां मानव संसाधन अधिकारी अमित राय से वार्ता कर 2 दिनों के अंदर मजदूरों को पुनः बहाल करने की बात कही. ऐसा नहीं होने पर कंपनी प्रबंधन को खामियाजा भुगतने को तैयार रहने को कहा. कहा गया कि समय रहते स्थानीय मजदूरों के साथ प्रबंधन न्याय नहीं करता है तो आजसू पार्टी कम्पनी का चक्का जाम करेगी.

जिलाध्यक्ष सचिन महतो ने कहा कि स्थानीय मजदूरों का शोषण हो रहा है, जिसे पार्टी कभी बर्दाश्त नहीं करेगी. पूर्व में भी स्थानीय लोगों के अनदेखी करने के कारण कई कंपनियां बंद हुई है. आगे भी अन्याय करने वालों का हूड़का जाम किया जायेगा. इस दौरान छात्र संघ जिला अध्यक्ष तपेश महतो, वार्ड सदस्य ओम नाथ ओझा, रमेश सिंह, सर्वजीत पांडेय, चंडी पांडेय, नवीन सिंह, सिट्टू पांडेय सहित अन्य युवा उपस्थित थे.

# घर के बाहर बने गड्ढे में गिरने से तीन वर्षीय बच्चे की मौत



**संवाददाता। गोड्डा**

घर के बाहर चापकल के पास पानी से भरे गड्ढे में गिरने से तीन वर्षीय बालक की मौत हो गई. घटना मुफ्फसिल थाना अंतर्गत ग्राम दलदली की है. दोपहर बाद गांव के शत्रुघन गोस्वामी का तीन वर्षिय पुत्र कुछ सामान लाने के लिए चांदनी चौक स्थित दुकान पर गया हुआ था. समान लेकर घर वापसी के क्रम में ओम प्रकाश साह के घर के सामने चपाकल का गंदा पानी जमा करने के लिए एक छोटा सा गड्ढा बना हुआ था जिसमें पानी भरा हुआ था. इसी गड्ढे में बच्चा फिसल कर गिर गया. जिसे कोई देख नहीं पाया. घंटों इंतजार के बाद जब बच्चा वापस घर नहीं आया तब खोजबीन की जाने लगी. इसी क्रम में बच्चों का शव गड्ढे में तिरता हुआ दिखाई पड़ा. इस पर आनन फानन में बच्चे को पानी से बाहर निकाल कर अस्पताल ले जाया गया मगर तब तक उसकी मौत हो चुकी थी. घटना की जानकारी के बाद घर में मातम पसर गया. गांव वाले भी इस घटना को लेकर ओम प्रकाश साह को कोस रहे थे कि उन्होंने गड्ढे को सुरक्षित क्यों नहीं घेरवा दिया था. मामले की जानकारी पर मुफस्सिल थाने की पुलिस ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर आवश्यक पड़ताल की.

## डीसी ने दूरसंचार पदाधिकारियों के साथ की बैठक की, कहा

# जहां कनेक्टिविटि नहीं उसकी सूची दें

**संवाददाता। बोकारो**

बोकारो समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त विजया जाधव ने सोमवार को जिला दूर संचार समिति की बैठक की. बैठक में अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, विभिन्न नेटवर्क प्रदात्ता कंपनी के प्रतिनिधियों, सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, सहायक नगर आयुक्त चास, कार्यपालक पदाधिकारी फुसरो नप एवं अन्य समिति सदस्य उपस्थित थे. बैठक में उपायुक्त ने जिले में अधिष्ठापित विभिन्न मोबाइल टावरों की भूमि संबंधित विस्तृत विवरणी संबंधित एजेंसियों की समिति को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया. वहीं, डीटीसी के द्वारा अनुसंशित टावरों की भूमि सत्यापन का प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं कराएं जाने को लेकर समिति ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी अंचलाधिकारियों को 2 दिनों में भूमि का सत्यापन प्रतिवेदन जिला को समर्पित करने को कहा.



**प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश**

बैठक में चास नगर निगम क्षेत्र में निजी घरों के छतों में अधिष्ठापित मोबाइल टावर की सूची जमा करने का भी निर्देश दिया. नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त एवं भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को उपायुक्त ने भवनों की क्षमता एवं वर्तमान स्थिति का आंकलन कर समिति की अगली बैठक में प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया. साथ ही इसकी अनुमति प्राप्त की गई है या नहीं इसकी जांच करने का निर्देश दिया. इस दौरान सभी बीडीओ को वैसे क्षेत्रों की सूची अविलंब समर्पित करने को कहा गया जहां किसी भी तरह का नेटवर्क कनेक्टिविटी नहीं है. उन्होंने बैठक में उपस्थित सरकारी एवं निजी मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध कराने वाली कंपनियों की सूची प्राप्त होने पर इस दिशा में अविलंब सकारात्मक पहल करने का निर्देश दिया. वहीं, बैठक में जिन कंपनियों के मोबाइल टावर लगाने से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे, उनके प्रतिनिधि बैठक में अनुपस्थित रहने पर उन मामलों पर कोई सुनवाई नहीं की गई.

# मोदी की नीतियों से हो रहा है गांवों का विकास : कुमार अमित

**संवाददाता। बोकारो**

भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने पार्टी के गाँव चलो अभियान और लाभार्थी सम्पर्क अभियान के तहत रविवार को चास प्रखण्ड के पिण्ड्राजोरा गांव में केन्द्रीय योजना के लाभार्थियों से जनसंपर्क किया. इस दौरान कुमार अमित ने इस गाँव के घर-घर जाकर लोगों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश के साथ-साथ केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को बताया. उन्होंने ग्रामवासी लाभार्थियों से उनके परिवार को किन किन योजना का लाभ मिला है, यह भी जाना और मोदी सरकार के समर्थन में इन लोगों से मिस्ड कॉल भी करवायी. उन्होंने लाभार्थियों के दरवाजे पर पार्टी का स्टिकर भी चिपकाया. लाभार्थियों ने अमित को इन योजनाओं की विशेषता के साथ-साथ योजना को और सरल बनाने सम्बंधित अनेक सुझाव भी दिए. अमित ने गाँव के लाभार्थियों से कहा कि प्रधानमंत्री की जन कल्याणकारी नीतियों और कार्यों के कारण आज गाँव के लोगों का जीवन पहले से सरल हुआ है. इन नीतियों के कारण हीं आगामी वर्षों में भारत विकसित गाँवों का देश बनेगा. अमित ने लोगों से गांव की अन्य समस्याओं को भी जाना और आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देने की अपील भी की.



**बोकारो**

## डीडीसी ने टोटो रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# टोटो रैली निकाल मतदाताओं को किया गया जागरूक

**संवाददाता। बोकारो**

लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से स्वीप के तहत टोटो रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया गया. समाहरणालय परिसर से उप विकास आयुक्त संदीप कुमार, डीपीएलआर मेनका, स्वीप के नोडल पदाधिकारी प्रभाष दत्ता ने संयुक्त रूप से टोटो रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. इससे पूर्व सभी पदाधिकारियों ने टोटो एवं अन्य वाहनों में मतदाता जागरूकता से संबंधित चुनाव का पर्व देश का गर्व स्टीकर को चस्पा किया. रैली में शामिल जेएसएलपीएस की सखी दीदीओं ने मतदाता जागरूकता नारे " छोड़ के अपने सारे काम,पहले करें मतदान, आओ सब मिलकर गाएं, हम देने वोट जरूर जाएं, प्रजातंत्र से नाता है, भारत के मतदाता हैं, आओ मिलकर अलख जगाएं शत प्रतिशत मतदान कराएं, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है " लगाकर क्षेत्र के लोगों को मतदान के प्रति प्रोत्साहित किया.



**ये थे उपस्थित :** मौके पर जिला पशु पालन पदाधिकारी डॉ मनोज मणि, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, जेएसएलपीएस के डीपीएम प्रकाश रंजन, एनआरएच के डीपीएम प्रदीप कुमार, डीएमएफटी के अभय कुमार समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे.

**चुनाव का पर्व-देश का गर्व**

मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार ने कहा कि आसन्न लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार स्वीप कोषांग द्वारा लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है. इसी क्रम में सोमवार को समाहरणालय परिसर से टोटो रैली एवं मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया. सभी टोटो पर चुनाव का पर्व – देश का गर्व, मतदान आवश्य करें संबंधित संदेश का बोर्ड एवं स्टीकर चस्पा किया गया. मौके पर डीपीएलआर मेनका एवं स्वीप के नोडल पदाधिकारी सह डीसीएलआर प्रभाष दत्ता ने कहा कि मतदान करना हमारा संवैधानिक अधिकार है. मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान करना जरूरी है.

## 13 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

# प्रशिक्षण का लाभ उठाकर व्यवसाय शुरू करें

**संवाददाता। पाकुड़**

ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आर सिटी भारतीय स्टेट बैंक पाकुड़ की ओर से 13 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ. प्रशिक्षण प्राप्त 33 महिलाओं को जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस पाकुड़ निशिकांत नीरज,निदेशक आरसेटी कृष्णा दास, वरिष्ठ संकाय सह कार्यक्रम समन्वयक आरसेटी पाकुड़ अमित कुमार बर्धन ने संयुक्त रुप से प्रमाणपत्र दिए. कृष्णा दास ने सभी को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी.निशिकांत नीरज ने जेएसएलपीएस द्वारा संचालित की जाने वाली विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी. उन्होंने प्रशिक्षण का लाभ उठाकर व्यवसाय शुरू करने की अपील की.



**आर्थिक समृद्धि जरूरी :** सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए अमित कुमार बर्धन ने कहा कि जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आर्थिक रूप से समृद्धि जरूरी है. उद्यमिता विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत दीदियों को सर्फ, साबुन, फिनएल, डिटर्जेंट, डिश वाश, शैम्पू, हैंडवाश आदि का प्रशिक्षण दिया गया है. इसके अलावा प्रोजेक्ट रिपोर्ट, बैंकिंग, बीमा आदि के संबंध मे विस्तार से बताया गया. आरसेटी द्वारा ऐसे कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं जो ग्रामीण बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाता हैं. प्रशिक्षुओं को अगले दो साल तक फॉलो अप किया जाएगा ताकि आत्मनिर्भर बनने में होने वाली समस्याओं का निराकरण किया जा सके.

भाजपा के धरना में सूबे की सरकार पर जमकर बरसे भाजपाई, राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंप बर्खास्तगी की मांग

# भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है राज्य सरकार : रंजीत कुमार सिन्हा

संवाददाता। विष्णुगढ़



पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत भाजपा ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में सोमवार को एकदिवसीय धरना दिया. इसमें विष्णुगढ़ के दोनों मंडलों के कार्यकर्ता शामिल हुए. प्रभारी रंजीत कुमार सिन्हा तथा सह प्रभारी सुरेश प्रसाद ने सूबे की झामुमो नीत गठबंधन सरकार पर जमकर निशाना साधा. कार्यक्रम की अध्यक्षता पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल तथा संचालन पूर्वी मंडल अध्यक्ष नारायण महतो ने किया.

प्रभारी ने मौजूदा सरकार को भ्रष्ट बताते हुए कहा कि सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है. झारखंड की खनिज संपदाओं की लूट मची है. सरकारी कार्यालयों में बिना रिश्वत कोई काम नहीं होता है. सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जमीन घोटाला के आरोप में जेल में बंद हैं. वहीं, सह प्रभारी सुरेश प्रसाद ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार सत्ता में आने के बाद जनता से किये वादे भूल गई. हर साल पांच लाख युवाओं को नौकरी, तीन लाख का आवास, गैरमजरूआ भूमि पर काबिज लोगों को रसीद निर्गत करने, बेराजगारी भत्ता देने समेत कई वादे किये गए थे, मगर एक भी वादा पूरा नहीं हुआ.

**साधा निशाना**

- खनिज संपदाओं की मची है लूट, पूर्व सीएम जेल में बंद
- जनता से किए एक भी वादे पूरा नहीं करने का आरोप

धरना प्रदर्शन के बाद एक प्रतिनिधिमंडल ने बीडीओ अखिलेख कुमार को राज्यपाल के नाम का ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में वर्तमान झारखंड सरकार को अविलंब बर्खास्त कर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की गई है.

धरना में सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद, सुशील कुमार मंडल, पूर्व मंडल अध्यक्ष डोमन प्रसाद गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष महादेव मंडल, उमा देवी, महामंत्री प्रकाश साव, मंत्री निर्मल कुमार, राजेश सोनी, जीवन सोनी, संतोष कुमार महतो, महेंद्र कुमार महतो, अंजू देवी, सविता देवी, सोनी देवी, ममता देवी, मुन्नीलाल महतो, गोविंद महतो, तुलसी सिंह, नागेश्वर महतो, कौलेश्वर महतो, फूलचंद महतो, वासुदेव महतो, अशोक मंडल, कन्हाई यादव, नीतीश कुमार बर्णवाल, सुनील कुमार मिश्रा, अनुप कसेरा, डब्लू सोनी, सुखदेव मंडल, सुरेश मंडल, सुरेश कुमार दास, टेकलाल राम, छोटू सोनार, रामधन माली समेत अन्य शामिल थे.

# पुनः बहाली की मांग को लेकर पोषण सखियों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता। कोडरमा

पोषण सखी समन्वय समिति के बैनर तले पूर्व में कार्यरत पोषण सखियों ने सोमवार को समाहरणालय गेट के समक्ष प्रदर्शन किया. इस दौरान नारेबाजी करते हुए पुनः बहाली की मांग की. वहीं, डीसी कार्यालय में मुख्यमंत्री के नाम मांगों से संबंधित ज्ञापन भी दिया गया. पोषण सखी संघ की जिलाध्यक्ष गायत्री पासवान की अध्यक्षता में सभा हुई.

इस दौरान सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि पिछले दिनों कुपोषण मिटाओ अभियान के तहत झारखंड के 6 जिले चतरा, धनबाद, दुमका, गोड्डा, गिरिडीह और कोडरमा के आंगनबाड़ी केंद्रों मे 10 हजार 388 पोषण सखी कार्यरत थीं. इन्हें केंद्र सरकार द्वारा दिए जानेवाले केंद्रीय फंड को बंद कर दिए जाने से एक झटके में दो साल पूर्व झारखंड सरकार ने इन्हें काम से हटा दिया. नौकरी वापसी के लिए पोषण सखी लगातार गुहार लगाकर सड़क से कोर्ट तक संघर्षरत हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है. कहा कि चंपाई सोरेन सरकार इन हजारों पोषण सखी की तकलीफ को समझनते हुए इनकी पुनः बहाली पर विचार करे, अन्यथा आगामी चुनावों में इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा.

प्रदर्शन में संघ की सचिव जरीना खातून, रेशमी कुमारी, पिंकी, शाहीना परवीन, प्रीति, शिल्पी देवी, सरिता, बंटी देवी, राखी सिंह, अनीता देवी, सुबंती, प्रियंका देवी, उर्मिला, पिंकी, रेखा देवी आदि शामिल थीं.

## ब्रीफ खबरें

### सोशल मीडिया पर चला वेरिफाइड वोटर अभियान

**चौपारण।** प्रखंड के सभी 170 मतदान केंद्रों पर सोमवार को आई एम वेरिफाइड वोटर को लेकर सोशल मीडिया अभियान चला. इस दौरान सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ उपस्थित रहे. इस क्रम में मतदाताओं ने प्रकाशित मतदाता सूची में अपना नाम देख कर सत्यापित किया कि उनका नाम मतदाता सूची में है या नहीं. साथ ही वेरिफाइड करते हुए सोशल मीडिया पर हैशटैग आईएम वेरिफाइड वोटर लिखकर सेल्फी पोस्ट की. वहीं, कई मतदाताओं ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को टैग कर पोस्ट किया. वहीं, बीडीओ सह प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी प्रेमचंद सिन्हा ने आदर्श मध्य विद्यालय चौपारण एवं केबीएसएस प्लस 2 हाई स्कूल के विभिन्न मतदान केंद्र का जायजा लिया.

### भाजपा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**बड़कागांव।** भाजपा ने प्रखंड मुख्यालय पर भ्रष्टाचार को लेकर धरना दिया. राम जानकी मंदिर से भाजपा कार्यकर्ताओं ने तख्तियां और बैनर के साथ जुलूस निकाला और प्रखंड मुख्यालय पहुंच कर धरना पर बैठ गए. अध्यक्षता पूर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो और संचालन बड़कागांव पश्चिम मंडल महामंत्री इंद्र ने किया. मौके पर भाजपाइयों ने चंपाई सोरेन सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया. पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग की. मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार के कार्यकाल में लूट खसोट, अफसर की मनमानी काफी बढ़ गई है. क्राइम का ग्राफ काफी बढ़ गया है. इस दौरान राज्यपाल के नाम बीडीओ को ज्ञापन भी सौंपा गया.

### बिना सहमति चहारदीवारी करने की डीसी से शिकायत

**केरेडारी।** थाना क्षेत्र के पहरा कब्रिस्तान में रैयत की सहमति लिए बिना जबरन चहारदीवारी का निर्माण कराने का मामला प्रकाश में आया है. इस संबंध में जमीन मालिक इम्तियाज अंसारी ने उपायुक्त को पत्र लिखकर अपनी जमीन पर जबरदस्ती हो रहे काम को बंद कराने की मांग की है. आवेदन में भुक्तभोगी ने लिखा है कि पहरा कब्रिस्तान की जमीन हमारे पूर्वजों ने अंजुमन को दान में दी थी. इस पर अंजुमन के द्वारा चहारदीवारी बनाई गई थी. लेकिन, गांव के मेहदी हसन, यूसुफ मियां, अदीश मियां, मो. मकसूद वा अन्य लोगों के द्वारा पूर्व में निर्मित चहारदीवारी को तोड़ कर कल्याण विभाग से पुनः चहारदीवारी कराई जा रही है. इसके अलावा 150 पेड़ों को बिना एनओसी लिए काट कर घर ले गए.

### बादम-रावत बदमाही नदी पर पुल का शिलान्यास

**बड़कागांव।** प्रखंड के बादम-रावत के बीच बदमाही नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण का शिलान्यास विधायक अंबा प्रसाद, बड़कागांव मध्य जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, बादम पंचायत के मुखिया सुनीता देवी ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर किया. उक्त पुल का निर्माण झारखंड सरकार ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा लगभग 5 करोड़ की लागत से होगा. शिलान्यास के बाद सभा का आयोजन किया गया. अपने संबोधन में विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि इस पंचायत का यह उच्च स्तरीय पुल का निर्माण होना ग्रामीणों का मेहनत का फल है. उन्होंने संवेदक को समय के अंदर गुणवत्तापूर्ण पुल निर्माण का निर्देश दिया. वहीं, जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य जारी रहेंगे.

उड़नदस्ता एवं स्थैतिक निगरानी दलों के प्रशिक्षण में डीसी ने कहा

# ईसी के निर्देशों का पालन करें

संवाददाता। रामगढ़



आगामी लोकसभा आम निर्वाचन के सफल, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष क्रियान्वयन के मद्देनजर सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार की उपस्थिति में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिला समाहरणालय के ब्लॉक-बी स्थित सभागार में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के उड़नदस्ता दलों एवं स्थैतिक निगरानी दलों के सभी पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारियों आदि को प्रशिक्षण दिया गया.

इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने उड़नदस्ता दलों एवं स्थैतिक निगरानी दलों में प्रतिनियुक्त सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों को गंभीरता को समझाया. साथ ही निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया गया. प्रशिक्षण के क्रम में उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं मास्टर ट्रेनरों द्वारा निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नवीनतम दिशा-निर्देशों के आधार पर तैयार किए गए प्रशिक्षण सामग्रियों के संबंध में सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को विस्तार से जानकारी दी.

इसके साथ ही किसी भी प्रकार की आकस्मिक स्थिति के दौरान अधिकारियों द्वारा लिए जाने वाले निर्णय एवं इस दौरान निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का भी अक्षरशः अनुपालन करते हुए कार्य करने को लेकर भी प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण के दौरान स्थैतिक निगरानी दलों के पदाधिकारियों को चेक पोस्ट की निगरानी, निर्वाचन क्षेत्र में भारी मात्रा में ले जाने वाले नगदी, अवैध शराब, कोई संदेहास्पद वस्तु या शस्त्रों इत्यादि पर निगरानी रखने, जांच प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराने, दैनिक प्रतिवेदन तैयार कर संबंधित कोषांग व प्रेक्षकों को भेजने आदि की जानकारी दी गई.

वहीं, उड़नदस्ता दलों के अधिकारियों को निर्वाचन के दौरान आदर्श आचार संहिता सह विधि व्यवस्था कोषांग के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने, विधानसभा क्षेत्र में भारी मात्रा में ले जाए जाने वाले अवैध नगदी, शराब, कोई संदेहास्पद वस्तु या शस्त्रों इत्यादि जो मतदाताओं को लुभाने/प्रभावित करने हेतु प्रयोग किया जा सकता हो पर निगरानी रखने, किसी प्रकार की कोई भी सूचना प्राप्त होने पर अविलंब उस स्थान पर पहुंचकर अवैध वस्तुओं को जब्त करने, जांच के दौरान कराई जाने वाली वीडियोग्राफी एवं दैनिक प्रतिवेदन तैयार कर संबंधित कोषांगों व प्रेक्षकों आदि को भेजने को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई एवं सभी की दुविधाओं को दूर किया गया.

**चुनाव तैयारी**

- आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर दिया गया प्रशिक्षण
- अधिकारियों को उनके कार्यों से कराया गया अवगत
- आकस्मिक स्थिति से निपटने की भी जानकारी दी गई

### स्वीप कार्यक्रम के तहत खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन

- केजीबीवी, पदमा विजेता व सीएम उत्कृष्ट बालिका स्कूल उपविजेता
- सभी खिलाड़ियों को दिलाई गई मतदाता जागरूकता की शपथ

**हजारीबाग।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर स्वीप कार्य योजना के तहत मतदाता जागरुकता को लेकर कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं. इस क्रम में मंगलवार को हाई स्कूल, हजारीबाग के मैदान में खो-खो खेल का आयोजन किया गया. इससे खेल प्रतियोगिता में विभिन्न सरकारी विद्यालयों के बच्चों ने हिस्सा लिया. इस दौरान सभी खिलाड़ियों को मतदाता प्रतिज्ञा की शपथ दिलाई गई. खो-खो खेल प्रतियोगिता में केजीबीवी, पदमा स्कूल की टीम विजेता और सीएम उत्कृष्ट बालिका उच्च विद्यालय की टीम उपविजेता रही. वहीं तृतीय स्थान पर केजीबीवी, इचाक की टीम रही. सांत्वना पुरस्कार इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय को दिया गया.



गॉड ग्रेस स्कूल के विद्यार्थियों को कैंसर वेलफेयर सोसाइटी ने किया सम्मानित

# 3 छात्राओं को मिला स्वर्ण पदक

संवाददाता। हजारीबाग



शहर के पगमिल स्थित गॉड ग्रेस पब्लिक स्कूल में सोमवार को लखनऊ, उत्तर प्रदेश स्थित कैंसर वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोतित कार्यशाला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया. स्कूल की तीन छात्राओं मेहविश नादिरा (वर्ग 9), सना अहमदी (वर्ग 7) तथा आसिफा समरीन को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया.

वहीं प्रियशी प्रियांश (वर्ग 8), अलीशा परवीन (वर्ग 8) तथा जकिया जरीन (वर्ग 7) को रजत पदक प्रदान किया गया. सहभागिता प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले अन्य छात्र-छात्राओं में अम्मान, सबा, फैज, आसिफ, फरहान, ऐसाम, खुशनुमा, मिसवाह, सकीना, मोहसिना, शिफा, मेहर, ईफा और लका शामिल थे. संस्थान के निदेशक आमीर अल्ताफ ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है. इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाओं में अफ्शी परवीन, रफत जमा, प्रीति सिन्हा, मुसर्रत परवीन, बॉबी प्राशर, सबीना खातून, शमा परवीन, मो. रिजवान, खालिद अख्तर, कमरूल होदा, पिंकी, नरगिस परवीन, फरहाना परवीन, जीनत परवीन तथा परवीन कौसर मौजूद थीं.

# डिप्टी सीईओ ने लिया बूथों में व्याप्त सुविधाओं का जायजा

संवाददाता। हजारीबाग

लोकसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को राज्य निर्वाचन आयोग की अवर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने हजारीबाग का भ्रमण किया. इस दौरान जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया के साथ विभिन्न मतदान केन्द्रों में व्याप्त नयूनतम मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया. उन्होंने मांडू के बूथ सं. 31/32, हजारीबाग के बूथ सं. 438/439, नगर निगम क्षेत्र में कुम्हार टोली पारनाला के बूथ सं. 213, 214 व 215 का जायजा लिया.

उन्होंने बूथों पर साफ-सफाई, शौचालय, रैंप, बिजली, पेयजल, आगम एवं निकास द्वार, मतदान केंद्र की दूरी, सड़क आदि का जायजा लिया. उन्होंने कम वोटर टर्न आउट वाले मतदान केंद्रों में सूचीबद्ध लोगों के घर-घर जाकर मतदान नहीं करने के कारणों की जानकारी लेने का निर्देश संबंधित बीएलओ को दिया. मौके पर सदर एसडीओ अशोक कुमार, सदर सीओ मयंक भूषण भी मौजूद थे.

**चुनाव कार्य**

- कम वोटर टर्न आउट वाले बूथों के बीएलओ को निर्देश
- घर-घर जाकर वोट नहीं करने के कारणों की जानकारी लें

### राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार खिलाफ जमकर नारेबाजी

**रामगढ़।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को डाड़ी प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया. इस दौरान राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार, गिरती कानून व्यवस्था, बढ़ती बेरोजगारी आदि के लिए झारखंड सरकार को जिम्मेवार ठहराया गया. इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने झारखंड सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. धरना प्रदर्शन के बाद भाजपा नेताओं ने डाड़ी बीडीओ अनुप्रिया को मांग पत्र भी सौंपा. धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता बृजकिशोर पाठक और संचालन सेवालाल महतो ने की. धरना प्रदर्शन में जिला प्रभारी राजेश कुमार, राजूरंजन तिवारी, हुकुमनाथ महतो, मुन्ना त्रिपाठी, गिरजा सिंह, गुलगु चंद महतो समेत सैकड़ों कायकर्ता शामिल थे.

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की तीन दिवसीय राष्ट्रीय सभा संपन्न

# झारखंड पत्रिका 'आंगन' का विमोचन

संवाददाता। हजारीबाग




गुजरात के बड़ोदरा स्थित स्वामी नारायन मंदिर में एक मार्च से तीन तक अयोजित अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के तीन दिवसीय साधारण सभा और राष्ट्रीय कार्यकारणी की बैठक में पत्रिका 'आंगन' का विमोचन किया गया. अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह प्रसिद्ध उद्योगपति नारायण भाई साह, बड़ोदरा की सांसद रेणु बेन, संगठन मंत्री दिनकर, इस्कॉन बड़ोदरा के प्रमुख स्वामी महाराज सहित अन्य ने विमोचन किया.

पत्रिका का प्रकाशन ग्राहक पंचायत की प्रांत महिला आयाम की सदस्य करती हैं. यह पत्रिका ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम में प्रकाशित होती है. इससे पूर्व झारखंड प्रांत सचिव डॉ. कल्याणी कबीर ने विषय प्रवेश कराया. बताया कि इस पत्रिका में झारखंड में महिला आयाम द्वारा संचालित गतिविधियां, ग्राहक पंचायत के अलावा वर्तमान समय में बाजार, पर्यावरण, समाज, समरसता, प्रकृति की जानकारी संग्रहित है. विमोचन समारोह के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पुस्तक और झारखंड के इस प्रयास की सराहना की.

इस अवसर पर झारखंड के प्रांत के सह सचिव अरविंद राणा ने कहा कि पूरा विश्व के लोग ग्राहक हैं. अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत 1974 से ग्राहक हित में काम कर रही है. सूचना का अधिकार और उपभोक्ता कोर्ट ग्राहक पंचायत के आंदोलन की ही देन हैं. बैठक में झारखंड के प्रांत संगठन मंत्री शिवाजी क्रांति, स्वर्ण जयंती आयोजन समिति के झारखंड प्रदेश सचिव आर. अजय शामिल रहे.

**कार्यकारिणी बैठक**

- प्रांत महिला आयाम की सदस्यों ने किया है प्रकाशन
- झारखंड की संस्कृति, प्रकृति और समाज की है जानकारी

### भ्रष्टाचार के विरोध में भाजपा का धरना प्रदर्शन

**झुमरी तिलैया।** झारखंड सरकार में भष्टाचार का आरोप लगाते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने कोडरमा प्रखंड कार्यालय के सामने धरना दिया. कार्यक्रम की अध्यक्षता कोडरमा ग्रामीण प्रखंड अध्यक्ष दिनेश सिंह और संचालन कोडरमा नगर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र पाल व झुमरी तिलैया नगर महामंत्री नवीन चौधरी ने संयुक्त रूप से किया.इस दौरान जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि राज्य में लूट-खसोट का बोलबाला है. जेएसएससी में भी नियुक्ति घोटाला किया जा रहा था, जिसका पर्दाफाश हो गया. वहीं, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचंद्र सिंह ने कहा कि अंचल और थाना केवल लूट का अड्डा बन चुका है. जमीन की दाखिल- खारिज हो या एलपीसी लेना हो, सभी में बिना पैसे दिए काम नहीं होता है. वहीं अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अरशद खान नेकहा कि नगरपालिका हो या अंचल व प्रखंड कार्यालय, हर जगह जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने के नाम पर आम जनता को केवल परेशान किया जा रहा है.

एमडीएम कर्मियों ने निजी कंपनी से भोजन आपूर्ति पर रोक की मांग की

# सांसद जयंत सिन्हा का आवास घेरा

संवाददाता। हजारीबाग



झारखंड प्रदश रसोईया संयोजिका संघ के बैनर तले हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के आवास का मंगलवार को घेराव किया गया. संघ के अध्यक्ष अजीत प्रजापति ने आरोप लगाया कि सांसद जयंत सिन्हा निजी कंपनी को लाभ देने के लिए जिले में मिड डे मील की नयी व्यवस्था लागू कर रहे हैं. इसके लिए 27 करोड़ की लागत से किचन का निर्माण किया गया है. यहां से खाना बना कर 23 विद्यालयों में भोजन दिया जा रहा है.

उन्होंने यह भी कहा कि पहले स्कूल प्रबंधन के समक्ष भोजन बना कर छात्र-छात्राओं को दिया जाता था. लेकिन, अब एक बंद कमरे में खाना बना कर छात्रों को दिया जा रहा है. संघ ने भोजन की गुणवत्ता सवाल खड़े करते हुए इसका विरोध किया. कहा कि इस नयी व्यवस्था से रसोईया संयोजिका के रोजगार पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं. अजीत ने कहा कि एक ओर सरकार स्कूलों में चलनेवाले मिड डे मील के लिए समय पर फंड नहीं देती है. दूसरी तरफ निजी कंपनियां को लाभ देने के लिए बंद कमरे में मिड डे मील चलाती है. संघ ने इसका विरोध करते हुए सांसद से ऐसी योजना को बंद करने का आग्रह किया है.

**विरोध जताया**

- सांसद पर निजी कंपनी को लाभ देने का आरोप लगाया
- नयी व्यवस्था से रसोईया के रोजगार पर मंडरा रहा संकट

**लागत में अंतर : अजीत**

अजीत प्रजापति ने कहा कि विद्यालयों और निजी कंपनी द्वारा बनाए जानेवाले मिड डे मील की लागत में काफी अंतर है. सरकार रसोईया संयोजिका को कक्षा एक से पांच तक के बच्चों के लिए 5.45 रुपये और कक्षा 6 से 8 तक के लिए 8.17 रुपये प्रति छात्र देती है. वहीं, निजी कंपनी द्वारा बनाए जाने वाले भोजन में कक्षा एक से पांच के लिए 14.33 रुपये और कक्षा 6 से 8 के लिए 17 रुपये लिया जा रहा है.

आईसेक्ट विश्वविद्यालय के मुख्य कैंपस में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

# पढ़ाई के साथ खेलकूद भी जरूरी : डॉ. मुनीष गोविंद

संवाददाता। हजारीबाग



आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का सोमवार को समापन हो गया. इस प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया था. फुटबॉल में साइंस एंड मैनेजमेंट विभाग की टीम ने बाजी मारी, तो क्रिकेट में विज्ञान विभाग ने खिताब अपने नाम किया. वहीं वॉलीबॉल और कबड्डी में मैनेजमेंट विभाग विजेता बना.

इसके अलावा 100 मीटर दौड़ के पुरूष वर्ग में हरभजन यादव प्रथम, राहुल कुमार द्वितीय और रोहित कुमार तृतीय स्थान पर रहे. वहीं, महिला वर्ग में सुगंधी, पूजा और राजमणि क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहीं. शॉर्टपुट और डिस्कस थ्रो में ओम सिंह ने जीत दर्ज की, जबकि जेवलिन थ्रो में प्रेम कुमार और टेबल टेनिस में अर्निश कुमार को विजेता घोषित किया गया. कैरम में विशाल और साक्षी गुप्ता ने विजयी पताका लहराया. समापन कार्यक्रम के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. मुनीष गोविंद ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी जरूरी है. उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की ओर से सभी खेलों के लिए खेल शिक्षक आदित्य कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया जा रहा है, ताकि विश्वविद्यालय स्तर की प्रतियोगिताओं में यहां के विद्यार्थी बेहतर प्रदर्शन कर सकें.

डीएसडब्ल्यू डॉ. एसआर रथ ने कहा कि यहां के विद्यार्थियों में सीखने की भावना है, जो पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद में अव्वल बनाने में मददगार साबित होगा. वहीं स्पोर्ट्स कमेटी के चेयरमैन उदय रंजन ने कहा कि फिलहाल 20 से अधिक खेलों के लिए विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है. आने वाले समय में इसका बेहतर परिणाम देखने को मिलेगा. खेलकूद प्रतियोगिता को सफल बनाने में खेल अध्यक्ष उदय रंजन के अलावा खेल शिक्षक आदित्य कुमार, संयोजक रविकांत कुमार, मुकेश कुमार, सुरेश कुमार, संजय कुमार दांगी, पंकज प्रज्ञा, राहुल राजवार, अजीत कुमार, अमित कुमार सहित अन्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

**पाठ्येतर गतिविधियां**

- साइंस एंड मैनेजमेंट विभाग ने फुटबॉल में बाजी मारी
- क्रिकेट में विज्ञान विभाग ने अपने नाम किया खिताब

# उन्नत कृषि करने को लेकर किसानों को किया जागरूक

संवाददाता। टाटीझरिया

प्रखंड के अमनारी करमाटांड में नव जागृति युवा मंडल के बैनर तले किसान जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया. जिप सदस्य रामप्रसाद, मुखिया स्वास्तिका कुमारी, सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय, कृषि विशेषज्ञ ब्रजेश कुमार एवं अविनाश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर विधिवत उद्घाटन किया.

कार्यक्रम का संचालन रितलाल प्रसाद वर्मा ने किया. विभाग के कर्मियों एवं किसानों को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि किसान आत्मनिर्भर कैसे बनें, इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है. किसानों को अपनी जमीनों को अधिक उपजाऊ कैसे बनाने के लिए जागरूक होगा. संगोष्ठी में जलवायु परिवर्तन और कृषि सलाह पर जोर दिया गया. वहीं कृषि विशेषज्ञों खेती की बारिकी को समझाया. इस दौरान विभाग के द्वारा किसानों के बीच कृषि उपकरणों का वितरण किया गया. कार्यक्रम में सुधीर वर्मा, निरंजन कुमार, रितलाल वर्मा, सीएलएफ प्यासी देवी, कृषक मित्र रामशरण प्रसाद, सुनीता देवी, अनीता देवी समेत सैकड़ों किसान मौजूद थे.

**किसान जागरूकता**

- अमनारी में किसान जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया
- जलवायु परिवर्तन और कृषि सलाह पर दिया गया जोर



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** भाग्य वृद्धि का योग है. ससुराल से शुख का सामान मिलेगा. साझेदारी में शुरू किया गया कार्य लाभ के अवसरों को बढ़ा सकता है. स्थायी संपत्ति खरीदने का मन बनेगा. दांपत्य जीवन में विश्वास बढ़ेगा. कामकाज की गति बनी रहेगी.

**वृषभ** समय सामान्य है. कुछ मानसिक उलझन होगा. घर की चिंता रहेगी. विरोधी भी आपसे प्रभावित होंगे. कला के क्षेत्र में इच्छित सफलता मिलने के योग हैं. सरकारी राज्यपक्ष के कामों में पर्याप्त सावधानी रखें. मित्रों से मदद मिलेगी.

**मिथुन** व्यापार में लाभ का योग है. साथ ही जरूरी कार्य पर खर्च होगा. कोई नया कार्य मे जोखिम न उठाएं. व्यावसायिक योजना के विस्तार में मित्रों से मदद मिलेगी. पुरानी झंझटों से राहत रह पाएगी. क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखना होगा.

**कर्क** समय बहुत ही अनुकूल है. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. मेहनत व लगन से कार्यक्षेत्र में बेहतर सफलता हासिल कर सकेंगे. अपने व्यसनों पर काबू रखना चाहिए. किसी से भी बोलने से पहले विचार कर लें.

**सिंह** तनाव बढ़ सकता है. शिक्षा में सुधार का समय आ गया है. बस प्रयास करें. रोजगार के बेहतर अवसर मिलने से आय बढ़ेगी. दांपत्य जीवन सुखद रहेगा. प्रसन्नतावर्धक समाचार मिलेंगे. व्यापार में इच्छित लाभ होगा.

**कन्या** समय अनुकूल नही है. पर किसी बात को लेकर मन मे प्रसन्नता बढ़ेगी. कारोबार में वांछित तेजी आने की संभावना कुछ कम रहेगी. विवेक से निर्णय करने पर लाभ एवं सफलता प्राप्त हो सकेगी. नए कार्य का आरंभ लाभदायी रहेगा.

**तुला** अपनों के कार्य को लेकर भागदौड़ रहेगी. कुछ हानि भी हो सकता है, धैर्य रखें. काम का बोझ कम करने के लिए जिम्मेदारियों को बांटना आवश्यक है. आर्थिक कामों में परेशानी आने की संभावना है. इतर का दान और प्रयोग करें.

**वृश्चिक** जुवान पर नियंत्रण रखें. पर जो विद्यार्थी होंगे शिक्षा में सफल रहेंगे. धनार्जन होगा. पूंजी निवेश संबंधी कार्यों में सावधानी रखें. आत्मविश्वास बना रहेगा. कारोबार में उतार-चढ़ाव बना रहेगा. पारिवारिक समस्याओं को प्राथमिकता से हल करें.

**धनु** समय उत्तम है. कार्य बनने से मानसिक शांति मिलेगा. भावनात्मक संबंधों में जल्दबाजी में निर्णय न लें. अधिकारी आपकी कार्यशैली से नाराज हो सकते हैं. परिश्रम के अनुरूप सफलता नहीं मिलेगी. संतान की इच्छा पूरी होगी.

**मकर** खर्च अधिक होगा. कुछ विवाद भी हो सकता है. पर किया गया व्यवसाय ठीक करेगा. व्यापार में नए प्रस्ताव लाभकारी रहेंगे. सही समय पर लिए गए फैसले लाभ दिला सकते हैं. आवास संबंधी समस्या हल होने के योग हैं. कुछ नया हो सकता है.

**कुंभ** विवाद न करें. उतावली में कोई काम न करें. पुरानी संपत्ति के रख-रखाव पर धन खर्च हो सकता है. सामाजिक, धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी. विद्यार्थियों को पढ़ाई की चिंता रहेगी. पर मेहनत से विजय पाया जा सकता है.

**मीन** समय उत्तम है. सत-कर्म में रुचि बढ़ेगा. लाभ में वृद्धि होगी. कुसंगति से बचें. परिवार में मांगलिक कार्यक्रमों की चर्चा संभव है. संतान की रोजी-रोटी की चिंता समाप्त होने के योग हैं. आपके अच्छे कर्म से घर परिवार में खुशहाली होगा. शनि को प्रसन्न करें.

### हमारी सरकार योजनाओं को धरातल पर उतार रही है, दो से ढाई वर्ष के भीतर बनकर तैयार होगा योगीटांड़ का डेयरी प्लांट

# जन अपेक्षाओं के अनुरूप योजनाएं बना रही सरकार: सीएम

शुभम संदेश टीम। रांची/ गिरिडीह

सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि गिरिडीह के योगीटांड़ में 50 हजार लीटर दूध प्रति दिन क्षमता वाले डेयरी प्लांट का शिलान्यास हो रहा है. यह डेयरी प्लांट दो से ढाई वर्ष के भीतर बनकर तैयार हो जाएगा. सीएम सोमवार को डेयरी प्लांट के शिलान्यास कार्यक्रम में बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच के अनुरूप आज हमारी सरकार योजनाओं को धरातल पर उतार रही है. वर्ष 2019 में हमारी सरकार को जनादेश मिला था. हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनी. सरकार बनने के साथ ही देश और दुनिया में कोरोना संक्रमण का साया रहा. पूरे देश में संपूर्ण लॉकडाउन हुआ. सभी गतिविधियां बंद हुईं. सरकार ने दो वर्ष तक कोरोना के कहर को झेला



तथा बेहतर मैनेजमेंट करते हुए राज्यवासियों को कोरोना संक्रमण से बचाने का कार्य किया.

**ग्रामीणो को पशुधन योजना से जोड़ने का हुआ काम :** सीएम ने कहा कि हमारी सरकार ने सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों को पशुधन योजना से जोड़ने का कार्य किया है. ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले परिवारों में पशुधन रखने की परंपरा रही है. ग्रामीण लोगों के शहरीकरण होने के बावजूद भी यह परंपरा निरंतर चल रही है. पूर्व की सरकारों ने झारखंड के आदिवासी, मूलवासी, किसान, मजदूर,गरीब की जरूरत को समझने का प्रयास नहीं किया, परंतु हमारी सरकार पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच और कुशल नेतृत्व को आगे बढ़ाते हुए यहां की जन भावना के अनुरूप योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है.

**खास बातें**

- राज्य में 15 हजार किमी सड़क निर्माण का कार्य प्रगति पर
- किसानों को पैरों पर खड़ा करने के लिए सरकार कृत संकल्पित

**हर हाल में किसानों के खेतों तक पाइपलाइन से पहुंचाएंगे पानी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दिनों राज्य के धनबाद जिला अंतर्गत सिंदरी में यूरिया कारखाना का उद्घाटन हुआ है. इस कारखाने में उत्पादित हो रही यूरिया का लाभ झारखंड के किसान तभी ले पाएंगे जब उनके खेतों तक साल के 12 महीने पाइपलाइन के जरिए पानी पहुंचाया जाएगा. मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की सोच है कि हम यहां के किसान बंधुओ के खेतों तक हर हाल में पानी पहुंचाएं. साल में तीन बार किसान फसल का उत्पादन कर सके यह हमारा लक्ष्य है. हमारी सरकार ने यहां के किसानों की ऋण माफी तथा उन्हें सुखाड़ राहत का लाभ देने का कार्य भी कर दिया है. मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार किसानों को अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए कृत संकल्पित है. इस अवसर पर विधायक विनोद सिंह, पूर्व विधायक डॉ सरफराज अहमद, पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी, पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल सहित अन्य पदाधिकारीगण एवं ग्रामीण लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे.

**शिक्षा, स्वास्थ्य, यातायात सहित सभी क्षेत्रों में हो रहा है कार्य**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार यहां के गरीब, किसान, मजदूर सहित सभी वर्ग-समुदाय के लोगों को रोटी, कपड़ा और मकान उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है. मुख्यमंत्री ने कहा कि धनबाद, बोकारो तथा गिरिडीह जिला कोयला क्षेत्र में गिने जाते हैं, परंतु यहां के संसाधनों का लाभ दूसरे प्रदेश के लोगों ने उठाया है. यहां के लोगों को लाभ मिले, इस उद्देश्य से हमारी सरकार सभी योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है. राज्य में 15 हजार किलोमीटर सड़क निर्माण का कार्य प्रगति पर है. सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहरों तक के सड़कों को दुरुस्त किया जा रहा है. राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अनेक महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जा रहा है.

### आईएएस, आईपीएस और आईएफएस नाकाम, अबतक सात परीक्षाएं हो चुकीं रद्द

# संभल नहीं पा रहा जेएसएससी

रजनीश प्रसाद। रांची

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) का विवादों से पुराना नाता रहा है. जेएसएससी के गठन से ही इसकी कमान आइएएस, आइपीएस और आइएफएस के हाथों में रही. लेकिन इन सभी से जेएसएससी संभल नहीं पाया. कभी परीक्षा रद्द हुई, तो कभी मामला अदालत तक पहुंचा. इतना ही नहीं कई त्रुटियों के कारण अब तक सात परीक्षाएं रद्द हो चुकी है. फिलहाल सीजीएल परीक्षा के पेपर लीक मामले ने राज्य की छवि बर्बाद करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी. यहां तक की अध्यक्ष सह डीजीपी रैंक के अफसर नीरज सिन्हा को खुद इस्तीफा देना पड़ा. अब इस परीक्षा में हुई पेपर लीक मामले में सीबीआइ जांच की मांग की जा रही है. फिलहाल, सरकार ने इसकी जांच के लिए एसआइटी का गठन किया है.

**चीफ सेक्रेटरी से लेकर डीजीपी रैंक के अधिकारी संभाल चुके हैं कमान :** पांच आइएएस, दो आइपीएस और एक आइएफएस संभाल चुके हैं कमान जेएसएससी के गठन के बाद ने अब तक चीफ सेक्रेटरी से लेकर डीजीपी रैंक तक के अफसर इसकी कमान संभाल चुके हैं. फिर भी विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है. चीफ सेक्रेटरी रैंक के अफसर सहित पांच आइएएस, डीडीपी रैंक के अफसर सहित दो आइपीएस और एक आइएफएस इसके अध्यक्ष बने. बावजूद इसके जेएसएससी न तो समय पर परीक्षा ले पाया, न ही पाक-साफ रिजल्ट निकाल पाया.

**पहली बार 2015 में विज्ञापन जारी किया गया था :** जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा के लिए पहली बार 2015 में विज्ञापन जारी किया गया, लेकिन परीक्षा नहीं ली गई. इसके बाद 2019 में आवेदन मांगा गया, फिर 2021 में आवेदन मांगा गया इस बार किसी कारण से परीक्षा नहीं हो पाई. 2023 में परीक्षा के लिए आवेदन लिया गया. 28 जनवरी को परीक्षा हुई, लेकिन पेपर लीक हो गया. बढ़ते हंगामें को देखते हुए परीक्षा को रद्द कर दिया गया.



**ये रहे हैं जेएसएससी के अध्यक्ष**

- मृदुला सिन्हा, आईएएस
- अलका तिवारी, आईएएस
- रतन कुमार, सेवानिवृत्त आईएएस
- प्रशांत कुमार, आईएएस
- सुधीर त्रिपाठी, सेवानिवृत्त आईएएस
- नेयाज अहमद, सेवानिवृत्त आईपीएस
- नीरज सिन्हा, सेवानिवृत्त आईपीएस
- चित्तरंजन सहाय, सेवानिवृत्त आईएफएस

**इन परीक्षाओं का रिजल्ट जारी नहीं हो सका**

- जेएसएससी ने लैब टेक्नीशियन के लिए लगभग 80 सीट पर परीक्षा ली थी, लेकिन रिजल्ट जारी नहीं हुआ
- नगरपालिका की परीक्षा 3 महीने पहले ली गई, इस पर भी सवाल खड़े गए. अब तक इसका रिजल्ट नहीं आया है.
- पीजीटी परीक्षा के अर्थशास्त्र, हिंदी, कॉमर्स,संस्कृत और इंग्लिश का रिजल्ट नहीं जारी हो पाया है.
- जूनियर इंजीनियर (मैकेनिकल 100 सीट) की परीक्षा का रिजल्ट नहीं जारी हो पाया.
- आईटी इंस्ट्रक्टर का रिजल्ट की परीक्षा का रिजल्ट जारी नहीं किया गया. इन परीक्षाओं को भी रद्द किया गया था.
- झारखंड राज्य अंतर्गत काराओं में वाहन चालक की भर्ती के लिए प्रतियोगिता परीक्षा 2018.
- झारखंड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा 2018.
- विशेष शाखा आरक्षी प्रतियोगिता परीक्षा 2018.
- झारखंड एएनएम प्रतियोगिता परीक्षा 2019 (नियमित रिक्ति).
- झारखंड एएनएम प्रतियोगिता परीक्षा 2019 (बैकलॉक रिक्ति).
- झारखंड सामान्य योग्यताधारी स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2019.

**12 साल बाद हुई थी जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा**

बताते चलें कि 2012 के बाद से जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा नहीं हुई थी. 12 साल बाद जब जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा हुई तो पेपर ही लीक हो गया. अब इसपर सीबीआई जांच की मांग की गई है. विवादों के घेरे में रही ये परीक्षाएं जेएसएससी ने जुलाई 2022 में जूनियर इंजीनियर की परीक्षा ली थी. जिसका प्रश्न पत्र लीक हो गया था. इसके बाद अभ्यर्थियों ने जमकर हंगामा किया था. जिसके बाद जेएसएससी ने परीक्षा रद्द कर दिया. इसके बाद जुलाई 2023 में दोबारा परीक्षा ली गयी थी. लेकिन, नियोजन नीति रद्द होने के कारण फिर से परीक्षा रद्द कर दी गई. इसके बाद अक्टूबर 2023 में परीक्षा ली गई.

### हाईकोर्ट ने पूछा- पेयजल के लिए क्या उपाय किए जा रहें हैं?

# रांची नगर निगम दे जवाब

संवाददाता। रांची

रांची के विभिन्न जलाशयों और तालाबों के अतिक्रमण से संबंधित मामले की सुनवाई हाईकोर्ट में हुई. सुनवाई के दौरान अदालत ने रांची नगर निगम से पूछा है कि गर्मी शुरू होने से पहले पेयजल की समस्या से निजात पाने के लिए क्या-क्या कदम उठाए गए हैं? इसके साथ ही अदालत ने सरकार से यह भी पूछा है कि विभिन्न डैमों के आसपास अतिक्रमण हटाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं, इसकी भी जानकारी अदालत को दी जाए. हाईकोर्ट खुद इस मामले की मॉनिटरिंग करेगा. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोंन मुखोपाध्याय की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई. बता दें कि रांची के बड़ा तालाब और जिला के आसपास के जलस्रोतों को संरक्षित करने व इसमें हो रहे अतिक्रमण को हटाने की



मांग को लेकर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है. खुशबू कटारुका द्वारा दाखिल जनहित याचिका में कहा गया है कि बड़ा तालाब, कांके डैम व धुर्वा डैम की सैकड़ों एकड़ जमीन अतिक्रमणकारियों द्वारा हड़प ली गई है. वहां मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है. जिसका काफी बुरा असर जलाशयों पर पड़ रहा है. इतना ही नहीं रांची में तालाबों की स्थिति भी बदतर होती जा रही है.

# नौकरी दिलाने के नाम पर साढ़े सात लाख की ठगी

संवाददाता

गुमला । एयरपोर्ट में सुरक्षा गार्ड की नौकरी के नाम पर पचास से अधिक युवक-युवतियों से साढ़े सात लाख रुपये ठगी करने का एक मामला प्रकाश में आया है. ठगी के शिकार हुए युवक-युवतियों ने तिररा गांव निवासी सत्येन्द्र मिश्रा पर रुपये ठगने का आरोप लगाया है. सत्येंद्र मिश्रा ने अपने को एसएसबी सिक्यूरिटी एजेंसी का निदेशक बताते हुए पिछले वर्ष 2023 में गुमला, सिमडेगा, खूंटी सहित छतीसगढ़ के कई जिला में कार्यालय खोला था. शिकायतकर्ता कपिल देव सिंह रायबा, कामडारा,




कृष्णा मांझी रोकेडेगा पालकोट, शंकुतला कुमारी जकजोर बसिया निवासी ने बताया कि अलग-अलग एयरपोर्ट पर सुरक्षा गार्ड की नौकरी देने के नाम पर पंद्रह-पंद्रह हजार रुपये नगद तथा आनलाइन लिया. फिलहाल एसएसबी सिक्यूरिटी एजेंसी के नाम से संचालित सभी जिला का कार्यालय बंद है.

## 58 महिलाओं के नाम से 50 लाख रुपये का लोन लेकर भागी एजेंट

**गुमला ।** गुमला के 58 महिलाओं के नाम पर 50 लाख से अधिक की लोन लेने और रिकवरी के दबाव आने पर घर बेचकर भागने का एक मामला प्रकाश में आया है. सोमवार को गुमला स्लम एरिया की पीड़ित महिलाओं ने सदर थाना में इसकी लिखित शिकायत की है. जिसमें कहा गया है कि गौस नगर की रहने वाली महिला अंजुम खातून ने महिलाओं से आधार कार्ड लेकर विभिन्न नन बैंकिंग कंपनी लोन ले ली है. नन बैंकिंग कंपनी जिनके नाम से लोन है उस पर रिकवरी का दबाव बना रही है. महिलाओं ने अपने एजेंट अंजुम खातून को बैंक से आ रहे रिकवरी के दबाव की जानकारी दी और पैसे की मांग की तो महिला ने गौस नगर स्थित मकान को बेच कर भाग गई. जानकारी के अनुसार अंजुम खातून ने अपने पति फिरोज के साथ आरबीएल,सेटिंग, यूनाइटेड, आशीर्वाद, बंधन व भारत नामक नन बैंकिंग कंपनी से करीब 50 लाख रुपये से अधिक का लोन अलग-अलग महिलाओं के आधार कार्ड से निकासी की है.

## लोकसभा चुनाव की वजह से बदल सकती हैं कैट-यूजी परीक्षा की तिथियां

**रांची ।** लोकसभा चुनाव की वजह से यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट(कैट-यूजी) की परीक्षा की तिथियों में बदलाव हो सकता है. परीक्षा को लेकर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन जारी है. छात्र 26 मार्च तक रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं. कुछ ही दिनों में लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा होगी. इसे देखते हुए सीयूईटी यूजी के की परीक्षाओं के लिए 15 से 31 मई के बीच विंडो निर्धारित किया गया है. लोकसभा चुनाव की तारीखों को देखा जाएगा और रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद फाइनल डेटशीट तैयार होगी. तब पता चलेगा कि कौन से विषय का पेपर कब होना है. नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने अभी परीक्षा के लिए 17 दिन की विंडो रखा है. इस दौरान किसी दिन चुनाव होता है तो फिर उस हिसाब से डेटशीट तैयार की जाएगी. यूजीसी ने छात्रों को पहले रजिस्ट्रेशन कराने की सलाह दी है. इस बार सीयूईटी की परीक्षा ऑनलाइन के साथ-साथ ऑफलाइन भी होगी. जिन विषयों में ज्यादा आवेदन होंगे, उन विषयों में ओएमआर शीट यानी ऑफलाइन परीक्षा होगी.

# चतरा लोस सीट पर अब नहीं चलेगा यूपी व बिहारी प्रत्याशी : लाल सूरज




संवाददाता। पांकी/पलामू

प्रखंड मुख्यालय स्थित सिंचाई विभाग मैदान में बाहरी हटाओ चतरा बचाओ, स्थानीय उम्मीदवार की मांग को लेकर रायशुमारी महासम्मेलन आयोजित की गई. जिसमें पांकी अनुमंडल संघर्ष समिति के संयोजक सह पूर्व विधानसभा प्रत्याशी लाल सूरज समेत पूरे चतरा लोकसभा क्षेत्र के हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए. कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस नेता निरंजन यादव ने किया. कार्यक्रम में पहुंचे विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं सहित जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर में चतरा लोकसभा क्षेत्र से इस बार स्थानीय प्रत्याशी को समर्थन देने की बात कही है. लाल सूरज ने कहा कि आजादी के बाद से चतरा संसदीय क्षेत्र को आज तक स्थानीय उम्मीदवार से वचित रखा गया. स्थानीय सांसद होने से चतरा लोकसभा की दशा और दिशा तय हो सकेगी. लाल सूरज ने कहा कि इस बार चतरा संसदीय क्षेत्र से बाहरी को हराना है और स्थानीय को सांसद बनाना है. लाल सूरज ने सांसद सुनील कुमार सिंह को बैगर नाम लिए जमकर विरोध किया. कहा कि जो हमारे सुख-दुख में साथ नहीं हो, ऐसे सांसद के होने अथवा नहीं होने का यहां के लोगों को क्या लाभ है. सांसद ने सपना दिखाया था कि अबकी चुनाव में रेल पर चढ़कर आयेंगे. सपना आज भी अधूरा रह गया.

### ताश के पत्तों की तरह फेटें जा रहे ब्यूरोक्रेट्स, 4-5 बार बदल चुका है विभागों का अतिरिक्त प्रभार

# साल भर में तीन बार हो गया तबादला

रवि भारती। रांची

झारखंड के टॉप लेवल के ब्यूरोक्रेट्स को ताश के पत्तों की तरह फेंटा जा रहा है. साल भर में तीन से तीन बार तबादला हो चुका है. वहीं चार से पांच बार अतिरिक्त प्रभार की भी अदला-बदली हो चुकी है. प्रधान सचिव रैंक की अफसर वंदना दादेल का साल भर में चार बार तबादला हो चुका है. साथ ही चार बार अतिरिक्त प्रभार भी बदला जा चुका है. इसी तरह अपर मुख्य सचिव रैंक के अफसर राजीव अरुण एक्का का भी साल भर में तीन बार तबादला हो चुका है, जबकि अजय कुमार सिंह का दो बार हुआ तबादला हुआ. साथ ही अतिरिक्त प्रभार वाले विभाग भी बदले गए हैं.

**वंदना दादेल का हुआ तीन बार तबादला:** वंदना दादेल को 10 मार्च 2023 को कार्मिक विभाग विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल बनाते हुए गृह विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया. फिर तीन दिन बाद 13 मार्च 2023 को वंदना दादेल को मुख्यमंत्री का प्रधान सचिव बनाया गया. 18 जनवरी 2024 को वंदना दादेल को मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव से हटाते हुए कैबिनेट सचिव बनाया गया. साथ ही महिला बाल विकास का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया. 12 फरवरी 2024 को कैबिनेट सचिव से स्थानांतरित करते हुए वन विभाग की जिम्मेवारी सौंपी गई. 3 मार्च 2024 को फिर से कैबिनेट का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया.

**राजीव अरुण एक्का का दो बार हुआ तबादला:** सीएम के अपर मुख्य सचिव के पद से हटाते हुए राजीव अरुण एक्का को पांच मार्च 2023 को पंचायती राज विभाग की जिम्मेवारी सौंपी गई. फिर 26 जून 2023 को पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया. फिर 18 जनवरी 2024 को सदस्य राजस्व पर्षद की जिम्मेवारी सौंपी गई. 31 जनवरी 2024 को वन विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया. 7 फरवरी को अपर मुख्य सचिव वन, अपर मुख्य सचिव सीएम और अपर मुख्य सचिव पंचायती राज के प्रभार से मुक्त कर दिया गया.

**प्रभार में चल रहा तंत्र**

- **एल खियांग्यते–** मुख्य सचिव अतिरिक्त प्रभार गृह कारा
- **अविनाश कुमार :** अपर मुख्य सचिव ऊर्जा, अतिरिक्त प्रभार विकास आयुक्त, सीएमडी ऊर्जा विकास निगम, एमडी बिजली वितरण निगम
- **वंदना दादेल :** प्रधान सचिव वन, अतिरिक्त प्रभार कैबिनेट
- **अजय कमार सिंह :** प्रधान सचिव ग्रामीण कार्य विभाग, अतिरिक्त प्रभार स्वास्थ्य
- **प्रशांत कुमार :** सचिव वित्त, अतिरिक्त प्रभार अध्यक्ष झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग
- **राजीव अरुण एक्का :** सदस्य राजस्व पर्षद, अतिरिक्त प्रभार पंचायती राज
- विप्रा भाल : सचिव आइटी, अतिरिक्त प्रभार वाणिज्य कर, सीइओ झारखंड कम्यूनिकेशन नेटवर्क
- **मनीष रंजन :** सचिव भू राजस्व अतिरिक्त भवन निर्माण और बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन
- **अमिताभ कौशल :** सचिव खाद्य आपूर्ति, अतिरिक्त प्रभार आपदा प्रबंधन

**आग्रह**

### सरयू राय ने विधानसभा अध्यक्ष को लिखा पत्र, सुप्रीम कोर्ट के फैसले का किया स्वागत

# गलत जवाब देने वाले मंत्रियों पर भी चले भ्रष्टाचार का मुकदमा : सरयू

प्रमुख संवाददाता। रांची

सर्वोच्च न्यायालय ने सांसदों और विधायकों के विशेषाधिकार को परिभाषित करते हुए सोमवार को निर्णय दिया कि पैसा लेकर प्रश्न पूछना, पैसा लेकर भाषण करना ओर पैसा लेकर सदन के भीतर वोट देना भ्रष्टाचार है और ऐसा करने वाले सांसदों, विधायकों पर मुकदमा चलेगा. यह निर्णय स्वागत योग्य है, परंतु यदि कोई मंत्री सांसद अथवा विधानसभा में किसी सांसद या विधायक के प्रश्न का गलत और गुमराह करने वाला उत्तर देता है और यह साबित हो जाता है कि जिसका संरक्षण देने के लिए वह उत्तर दे रहा है, उससे उसका संबंध है तो ऐसे मंत्रियों पर भी भ्रष्टाचार



का मुकदमा चलना चाहिए. इस क्रम में सरयू राय ने झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष को पत्र लिखा है.

**गलत उत्तर देने वालों के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई करे :** विधानसभा अध्यक्ष से सरयू राय ने आग्रह किया है कि वे विधानसभा में गलत उत्तर देने वालों के खिलाफ सदन की अवमानना की कार्रवाई करे, जब आज सर्वोच्च न्यायालय ने पैसा लेकर प्रश्न आदि पूछने के बारे में सांसदों और विधायकों के विशेषाधिकार को परिभाषित कर दिया है, तब प्रश्न उठता है कि विधानसभा में गलत उत्तर देने वाले मंत्री के खिलाफ भ्रष्टाचार के विरुद्ध आपराधिक कार्रवाई हो सकती है या नहीं. यह सवाल विधायक सरयू राय विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष उठायेंगे ताकि सरकार में व्याप्त मंत्रियों का भ्रष्टाचार भी इस दायरे में आये और मंत्री बनकर भ्रष्टाचार करने वाले और भ्रष्टाचार के प्रभाव में गलत उत्तर देने वाले मंत्रियों के विरुद्ध भी आपराधिक कार्रवाई हो सके.

**स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का दिया हवाला**

पत्र में कहा है कि मैनें विधानसभा में स्वास्थ्य मंत्री से एक सवाल पूछा था कि जमशेदपुर की एक महिला चिकित्सक रेणुका चौधरी ने कई वर्षों तक सेवा से अनुपस्थित रही और वेतन लिया और अनुपस्थिति की अवधि में फर्जी हस्ताक्षर किया. 19 अगस्त 2013 को तत्कालीन स्वास्थ्य सचिव के आदेश पर तीन सदस्यीय समिति ने जांच की तो पाया कि ये आरोप सही है और चूंकि आरोपी चिकित्सक तब तक अवकाश ग्रहण कर चुकी थी, इसलिए उनके वेतन की पूरी कटौती करने का आदेश पारित हुआ. विधानसभा के वर्तमान बजट सत्र में और इसके पूर्व रांची विधानसभा के विधायक सीपी सिंह ने विधानसभा में संबंधित प्रश्न उठाया तो सरकार ने उत्तर दिया कि उस समय की उपस्थिति पंजिका जिला यक्ष्मा कार्यालय, जमशेदपुर से गायब हो गयी है और जिस लिपिक (संजय तिवारी) की अभिरक्षा में उपस्थिति पंजिका थी, उसने आत्महत्या कर ली है.

**पंजिका में हुआ था फर्जी हस्ताक्षर**

राय ने पत्र में कहा है कि जिस उपस्थिति पंजिका के आधार पर वर्ष 2016 में स्वास्थ्य विभाग की तीन सदस्यीय समिति ने पाया कि डॉ रेणुका चैधरी ने उपस्थिति पंजिका पर फर्जी हस्ताक्षर किया है और जिस पंजिका के बारे में एक आरटीआई कार्यकर्ता को विभाग ने उत्तर दिया कि वह उपस्थिति पंजिका गायब नहीं हुई है, वहीं किसी और आरटीआई कार्यकर्ता को विभाग ने लिखित तौर पर बताया कि 'मांगे गये दस्तावेजों की प्रति खोजी गई, जिसमें उक्त दस्तावेज उपलब्ध नहीं है. दूसरी ओर विधानसभा में स्वास्थ्य मंत्री ने उत्तर दिया कि वह उपस्थिति पंजिका गायब है और आरोपी चिकित्सक पर कार्रवाई करने के लिए स्वास्थ्य मंत्री ने पूर्वी सिंहभूम जिला के सिविल सर्जन के ऊपर ही सही तथ्य नहीं बताने के लिए प्रपत्र 'क' गठित कर विभागीय कार्यवाही आरंभ कर दिया है.

# लौह अयस्क डंप करने की जगह बताए सरकार : हाईकोर्ट

संवाददाता। रांची

सारंडा के जंगलों में हो रही अवैध माइनिंग बंद कराने और पर्यावरण को बचाने के लिए जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय की ओर से दायर जनहित याचिका पर सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ में हुई सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि सारंडा के जंगलों में कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद माइनिंग एक्टिविटी तो बंद हो गई, मगर अत्यधिक लौह-अयस्क को खुले में छोड़ दिया गया है. इससे पर्यावरण दूषित हो रहा है. सरकार इस मामले में टालमटोल कर रही है.

अधिवक्ता ने बताया कि पिछले एक साल से सरकार कोर्ट को गुमराह कर रही है. अभी तक खनन कर रखे हुए लौह-अयस्क वहीं पड़े हुए हैं. इस पर अदालत ने मौखिक रूप से पूछा कि क्यों सरकार इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही है ? अदालत ने आदेश दिया कि सरकार अगली तिथि के पहले स्थिति स्पष्ट करे, या तो लौह-अयस्क को बेचने की प्रक्रिया पूरी करे या फिर कोई ऐसी जगह (वन क्षेत्र के बाहर) चिह्नित करे, जहां इन लौह-अयस्कों को डंप किया जा सके. अब इस मामले में अगली सुनवाई 20 मार्च को होगी. विधायक सरयू राय की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने पक्ष रखा.

## दावों-प्रतिदावों की सियासत

राजनीतिक समूहों के दावो प्रतिदावो के बीच एक बात कही जा सकती है कि जनता के मिजाज को आसानी से समझने का दावा गलत ही साबित होता आया है. 2024 के लोकसभा चुनावों को यदि देखा जाए तो यह मान लेना शायद सही निष्कर्ष नहीं होगा कि विपक्ष की संभावना खत्म हो चुकी है. वैसे भाजपा खास कर नरेंद्र मोदी दावा कर रहे हैं कि भाजपा अकेले 370 और उनका गठबंधन 400 पार सीटों पर विजयी होगा, लेकिन पटना में महागठबंधन यानी इंडिया ब्लाक की रेली का संदेश तो कुछ और भी संकेत दे रहा है. पटना में रविवार को इंडिया गठबंधन की जनविश्वास महारैली को चुनाव विशेषज्ञ देश की राजनीति में बदलाव का बड़ा संकेत मान रहे हैं. वैसे भी गांधी मैदान के नजारे को देखकर समझा जा सकता है कि विपक्ष का आधार कमजोर नहीं है और युवाओं का समूह भी उसके साथ खड़ा है. सत्तारूढ़ दल की रैलियों या सभाओं में अमूमन भीड़ जुट ही जाती है. अगर प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री की सभा हो, तब भी लोग उन्हें सुनने आ जाते हैं. लेकिन पटना में तेजस्वी यादव की अगुवाई में हुई जनविश्वास महारैली में जुटी भीड़ को सियासत में बदलाव के संकेत के तौर पर देखना अतार्किक नहीं है. राजनीति में कोई किसी का सगा नहीं होता, इस बात को अच्छे से जानने के बावजूद यह बात न जनता के गले से उतरी, न इंडिया गठबंधन के नेता ही पचा पा रहे हैं कि कल तक जो नीतीश कुमार भाजपा को केंद्र की सत्ता से हटाने के दावे कर रहे थे, वे अचानक मन नहीं लगने के कारण भाजपा के ही साथी कैसे बन गए. नीतीश कुमार की इस मन न लगने वाली दलील का तेजस्वी यादव ने बिहार विधानसभा में फ्लोर टेस्ट के दौरान बखूबी जवाब दिया था कि हम मन लगाने के लिए नहीं, जनता की सेवा करने के लिए हैं. तेजस्वी यादव लोगों का विश्वास हासिल करने में सफल दिखे, लेकिन वे इसे वोट में कितना बदल पाएंगे, यह तो वक्त ही साबित करेगा. 2 मार्च को औरंगाबाद में हुई एक सभा में जब नीतीश कुमार और नरेन्द्र मोदी एक साथ मंच पर थे तो नीतीश कुमार को यह कहना पड़ा कि अब हम इधर-उधर नहीं जाएंगे, इधर ही रहेंगे. उनकी इस बात पर प्रधानमंत्री भी ठहाका लगाकर हंस पड़े. इस हंसी से भारतीय राजनीति का एक ऐसा चेहरा सामने आया, जिसमें विश्वास की भावना के लिए मखौल के अलावा और कुछ नहीं है. केवल सत्ता और स्वार्थ ही सियासत के संचालक तत्व बन गए हैं. 20 फरवरी से 2 मार्च तक पूरे बिहार में जनविश्वास यात्रा निकालने के बाद पटना के गांधी मैदान में जनविश्वास महारैली का आयोजन किया गया तो यह केवल राजद नहीं, बल्कि इंडिया गठबंधन का आयोजन बन गया. भाजपा ने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है. इस सूची से उसका कितना आत्म विश्वास झलकता है, यह तो समझा जा सकता है, लेकिन दिल्ली में हर्षवर्द्धन का एक्स और पवन सिंह का मामला बताता है कि भाजपा का चयन भी कई सवाल खड़ा कर रहा है.

> 2 मार्च को औरंगाबाद में हुई एक सभा में जब नीतीश कुमार और नरेन्द्र मोदी एक साथ मंच पर थे तो नीतीश कुमार को यह कहना पड़ा कि अब हम इधर-उधर नहीं जाएंगे, इधर ही रहेंगे. उनकी इस बात पर प्रधानमंत्री भी ठहाका लगाकर हंस पड़े.

### सुभाषित

**दाने तपसि शौर्ये च यस्य न प्रथितं वशः।**
**विद्यायामर्थलाभे च मातुरूच्चार एव सः।।**

जिस मनुष्य की कीर्ति दान देने में, तपस्या में, वीरता में, विद्या अर्जित करने में नहीं फैलती, वह मनुष्य केवल अपनी माता के मल के समान होता है. अर्थात् किसी व्यक्ति की सार्थकता दान, वीरता और विद्या अर्जित करने में ही है.

# यही समय है कठोर फैसला लेने का

**गुजरात में दस बर्षों में 13 बार पेपर लीक हुए. इन समस्त घटनाओं का वर्णन इसलिए किया गया कि यह इन प्रदेशों में विभिन्न राजनैतिक पार्टियों की सरकारें हैं और यह मुद्दा सबके यहां समान रूप से है. तात्पर्य यह कि यहां तो हमारी सरकारें इन मुद्दों पर गंभीर नहीं हैं या फिर जानबूझ कर इसे अनदेखा किया जाता है. सबसे चिंता-जनक बात है कि अब परीक्षाओं का आयोजन ही लंबे समायांतराल पर हो रहा है. नियुक्तियों की संख्या कम हो गई और उसके बाद भी इस तरह की घटनाएं लगातार हो रही है.**



एक आंकडे के अनुसार पिछले पांच वर्षों में भारत के विभिन्न राज्यों में आयोजित होने वाली 43 प्रतियोगिता परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक हुए हैं. अभी पिछले सप्ताह ही उत्तरप्रदेश सिपाही भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र के भी लीक होने के आरोप हैं. योगी प्रशासन, उत्तर प्रदेश की वर्तमान सरकार, जो सख्ती के लिए जानी जाती है, वहां भी प्रश्न पत्र का लीक होना इस मुद्दे की गंभीरता एवं इसके पीछे के रैकेट की गहराई और पहुंच की कल्पना की जा सकती है. ऐसी ही एक घटना पिछले महीने यहां भी हुई. झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित कर्मचारी चयन की प्रतियोगिता परीक्षा का भी पेपरलीक हुआ और परीक्षा रद्द करनी पड़ी. आश्चर्य की बात है कि चयन आयोग के अध्यक्ष झारखंड राज्य के पूर्व डीजीपी नीरज सिन्हा थे. इतने वरिष्ठ अधिकारी के रहते आयोग सफलता पूर्वक परीक्षा का आयोजन नहीं करा पाया. यह ज्यादा आश्चर्यजनक एवं गंभीर बात है. यह प्रदेश का दुर्भाग्य है कि आठ वर्षों के अंतराल पर इस परीक्षा का आयोजन हुआ. उसमें भी सफलता नही मिली. इसी तरह झारखंड से पहले राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा के प्रश्नपत्र के साथ हुआ एवं समस्त परीक्षा को रद्द करना पड़ा. प्रवर्तन निदेशालय इस मुद्दे की जांच कर रहा है. ऐसी ही घटना गुजरात में भी घटी एवं जूनियर क्लर्क परीक्षा को रद्द करना पड़ा. गुजरात में दस बर्षों में 13 बार पेपर लीक हुए. इन समस्त घटनाओं का वर्णन इसलिए किया गया कि यह इन प्रदेशों में विभिन्न राजनैतिक पार्टियों की सरकारें हैं और यह मुद्दा सबके यहां समान रूप से है. तात्पर्य यह कि यहां तो हमारी सरकारें इन मुद्दों पर गंभीर नहीं हैं या फिर जानबूझ कर इसे अनदेखा किया जाता है. सबसे चिंता-जनक बात है कि अब परीक्षाओं का आयोजन ही लंबे समायांतराल पर हो रहा है. नियुक्तियों की संख्या कम हो गई और उसके बाद भी इस तरह की घटनाएं लगातार हो रही है. यह भी गौर करने की बात है कि आए दिन इस तरह की घटनाएं बढ़ रही हैं. विशेषकर जो परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से आयोजित हो रही है. देश भर के समस्त चयन आयोगों के पास अपनी आधारभूत संरचना नहीं है और सरकारों का भी विशेष सहयोग नहीं रहता. ऑनलाइन परीक्षा आयोजित करने के लिए चयन आयोग बाहर की एजेंसियों को अनुबंध पर रखती है और पूरी परीक्षा प्रणाली ही ऑउटसोर्स कर देती है. यह आउटसोर्सिंग फार्म भरने से लेकर परीक्षा आयोजित करने एवं परिणाम बनाने तक के लिए जिम्मेदार होते हैं.

• देश-काल



डॉ. कौशलेन्द्र बटोही

ऑउटसोर्सिंग से आयोग अपने काम का बोझ तो कम कर लेता है और जिम्मेदारीमुक्त भी हो जाता है. घटनाएं होने के बाद एजेंसी को आरोपित कर देते है. चिंता की बात यह है कि भारत चंद्रयान के माध्यम से चंद्रमा पर पहुंच गया, विश्व के पांचवें नम्बर की अर्थव्यवस्था बन गया, विश्वस्तर की आधारभूत संरचनाओं को विकसित कर रहा है, वंदे भारत जैसी ट्रेन बना रहा है, तकनीक के बल पर वित्तीय लेनदेन को सुविधाजनक बना लिया, परन्तु आजतक हम एक पूर्ण रूप से प्रमाणिक, सुरक्षित, विश्वसनीय, परीक्षा प्रणाली नहीं विकसित कर पाये. या तो सरकारों की इच्छाशक्ति की कमी है या फिर यह मुद्दा सरकारों की प्राथमिकता में ही नहीं है.

यही समय है, जब हम देश के स्तर पर एक संघात्मक ढांचा का विकास करें. केन्द्रीयकृत ही सही, परन्तु हर साल समय पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता परीक्षाओं की त्रुटिपूर्ण व्यवस्था को विकसित कर विश्वसनीय प्रणाली कायम करें. समस्त सरकारें, समस्त चयन आयोग मिलकर इसपर चोट करें. यही समय है और समय भी सही है. ऐसा ही एक मुद्दा है संदेशखाली, पश्चिम बंगाल मे. संदेशखाली से जो बाहर आ रहा है और जो घटनाएं घट रही हैं, वहां पर और पिछले कुछ बर्षों से सत्तापोषित लोगों के द्वारा जो अमानवीय घटनाएं की गई हैं, वे भारत की व्यवस्था पर, प्रशासनिक व्यवस्था पर, वहां की सरकार पर काला धब्बा है. लोकतांत्रिक व्यवस्था का नंगा नाच है संदेशखाली की घटना. कैसे कोई मानव, कोई सरकार या कोई व्यवस्था चंद वोटों की खातिर महिलाओं के साथ हो रही घटनाओं पर नजर चुरा सकती है. वहां के समाज के लिए भी यह चिंताजनक है. यह एक मरते हुए समाज का द्योतक है. पश्चिम बंगाल ऐतिहासिक रूप से सांस्कृतिक रूप से, कलात्मक रूप से, धार्मिक रूप से, साहित्यिक रूप से बहुत संपन्न राज्य रहा है, परन्तु वर्तमान दौर में जो भी हो रहा है, वह बहुत दयनीयता का बोध करा रहा है. एक व्यक्ति, उनके गुर्गे कैसे समस्त समाज पर हावी हो सकते हैं, वहां की व्यवस्था संपूर्ण सरकारी तंत्र उसके पीछे इस अमानवीयता का प्रतिकार करे. पता नहीं, पूरे देश में या फिर उस प्रदेश में ही कितने संदेशखाली और होंगे, जो बाहर अभी समाज में नहीं आए होंगे.

आइए, यही समय है, जब हम राजनैतिक विचारधारा को त्यागकर एक सभ्य समाज, एक राष्ट्र के रूप में इस तरह की अमानवीय घटनाओं पर चोट करें, एक बेहतर समाज का निर्माण करें, भयमुक्त व्यवस्था स्थापित करने के लिए सरकारों को प्रेरित करते हुए उनपर दबाव बनाएं . केंद्र और राज्य की दोनों सरकारें मजबूत हैं इसलिए यही समय है, जब दोनों मिलकर इस संदेशखाली जैसी घटनाओं की मानसिकता का समूल अंत करें. एक और प्रमुख मुद्दा आज कल चर्चा में है वह है क़तर से रिहा हुए भारतीय नागरिक. ये आगे भारतीय नागरिक अल देहरा कंपनी के कर्मचारी थे और वहां की अदालत ने इन्हें मौत की सजा दी थी. भारत सरकार की पहल पर पहले मौत की सजा आजीवन कारावास में बदली और अंततः उन्हें कत्तर की सरकार ने रिहा किया. यह घटना भारत के वैश्विक पटल पर बढ़ते प्रभुत्व का ज्वलंत उदाहरण है. सनद रहे कि कतर पूर्णतः इस्लामिक राष्ट्र है और भारत की विपक्षी पार्टियों या तथाकथित बुद्धिजीवी वर्ग के अनुसार भारत की वर्तमान सरकार हिन्दूवादी है तो फिर भी कतर ने भारत सरकार की पहल पर यहां के नागरिकों को रिहा किया, यह बहुत-बडी कूटनीतिक जीत है. तात्पर्य यह कि अगर आप मजबूत हैं तो समस्त विचारधाराओं के विरोध के बाद भी आपकी बात हर जगह सुनी जाएगी. चाहे वह आंतरिक स्तर पर हो, या वैश्विक स्तर पर.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## राजधर्म और शोषण

एक राजा था. एक बार वह सैर करने के लिए अपने शहर से बाहर गया. लौटते समय कठिन दोपहर हो गई तो वह किसान के खेत में विश्राम करने के लिए ठहर गया. किसान की बूढ़ी मां खेत में मौजूद थी. राजा को प्यास लगी तो उसने बुढ़िया से कहा, 'बुढ़िया माई, प्यास लगी है, थोड़ा-सा पानी दे.' बुढ़िया ने सोचा, एक पथिक अपने घर आया है, चिलचिलाती धूप का समय है, इसे सादा पानी क्या पिलाऊंगी! यह सोचकर उसने अपने खेत में से एक गन्ना तोड़ लिया और उसे निचोड़कर एक गिलास रस निकाल कर राजा के हाथ में दे दिया. राजा गन्ने का वह मीठा और शीतल रस पीकर तृप्त हो गया. उसने बुढ़िया से पूछा, 'माई! राजा तुमसे इस खेत का लगान क्या लेता है?' बुढ़िया बोली, 'इस देश का राजा बड़ा दयालु है. बहुत थोड़ा लगान लेता है. मेरे पास बीस बीघा खेत है. उसका साल में एक रुपया लेता है.' राजा ने सोचा इतने मधुर रस की उपज वाले खेत का लगान मात्र एक रुपया ही क्यों हो! उसने मन में तय किया कि राजधानी पहुंचकर इस बारे में मंत्री से सलाह करके गन्ने के खेतों का लगान बढ़ाना चाहिए. यह विचार करते-करते उसकी आंख लग गई. कुछ देर बाद वह उठा तो उसने बुढ़िया माई से फिर गन्ने का रस मांगा. बुढ़िया ने फिर एक गन्ना तोड़ा और उसे निचोड़ा, लेकिन इस बार बहुत कम रस निकला. मुश्किल से चौथाई गिलास भरा होगा. बुढ़िया ने दूसरा गन्ना तोड़ा. इस तरह चार-पांच गन्नों को निचोड़ा, तब जाकर गिलास भरा. राजा यह दृश्य देख रहा था. उसने किसान की बूढ़ी मां से पूछा, 'बुढ़िया माई, पहली बार तो एक गन्ने से ही पूरा गिलास भर गया था, इस बार वही गिलास भरने के लिए चार-पांच गन्ने क्यों तोड़ने पड़े, इसका क्या कारण है?' किसान की मां बोली, ' मुझे भी अचम्भा है कारण मेरी समझ में भी नहीं आ रहा. धरती का रस तो तब सूखा करता है जब राजा की नीयत में फर्क आ जाय, उसके मन में लोभ आ जाए. बैठे-बैठे इतनी ही देर में ऐसा क्या हो गया! फिर हमारे राजा तो प्रजावत्सल, न्यायी और धर्मबुद्धि वाले हैं. उनके राज्य में धरती का रस कैसे सूख सकता है!' बुढ़िया का इतना कहना था कि राजा का चेतन और विवेक जागृत हो गया. राजधर्म तो प्रजा का पोषण करना है, शोषण करना नहीं. तत्काल लगान न बढ़ाने का निर्णय कर लिया. मन ही मन धरती से क्षमायाचना करते हुए बुढ़िया मां को प्रणाम कर लौट चला.

## जलवायु संकट : भारत में क्यों सिकुड़ रहा है वसंत

• जलवायु

ललित मौर्य

मार्च का महीना अभी शुरू भी नहीं हुआ है, उससे पहले ही देश के कई हिस्सों में गर्मी ने दस्तक दे दी है. हालात यह है कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) को केरल और रायलसीमा क्षेत्र के लिए लू और उमस के चलते पीला (येलो) अलर्ट तक जारी करना पड़ा है. एक तरफ जहां बसंत का मौसम तेजी से घट रहा है, वहीं गर्मी के महीने समय से पहले शुरू हो रहे हैं. यह स्पष्ट तौर पर दर्शाता है कि देश में जलवायु में आता बदलाव भारत में मौसम पर अपना असर दिखाने लगा है. जलवायु वैज्ञानिकों का भी कहना है कि भारत में लू का प्रकोप समय के साथ और भीषण रूप ले लेगा. इस बारे में क्लाइमेट ट्रेंड्स ने प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी देते हुए लिखा है कि जैसे-जैसे जलवायु में आते बदलावों के कारण तापमान में वृद्धि हो रही है, देश भर में स्थानीय मौसम के पैटर्न में महत्वपूर्ण बदलाव हो रहे हैं. ऐसे में आशंका है कि गर्मी के महीनों की शुरुआत समय से पहले हो सकती है. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार ऐसा ही कुछ जनवरी 2024 में देखा गया, जब पश्चिमी हिमालय में पिछले 100 वर्षों में दूसरी सबसे कम बारिश (पांच सेमी) दर्ज की गई. गर्मी के महीनों की जल्द शुरुआत की आशंका जताते हुए आईएमडी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर नरेश कुमार का कहना है कि आईएमडी इस वर्ष से गर्मी के खतरे की स्थिति को लेकर चेतावनी की शुरुआत कर रहा है. उनके मुताबिक गर्मी का पूर्वानुमान जो एक अप्रैल से जारी किया जाता था, वह उसके बजाय एक मार्च से जारी किया जाएगा. डॉक्टर कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति में इस बारे में जानकारी देते हुए कहा है कि भारत के सभी हिस्सों में गर्मी के दिन बढ़ रहे हैं. उनके अनुसार मार्च में, दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में उच्च तापमान अनुभव किया जाएगा. आईएमडी ने केरल और रायलसीमा में बढ़ते तापमान और आर्द्रता को लेकर चेतावनी भी जारी की है. वहां अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है, साथ ही आर्द्रता के भी अधिक रहने का अनुमान है. क्लाइमेट सेंट्रल से जुड़े डॉक्टर एंड्रयू पर्सिंग, जिन्होंने पिछले 100 वर्षों के आंकड़ों का अध्ययन किया है. उनका कहना है कि अल नीनो की स्थितियां अब पहले की तुलना में कहीं अधिक गर्म हैं. उनके मुताबिक अध्ययन से पता चलता है कि शरद ऋतु सभी मौसमों में सबसे तेजी से गर्म हो रही है. यह भी सामने आया है कि भारत के पश्चिमी हिस्सों में सर्दियों के दौरान फरवरी और जनवरी के बीच गर्मी के रुझान में काफी अंतर होता है. गर्म मौसम की स्थिति में तेजी से बदलाव की प्रवृत्ति देखी गई है, जिससे बसंत का मौसम सिकुड़ रहा है. बता दें कि गर्मियों की शुरुआत के साथ ही इस बात को लेकर चिंताएं बढ़ जाती हैं कि अधिकारी इस मुद्दे से निपटने के लिए कितने तैयार हैं. भारत में प्राकृतिक संसाधन रक्षा परिषद के क्लाइमेट रेसिलिएंस और स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रमुख अभियंत तिवारी का दावा है कि देश में भेद्यता सूचकांक पर अभी काम किया जा रहा है. इसकी कार्य योजना के विस्तार और इसके लिए बजट का पता लगाने के लिए विभिन्न विभागों में योजनाओं पर चर्चा शुरू कर दी है. उनके मुताबिक दिन और रात दोनों के दौरान उच्च तापमान के साथ-साथ, अधिकांश आबादी के पास अपने आप को ठंडा रखने और बेहतर वेंटिलेशन से जुड़ी सुविधाओं का अभाव है, जिसके चलते देश में स्थिति चुनौतीपूर्ण है. बता दें कि क्लाइमेट ट्रेंड्स ने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से जुड़े डॉक्टर जेम्स पेंटर के नेतृत्व में भारत में बढ़ते लू के कहर को लेकर यह नया अध्ययन जारी किया है. अपने इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने 2022 के दौरान देश में हुए लू के प्रकोप को भारतीय मीडिया ने कैसे कवर किया है, उसका भी विश्लेषण किया है. इस अध्ययन के मुताबिक जहां अंग्रेजी अखबारों के साथ-साथ समाचार वीडियो ने अपनी खबरों में लू को जलवायु परिवर्तन से जोड़ा है. इस रिपोर्ट से पता चलता है कि 14 फीसदी अंग्रेजी समाचार लेखों और 24 फीसदी वीडियों में लू और जलवायु परिवर्तन के बीच के संबंधों को उजागर किया है. ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के रॉयटर्स इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ जर्नलिज्म के रिसर्च एसोसिएट और अध्ययन से जुड़े प्रमुख शोधकर्ता डॉक्टर जेम्स पेंटर का कहना है कि "जलवायु विज्ञान से पता चलता है कि भारत में गर्मी की लहरें और अधिक विकराल रूप ले सकती हैं."

> भारत में प्राकृतिक संसाधन रक्षा परिषद के क्लाइमेट रेसिलिएंस और स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रमुख अभियंत तिवारी का दावा है कि देश में भेद्यता सूचकांक पर अभी काम किया जा रहा है. इसकी कार्य योजना के विस्तार और इसके लिए बजट का पता लगाने के लिए विभिन्न विभागों में योजनाओं पर चर्चा शुरू कर दी है.

## जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र की बड़ी ताकत

• मतदाता

विश्वनाथ सचदेव

देश के मतदाताओं के मन की बात जानने का दावा करने वालों अथवा अनुमान लगाने वालों का मानना है कि आज की स्थिति को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि आम चुनाव में भाजपा को आसानी से बढ़त मिलने की संभावना है. इस 'आसानी से' का सही आकलन तो चुनाव के परिणाम ही बताएंगे, लेकिन यह तय है कि भारतीय जनता पार्टी जिस शिद्दत के साथ चुनाव की तैयारी में लगी है, उसमें किसी भी प्रकार की गफलत के लिए कोई जगह नहीं है. जीत की सारी संभावनाओं के बावजूद प्रधानमंत्री समेत भाजपा का समूचा नेतृत्व जीत के लिए हर जरूरी कोशिश में लगा हुआ है. साम-दाम-दंड-भेद में से कुछ भी छोड़ने के मूड में नहीं है भाजपा नेतृत्व.दूसरी ओर, चुनाव को लेकर विपक्ष की कोशिशें अभी तो आधी-अधूरी ही दिख रही हैं. 'इंडिया 'गठबंधन के शुरुआती दौर में यह अवश्य लगा था कि विपक्ष की कोशिशों में कुछ दम है, पर बात बनी नहीं, कोशिश कमज़ोर पड़ने लगी. सीटों का बंटवारा आसान नहीं था, यह तो सब जानते थे, पर कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों के स्वार्थ भाजपा से लड़ने के लिए ज़रूरी मज़बूत इरादों की तुलना में इतने कमजोर बन जाएंगे, यह नहीं लग रहा था. पर ऐसा हुआ.राजनीतिक दलों द्वारा अपने-अपने राजनीतिक हितों की रक्षा करना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, पर देश की वर्तमान राजनीतिक स्थितियों को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि विपक्ष चुनौती को स्वीकार करने में विफल सिद्ध हो रहा है. आगामी दो महीनों में देश की राजनीति क्या करवट लेती है, यह तो अभी भविष्य के गर्भ में है, लेकिन फिलहाल जो स्थिति बनी है उसमें भाजपा के लिए चुनावी लड़ाई आसान होती दिखाई देने वाली है.यह कतई ज़रूरी नहीं है कि भाजपा के दावे सिद्ध हों ही, पर आज की तारीख में भाजपा 'अबकी बार चार सौ पार' का नारा दे रही है. पूरा समय चुनावी मुद्रा में रहने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास लगातार तेज होते जा रहे हैं. उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता दिखाई दे रहा है. चुनाव परिणाम भाजपा के विश्वास की कसौटी पर कितने खरे उतरते हैं, अपनी ताकत पर लोकसभा की तीन सौ सीट भाजपा को मिलती है या नहीं, यह आने वाला कल ही बतायेगा. लेकिन इस संदर्भ में इस बात पर गौर किया जाना ज़रूरी है कि जनतंत्र की सफलता और सार्थकता एक मजबूत विपक्ष पर ही निर्भर करती है. दुर्भाग्य से, आज विपक्ष कमज़ोर होता दिख रहा है. जनतंत्र की सफलता के लिए सत्तारूढ़ पक्ष और विपक्ष में एक संतुलन होना ज़रूरी है. संसद में भारी-भरकम बहुमत वाली सरकार के निरंकुश बनने के खतरे बढ़ जाते हैं और विपक्ष का बहुत कमज़ोर होना भी जनतंत्र की सफलता के लिए खतरा ही होता है. आज़ादी प्राप्त करने के बाद के दो-एक शुरुआती चुनावों में हमारी संसद में विपक्ष काफी कमज़ोर था. तब देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने अपनी पार्टी कांग्रेस के सांसदों को आगाह किया था कि विपक्ष की भूमिका भी उन्हें ही निभानी होगी. विपक्ष का काम सरकार के कामकाज पर नजर रखने का होता है. सरकार की निरंतर चौकसी ही जनतंत्र की सफलता की गारंटी होती है. यह चौकीदारी प्रभावशाली ढंग से हो सके, इसके लिए ही संसद और विधानसभाओं में सत्तारूढ़ पक्ष और विपक्ष में एक संतुलन की अपेक्षा की जाती है. सरकार और विपक्ष दोनों की मज़बूती ही जनतंत्र को मज़बूत बनाती है. दुर्भाग्य से आज जो स्थिति है वह इस संदर्भ में भरोसा दिलाने वाली नहीं है.सन् 2014 में जब भाजपा सत्ता में आई थी तो उसका सबसे बड़ा नारा कांग्रेस-मुक्त भारत बनाने का था. कांग्रेस को भ्रष्टाचार का पर्याय बताती थी भाजपा. आज भाजपा के लिए विपक्ष भ्रष्टाचारी है. भाजपा नेताओं के बयान स्पष्ट बता रहे हैं कि अब वह विपक्ष विहीन भारत चाहते हैं. भाजपा के लिए ऐसी स्थिति कितनी ही सुखद क्यों न हो, जनतंत्र के लिए एक खतरे की घंटी ही है. जनतंत्र को मज़बूत सरकार भी चाहिए और मज़बूत विपक्ष भी. स्वाभाविक है सत्तारूढ़ पक्ष मज़बूत विपक्ष नहीं चाहेगा, पर ज़रूरी है कि विपक्ष स्वयं को मजबूत बनाये. हमारे देश की स्थिति को देखते हुए आज कांग्रेस को स्वयं को मजबूत बनाने की ईमानदार कोशिश करनी चाहिए. भाजपा के 10 साल के कार्यकाल के दौरान कांग्रेस को यह काम करना चाहिए था. क्योंकि देश का और कोई राजनीतिक दल पूरे भारत में भाजपा की टक्कर में खड़ा होने वाला नहीं है. दुर्भाग्य से कांग्रेस ने यह कार्य नहीं किया.

> आगामी दो महीनों में देश की राजनीति क्या करवट लेती है, यह तो अभी भविष्य के गर्भ में है, लेकिन फिलहाल जो स्थिति बनी है उसमें भाजपा के लिए चुनावी लड़ाई आसान होती दिखाई देने वाली है.यह कतई ज़रूरी नहीं है कि भाजपा के दावे सिद्ध हों ही, पर आज की तारीख में भाजपा 'अबकी बार चार सौ पार' का नारा दे रही है.

**मीडिया में अन्यत्र**

## तथ्य और आंकड़े: आय का डेटा

**पिछले** सप्ताह राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी राष्ट्रीय आय के ताजा आंकड़ों ने काफी उत्साह के साथ-साथ हैरानी भी पैदा की है. बाजारों ने जहां अक्टूबर-दिसंबर वाली तिमाही में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में साल-दर-साल आधार पर 8.4 फीसदी की मजबूत वृद्धि के एनएसओ के अनुमान की सराहना की है, वहीं कुछ अर्थशास्त्रियों को आधिकारिक अनुमानों और उनके अनुमानों, जो उनमें से कई ने लगाए थे, के बीच 100 आधार बिंदु से ज्यादा के तेज अंतर को सुलझाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है. विज्ञप्ति में यह भी कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष की पहली और दूसरी तिमाही में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में क्रमशः 8.2 फीसदी और 8.1 फीसदी की वृद्धि हुई, जो कि पहले के अनुमान की तुलना में 40 और 50 आधार अंक ज्यादा है. पूरे साल की वास्तविक जीडीपी वृद्धि भी अब 7.6 फीसदी होने का अनुमान है, जो हाल ही में जनवरी में अनुमानित 7.3 फीसदी वृद्धि से 30 आधार अंक ज्यादा है. चालू वित्त वर्ष के आय के अनुमानों में उन्नयन के पीछे एक कारक एनएसओ द्वारा 2021-22 और 2022-23 के अनुमानों में किया गया संशोधन है. वर्ष 2021-22 के आंकड़ों में संशोधन के चलते उस वर्ष की वास्तविक जीडीपी वृद्धि जहां 60 आधार अंक बढ़कर 9.7 फीसदी हो गई है, वहीं इसके परिणामस्वरूप 2022-23 के सकल घरेलू उत्पाद का विस्तार 7.2 फीसदी के पहले अनुमान से घटकर सात फीसदी हो गया है. यह देखते हुए कि पिछले साल के आंकड़ों में संशोधन स्वचालित रूप से साल-दर-साल के आधार पर विकास की रफ्तार को बदल देता है, आधार प्रभाव एक महत्वपूर्ण तत्व है जिसे हेडलाइन आंकड़ों के महत्व का आकलन करते समय ध्यान में रखा जाना चाहिए.अर्थव्यवस्था के वास्तविक उत्पादक क्षेत्रों में,



प्रमुख ग्रामीण कृषि में उत्पादन की वजह से, तीसरी तिमाही में सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) वृद्धि धीमी होकर 6.5 फीसदी हो गई, जो पिछली जुलाई-सितंबर अवधि में संशोधित रूप से 7.7 फीसदी थी. पशुधन, वानिकी और मछली पकड़ने के क्षेत्र में साल-दर-साल आधार पर 0.8 फीसदी की गिरावट आई और जीवीए में योगदान देने वाले अन्य सात क्षेत्रों में से पांच में विकास की रफ्तार क्रमिक रूप से धीमी हो गई. जीवीए वृद्धि दर के सकल घरेलू उत्पाद की 8.4 फीसदी की रफ्तार से पूरे 190 आधार अंक धीमी होने की मुख्य वजह यह है कि पिछली तिमाही में शुद्ध अप्रत्यक्ष करों में साल-दर-साल आधार पर 32 फीसदी की वृद्धि होने का अनुमान है, जो मोटे तौर पर उर्वरकों सहित विभिन्न वस्तुओं पर काफी कम सब्सिडी भुगतान के परिणामस्वरूप है. (द हिंदू)

**शब्द चर्चा** डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## मजा/सुख/खुशी/आनंद

**एक** प्रसिद्ध कव्वाली है-मेरे रश्क-ए-कमर, तूने पहली नजर, जब नजर से मिलायी मजा आ गया. दूसरा फिल्मी गाना है-सुख के सब साथी, दुःख में न कोय या मुझे खुशी मिली इतनी कि मन में ना समाय, पलक बंद कर लूं, कहीं छलक ही न जाय. इन गीतों में मजा, सुख और खुशी शब्द हमें विशेष रूप से आकर्षित कर रहे हैं, जिनका सामान्य अर्थ आनंद है, लेकिन इनमें सूक्ष्म भेद हैं, जो इन्हें अलग करते हैं. मजा और खुशी दोनों फारसी मूल के हैं, जबकि सुख और आनंद तत्सम. रेख्ता उर्दू-हिंदी शब्दकोश के अनुसार मजा का मतलब है किसी काम विशेषकर किसी चीज के भोग करने पर होनेवाली वह तृप्ति, जिसमें मन और शरीर दोनों आनंद से भर उठते हैं. जैसे उनसे बात की तो मजा आ गया. वह रांची में मजे से रहता है. मैं यह काम मजे में कर लेता हूं. कभी मजा लूटने के चक्कर में काम बिगड़ जाता है तो मजा किरकिरा हो जाता है. शब्दकोश के अनुसार मजा यानी आनंद, सुख, स्वाद, जायका, हंसी, दिल्लगी, चस्का, तमाशा, सैर, दंड, सजा. खुशी का मतलब है मन में होनेवाली सुखद अनुभूति, हर्ष, आनंद, मसर्रत, प्रसन्नता, उत्साह बढ़ानेवाला भाव, इच्छा, प्रफुल्लता, तरंग, जोश, उमंग, मर्जी, ख्वाहिश, रजामंदी, राजी, रुचि, स्वीकृति मंजूरी. सुख किसी कामना की पूर्ति से होनेवाला आनंद होता है. इसका मतलब है वह अनुभूति, जो अपने तन-मन को भाये. खुशी क्षणिक होती है, लेकिन सुख स्थायी होता है. सुख केवल अल्पकालिक भावना या अस्थायी मानसिक स्थिति नहीं होता. सुख एक बहुआयामी भावना है, जिसमें होती है समग्र जीवन संतुष्टि, सकारात्मक भावनाएं, एक उद्देश्य की भावना और गहरी अनुकूल संवेदनशीलता शामिल होती है. अपनों से मिलकर खुशी होती है, किसी के साथ होने के अहसास में खुशी छिपी होती है, लेकिन सुख सौभाग्य से मिलता है. मजा, खुशी और आनंद में यही अंतर है कि मजा इंद्रियों को, खुशी मन को और आनंद आत्मा को महसूस होता है.

## राजनीति का महत्वपूर्ण धर्म भ्रष्टाचार!

• तीर-तुक्का

एसके पाण्डेय

चिम्मनलाल जी से पूछा गया कि आप तो जनतंत्र के समर्थक थे. आखिर भ्रष्टतंत्र में कैसे सम्मलित हो गए ? आप लोगों ने जनतंत्र का इतना बुरा हाल क्यों कर दिया ? क्या आप जनतंत्र का कोई भी ऐसा तन्त्र बता सकते हैं जिसमे भ्रष्टाचार न हो ? चिम्मनलाल जी बोले भ्रष्टाचार है तो लेकिन इसमें बुरा क्या है ? ज्यादा हैरान या परेशान होने की जरूरत नहीं है. भारत जैसे देश के लिए यह अच्छा संकेत है. सब समझ का फेर है. आप लोग इसे बुरा समझते हैं. और हम लोग अच्छा. और जिसे हम लोग अच्छा समझते है वह अवश्य ही फलता-फूलता है. दरअसल इसके बिना देश नहीं चल सकता. राजनीति नहीं हो सकती. जन सेवा नहीं हो सकती. भ्रष्टाचार राजनीति और जनसेवा का तड़का है. जैसे दाल में तड़का देने से दाल स्वादिष्ट हो जाती है. वैसे ही भ्रष्टाचार से राजनीति और जनसेवा की मिठास बढ़ जाती है. भारत में भ्रष्टाचार का बहुत महत्व है. देश में भ्रष्टाचार को धर्म माना जाता रहा है और भ्रष्टाचारी की पूजा होती रही है. लाख भ्रष्टाचारी हो, चाहे कितना ही बड़ा घोटाला क्यों न किया हो ? उसे दुत्कारा नहीं जाता. लोग उसे पुचकारते रहे हैं. देश की जनता उसे सिर माथे पर बिठाती है. इतिहास देखिये उन्नीस सौ उनचास से आज तक कितने भ्रष्टाचारी हुए, कितने घोटाले हुए. लेकिन जनता ने नेता को कभी निराश नहीं किया. जिसको भ्रष्टाचारी कहा गया, जनता ने उसे ही भारी मतों से विजयी बनाकर देश हित करने का कार्य-भार सौंप दिया. जिस पर जितने ही अधिक मुकदमे चल रहे होते हैं, हमारे देश की जनता उसे उतना ही योग्य राजनेता मानती है. हत्या, लूट और रेप इत्यादि के आरोपी को हमारी जनता देश हित के लिए योग्य समझती है. विश्वास न हो तो जांच-पड़ताल कर लीजिए. एक नहीं सैकड़ों उदाहरण देश में मौजूद हैं. जनता जागरूक है, वह सब कुछ जानती है. अतः यदि भ्रष्टाचार बुरा होता तो जनता भ्रष्टाचारी के हाथ को और मजबूत क्यों करती? हमारी जनता में एक ही कमी है कि यह बहकावे में आ जाती है. इसलिए कभी-कभार थोड़ा बहुत हल्ला-दंगा भी कर देती है. वरन जनता हमारे पक्ष में है. और सदा रहेगी. जनता और नेता की ऐसे ही निभेगी. हमारी सभाओं में देखो, हमारी आवाज सुनने व हमें देखने के लिए कैसा जन सैलाब उमड़ता है? हम आज की तारीख़ में भ्रष्टाचारी थोड़े हुए हैं. हम उस समय भी भ्रष्ट थे जब हम जनता से वोट मांगने गए थे. तब हमारे आचार और विचार में भ्रष्टाचार था और आज कुछ बचा ही नहीं है.



*तमाम उपलब्धियों-सफलताओं और बदलती सोच के बाद भी महिलाओं की सुरक्षा इन दिनों के एक महत्वपूर्ण मसला है जो गाहे-बगाहे माथे पर शिकन ला ही देता है. ऐसे में तकनीक महिलाओं के साथ मुस्तैद खड़ी दिखती है. आज जब फिजा में महिला सशक्तिकरण की बात गूंज रही है, आइए हम कुछ ऐसे ऐप की चर्चा करें जो आज के दौर में महिलाओं को सही मायने में सशक्त करते हैं. साथ ही कुछ ऐसे तकनीकी उपकरणों की भी जिनकी मौजूदगी उनकी मंजिल की राह को आसान बनाती है, उनके हौसले बुलंद कर रही हैं...*

# आधी आबादी के साथ खड़े हैं ये तकनीक-ऐप्स





## इंस्टॉल हों ये सेफ्टी ऐप्स

*घर से बाहर अपना वजूद बना रही महिलाओं/लड़कियों के स्मार्टफोन में गर इनमें से कोई ऐप इंस्टॉल हो तो कई विपरीत परिस्थितियों से बाहर निकलना आसान हो जाता है. इन ऐप की मौजूदगी आत्मविश्वास में इजाफा करती हैं. कुछ खास सुरक्षा ऐप्स जो कि लड़कियों और महिलाओं मोबाइल में इंस्टॉल होने चाहिए...*

### सेफ्टीपिन ऐप

यह बेहद लोकप्रिय महिला सेफ्टी ऐप्स में से एक है. इससे महिला/लड़की की यह पर्सनल सेफ्टी सुनिश्चित होती है. इसके कुछ फीचर्स हैं. जीपीएस ट्रैकिंग की सुविधा है. इमरजेंसी कॉन्टैक्ट नंबर्स, सेफ प्लेस के लिए डायरेक्शन जैसे फीचर्स भी हैं. इसके साथ ही यह यूजर्स को अनसेफ लोकेशन्स को पिन करने और दूसरों को मदद देने लायक भी बनाता है. यह ऐप अंग्रेजी और हिंदी के साथ स्पेनिश भाषा में भी है.

### रक्षा ऐप

यह महज एक क्लिक से सहायता पाने वाला सशक्त ऐप है. अगर कोई महिला/लड़की परेशानी में है तो उसकी फैमिली को उसकी करंट लोकेशन के साथ अलर्ट भेजता है. इसके लिए यूजर्स को ऐप डाउनलोड करते समय सेटिंग करनी होगी. यूजर्स उन कॉन्टैक्ट को सेलेक्ट कर सकते हैं जो लोकेशन को देखने में सक्षम होंगे. खास बात यह है कि अगर यूजर का फोन स्विच ऑफ हो गया हो या नॉन ऑपरेटिव मोड में हो, तब भी यूज़र अपने प्रियजनों को केवल तीन सेकंड के लिए वॉल्यूम की दबाकर अलर्ट कर सकती हैं. रक्षा ऐप का एसओएस फंक्शन भी इसे खास बनाता है. अगर डेटा या इंटरनेट न हो तो भी एसएमएस इसके जरिए भेजा जा सकता है.

### विमेन सेफ्टी ऐप

यह ऐप संकट की स्थिति में एक बटन दबाते ही गूगल मैप के लिंक के साथ यूजर्स की सभी डिटेल उन सभी नंबरों पर भेज देता है जिनका चयन ऐप इंस्टॉल करते समय किया गया है. मुश्किल में फंसी महिला/लड़की सिर्फ एक बटन टैप करके उस जगह और स्थिति से संबंधित जानकारी शेयर कर सकती है. जिस परिस्थिति से घिरी हैं, उसकी तस्वीर सीधे सर्वर पर अपलोड हो जाती है. इस फीचर के लिए ऐप मोबाइल फोन के फ्रंट और रियर कैमरे के इस्तेमाल से एक साथ दो फोटोज क्लिक कर सीधे सर्वर पर अपलोड करने के लिए भी डिजाइन किया गया है. इतना ही नहीं, इसमें तीन कलर्ड बटन भी हैं. स्थिति की गंभीरता के अनुसार यूजर इन बटनों का दबा कर अपने प्रियजनों को अलर्ट कर सकती हैं.

### स्मार्ट 24×7 ऐप


यह ऐप अपने देश के कई राज्यों के पुलिस विभाग द्वारा समर्थित है. परेशानी की स्थिति में आपातकालीन संपर्कों को पैनिक अलर्ट भेजता है. पैनिक सिचुएशन में यूजर्स की आवाज और हालात की तस्वीर, दोनों परिजनों व पुलिस दोनों के साथ साझा कर सकता है.

### बी सेफ

यह ऐप टैगलाइन नेवर वॉक एलोन के साथ डिजाइन किया गया है. जाहिर है, ऐप का दावा है कि यह ऐप आपके स्मार्ट फोन में है तो आप कभी भी अकेले नहीं होते, परिजनों का साथ बना रहता है. यह ऐप महिलाओं को इस बात की अनुमति देता है कि वे अपना पर्सनल सेफ्टी नेटवर्क बनाएं जिसमें मित्र, परिवार, सहकर्मी, साथी आदि शामिल हो. लाइव स्ट्रीमिंग, ऑटोमेटिक ऑडियो, वॉइस अलार्म एक्टिवेशन और वीडियो रिकॉर्डिंग सिस्टम से लैस यह ऐप यूजर्य की गतिविधियों को वास्तविक समय में ट्रैक करता है.

### शेक टू सेफ्टी

शेक 2 सेफ्टी ऐप की खासियत उपयोग में आसान और सुविधाजनक है. विपरीत परिस्थिति में पंजीकृत नंबरों पर एसओएस टेक्स्ट या कॉल भेजने के लिए यूजर्स को बस अपने स्मार्टफोन को जरा शेक करना यानी हिलाना होगा. पावर बटन को चार बार दबाने से भी यह काम हो जाएगा. यह लॉक स्क्रीन के साथ और इंटरनेट कनेक्शन के बिना भी काम करता है. न केवल महिलाओं के विरुद्ध हिंसा/अपराध को रोकने, बल्कि इस ऐप का उपयोग दुर्घटना, उत्पीड़न, डकैती या किसी प्राकृतिक आपदा की स्थिति में भी किया जा सकता है.



## हौसला बढ़ाते ये गैजेट्स

कुछ सेफ्टी गैजेट्स भी इन दिनों ऑनलाइन/ऑफलाइन मार्केट में सहजता से उपलब्ध हैं जो विपरीत परिस्थितियों में महिलाओं की हिम्मत बुलंद करते हैं. सौ रुपए से दो हजार रुपए तक के रेंज में आपको इसके कई विकल्प मिल जाएंगे. ज्यादातर आकार में छोटे और वजन में हल्के हैं जिन्हें महिलाएं/लड़कियां अपने कपड़ों की जेब या साथ के पर्स में आसानी से रख सकती हैं.

### पेपर स्प्रे



यह महिलाओं के लिए कानूनी रूप से स्वीकृत सुरक्षा उपायों में से एक है. इसे दुश्मन पर अंधाधुंध तरीके से कैसे भी स्प्रे किया जा सकता है. इसके इस्तेमाल से सामने वाले की आंखों में तेज जलन और शरीर में काफी खुजली होने लगती है और महिलाओं/लड़कियों को इतना मौका मिल जाता है कि वे वहां से निकल जाएं या मदद के लिए कोई कदम उठाएं.

### सेफ्टी टॉर्च

शॉक इफेक्ट के साथ रिचार्जेबल सेफ्टी टॉर्च सभी महिलाओं के लिए एक बहुत ही उपयोगी गैजेट है. इसमें छिपी हुई एलईडी इलेक्ट्रिक फ्लैशलाइट्स के इस्तेमाल से असामाजिक तत्व कुछ समय के लिए अपंगता की स्थिति में आ जाते हैं और महिला/लड़की को इतना समय मिल जाा है कि वे अपना बचाव कर वहां से निकल जाएं या मदद के लिए किसी को बुलाएं.

### साउंड ग्रेनेड

साउंड ग्रेनेड एक प्रकार का ई-अलार्म होता है. इसकी जोरदार आवाज 120डीबी तक जाती है. महज 20 ग्राम का छोटा सा यह डिवाइस पॉकेट, बैग कहीं भी रखा जा सकता है. इसकी तेज आवाज से जहां आसपास के लोग चौकन्ने हो जाते हैं और बदमाश किस्म के लोग भाग खड़े होते हैं.

### सेफलेट

यह हाथों में आसानी से ब्रेसलेट की तरह पहने जाने वाला एक सुरक्षा उपकरण है. इसमें दो बटन होते हैं जिनका उपयोग संदेश भेजने और माता-पिता से संपर्क करने के लिए किया जा सकता है. यह यूजर के मोबाइल फोन के साथ सिंक में वॉयस रिकॉर्डिंग भी शुरू कर देता है. कोई भी खतरनाक स्थिति होने पर यह आपके परिवार वालों को तुरंत अलर्ट का मैसेज भेज देता है.

### पेपर जेल

यह पेपर स्प्रे की तरह ही होता है, पर उससे कहीं अधिक प्रभावी. इसका उपयोग बड़ी दूरी के लिए भी किया जा सकता है.

---

स्मार्टफोन रिव्यू

## सैमसंग ग्लैक्सी एफ 15 फाइव

### दमदार फीचर्स के साथ किफायती फोन

सैमसंग ने भारत में नया बजट स्मार्टफोन ग्लैक्सी एफ 15 फाइव लॉन्च कर दिया है. दमदार बैटरी और स्टोरेज वाले इस फोन की शुरुआती कीमत 15,999 रुपए रखी गई है. आइए जानते हैं इस फोन के सभी स्पेसिफिकेशंस के बारे में.

**तीन कैमरे**

फोटोग्राफी के लिए कंपनी इस फोन में एलईडी फ्लैश के साथ तीन कैमरे दे रही है. इस फोन में 50 मेगापिक्सल का सेंसर, 5 मेगापिक्सल का सेंसर और 2 मेगापिक्सल के सेंसर के साथ ट्रिपल-कैमरा सेटअप दिया गया है. सेल्फी के लिए सैमसंग के इस फोन में 13 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा दिया गया है.

**दमदार बैटरी**

पावर के लिए इस सैमसंग फोन में 6,000 मेगा हट्र्ज की बैटरी दी गई है. यह बैटरी 25 वॉट की फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करती है. कंपनी का दावा है कि फोन एक बार चार्ज करने पर दो दिन तक चल सकती है.

**स्टोरेज और कीमत**

सैमसंग ग्लैक्सी एफ 15 फाइव जी का बेस मॉडल 4 जीबी रैम और 128जीबी स्टोरेज वाला है. इस मॉडल की कीमत 15,999 रुपये रखी गई है. नया फोन 6जीबी रैम और 128 जीबी इंटरनल स्टोरेज के साथ आता है, जिसकी कीमत 16,999 रुपए है. इसकी स्टोरेज को यूज़र्स माइक्रोएसडी कार्ड के जरिए 1 टीबी तक बढ़ा भी सकते हैं.

**कलर ऑप्शन**

यह फोन तीन कलर आप्शन में उपलब्ध है. इसे जैजी ग्रीन और ग्रूवी वायलेट और ऐश ब्लैक कलर ऑप्शन में खरीदा जा सकता है.

**प्रोसेसर, अपडेट और कनेक्टिविटी**

फोन में मीडियाटेक डाइमेंशन 6100+ प्रोसेसर और सॉफ्टवेयर अपडेट है. ओएस की बात करें तो फोन ऐंड्रॉयड 14 पर बेस्ड वन यूआई 6.0 पर काम करता है. खास बात ये है कि सैमसंग ने चार साल के एंड्रॉइड अपडेट और पांच साल के सिक्योरिटी अपडेट देने का भी वादा किया है. इस फोन को कंपनी 4 जेनरेशन तक ऐंड्रॉयड अपडेट भी देगी. कनेक्टिविटी के लिए इसमें ब्लूटूथ, वाई-फाई और 3.5 एमएम जैक जैसे ऑप्शन मिलेंगे.



---

हुंडई क्रेटा एन लाइन एसयूवी


## लॉन्चिंग 11 मार्च को, बुकिंग जारी

*हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड की नई स्पोर्टी हुंडई क्रेटा एन लाइन एसयूवी 11 मार्च को लॉन्च होगी और इसके लिए बुकिंग शुरू कर दी गई है. ग्राहक इसे 25,000 रुपये की टोकन मनी के साथ हुंडई डीलरशिप या आधिकारिक वेबसाइट से ऑनलाइन बुक करा सकते हैं. कंपनी की ओर से जारी जानकारी के अनुसार बुकिंग के बाद छह से आठ सप्ताह में ग्राहक को डिलीवर की जाएगी. फिलवक्त इसकी कीमतों को खुलासा नहीं हुआ है.*

### शानदार लुक

नई क्रेटा एन लाइन में डग्ल्यूआरसी इंस्पायर्ड डिजाइन होगा. स्पोर्टी लुक के साथ पावरफुल परफॉर्मेंस और बेहतरीन ड्राइविंग एक्सपीरियंस भी मिलेगा. कई सारे एंगल कट और कंप्रिहेंसिव एयर इनलेट्स के साथ नई ग्रिल और बम्पर लगे होंगे. पीछे एक मैन डिफ्यूज़र के साथ एक स्पोर्टियर बम्पर मिलेगा. हेडलैंप, टेललाइट्स और एलईडी डीआरएल पूर्ववत होंगे.

### ये हैं सेफ्टी फीचर्स



हुंडई क्रेटा एन लाइन 42 स्टैंडर्ड सेफ्टी फीचर्स और 70 से ज्यादा अडवांस्ड सेफ्टी फीचर्स से लैस होगी. इनमें 6 एयरबैग्स, इलेक्ट्रोनिक स्टैबिलिटी कंट्रोल, ऑटो होल्ड के साथ इलेक्ट्रोनिक पार्किंग ब्रेक, हिल असिस्ट कंट्रोल समेत कई सुरक्षा फीचर्स शामिल हैं.

### इंजन और पावर

नई क्रेटा एन लाइन को 1.5-लीटर चार-सिलेंडर टर्बो-पेट्रोल इंजन के साथ पेश किया जाएगा. यह इंजन 160 एचपी की पावर और 253 एनएम का टॉर्क देता है. कंपनी की ओर से जारी जानकारी के अनुसार यह दो गियरबॉक्स-7-स्पीड डीसीटी और एक 6-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स के साथ आएगा.



---

## नए दावे के साथ नोकिया स्मार्टफोन मार्केट में आया

नोकिया का नया हैंडसेट अपने देश में लॉन्च हो गया है. यह है नोकिया जी 42 फाइव जी 4 जीबी रैम वेरिएंट भारत में लॉन्च हो गया है. इसकी कीमत 10 हजार रुपए है. आइए इस वेरिएंट की कीमत, स्पेसिपिकेशन और कैमरा डिटेल्स आदि के बारे में जानते हैं.

**लगातार आ रहे नए वेरिएंट**

नोकिया जी 42 5 जी को दो कलर ऑप्शन और सिंगल रैम व स्टोरेज ऑप्शन में अपने देश में सितंबर 2023 में लॉन्च किया गया था. अक्टूबर, 2023 में कंपनी ने फोन के एक नए कलर ऑप्शन और दूसरे रैम और स्टोरेज ऑप्शन को उतारा था. अब कंपनी ने फोन के नए 4 जीबी रैम वेरिएंट को पेश किया है.

**स्टोरेज और कीमत:** नोकिया जी 42 फाइव जी के नए 4 जीबी + 128 जीबी वेरिएंट की कीमत 9,999 रुपए रखी गई है. वहीं, 6 जीबी + 128 जीबी वेरिएंट की मौजूदा कीमत 12,999 रुपये और 8 जीबी + 256 जीबी वेरिएंट की कीमत 16,999 रुपए तय की गई है.

**कलर ऑप्शन:** ये फोन तीन रंग विकल्प में उपलब्ध है. सो ग्रे, सो पिंक और सो पर्पल कलर ऑप्शन में इस फोन को आप खरीद सकते हैं.

**डिस्प्ले व स्टोरेज:** इस स्मार्टफोन में 90 हट्र्ज रिफ्रेश रेट और 560 निट्स पीक ब्राइटनेस के साथ 6.56 इंच एचडी प्लस (720 x 1,612 पिक्सल) एलसीडी डिस्प्ले दिया गया है. साथ ही डिस्प्ले में कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास 3 प्रोटेक्शन भी मिलता है. इस फोन में 8 जीबी तक रैम और 256 जीबी स्टोरेज है.

**कैमरा:** फोन में ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप दिया गया है. इसमें 50 मेगा पिक्सल का प्राइमरी कैमरा दिया है. सेकेंडरी कैमरा 2 मेगा पिक्सल डेप्थ कैमरा और 2 मेगापिक्सल का मैक्रो कैमरा दिया है. फोटोग्राफी के लिए फोन के रियर में 50मेगापिक्सल प्राइमरी कैमरा है. इसके फ्रंट में 8 मेगा पिक्सल का कैमरा सेल्फी के लिए मिलता है.

**बैटरी:** 5,000 मेगाहट्र्ज की बैटरी 20 वाट वायर्ड फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ मिलती है. सिक्योरिटी के लिए यहां फिंगरप्रिंट सेंसर साइड माउंटेड है.

**प्रोसेसर और रैम:** नोकिया जी 42 5 जी में ऑक्टा-कोर क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 480 प्लस प्रोसेसर मिलता है. यह एडरेनो 619 जीपीयू के साथ आता है. 4जीबी रैम के साथ 2जीबी वर्चुअल रैम, 6 जीबी रैम के साथ 5 जीबी वर्चुअल रैम और 8जीबी रैम के साथ 8जीबी वर्चुअल रैम मिलेगी.



संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

### फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में पीवी सिंधु, के. श्रीकांत और एचएस प्रणय भी होंगे

# सात्विक और चिराग पर होगी अब सबकी नजर



**प्रबल दावेदार**

- सात्विक व चिराग ने 2022 में फ्रेंच ओपन जीता था
- ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता हैं पीवी सिंधु

**एजेंसी। पेरिस**

पिछली तीन प्रतियोगिताओं में उपविजेता रही सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से पेरिस में शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में 2022 की अपनी सफलता को दोहराने के लिए कोर्ट पर उतरेंगे. सात्विक और चिराग की विश्व में नंबर एक जोड़ी नवंबर में चीन मास्टर्स सुपर 750, जनवरी में मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 में फाइनल की बाधा पार करने में नाकाम रही थी. फ्रेंच ओपन में यह भारतीय जोड़ी हालांकि खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी. भारत के चोटी के खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता से पोर्ट डे ला चैपल में एडिडास एरेना को समझने का मौका भी मिलेगा. जहां पेरिस ओलंपिक के दौरान बैडमिंटन के मैच खेले जाएंगे. सात्विक और चिराग ने 2022 में फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था. वह मलेशिया के ओंग यू सिन और टीओ ई यी के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे. ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधु के लिए भी यह टूर्नामेंट बेहद महत्वपूर्ण है. उन्होंने चार महीने तक बाहर रहने के बाद मलेशिया में खेली गई एशियाई चैंपियनशिप में वापसी की थी. दुनिया की 11वें नंबर की भारतीय खिलाड़ी अपने अभियान की शुरुआत कनाडा की मिशेल ली के खिलाफ करेगी. प्रतियोगिता में आगे बढ़ने पर उनका सामना तीन बार की पूर्व विश्व चैंपियन स्पेन की कैरोलिना मारिन से हो सकता है. पुरुष एकल में विश्व के सातवें नंबर के खिलाड़ी एचएस प्रणय ने इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी और वह यहां उससे बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे. उनका पहला मुकाबला चीन के लू गुआंग जू से होगा. पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की दौड़ में शामिल लक्ष्य सेन पिछले कुछ समय से [illegible] प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं. उनको पहले दौर में ही जापान के कांता सुनेयामा की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा. विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत को भी अपने शुरुआती मैच में चीनी ताइपे के चाउ टीएन चेन से कड़ी चुनौती मिल सकती है, जबकि युवा प्रियांशु राजावत पहले दौर में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसन का सामना करेंगे. महिला युगल में त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद तथा तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा की भारतीय जोड़ियां पहले दौर में एक दूसरे के आमने-सामने होंगी.

### भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का पांचवां मैच धर्मशाला में खेला जाएगा

# पांचवें टेस्ट के लिए भारत तैयार




**कड़ा मुकाबला**

- टेस्ट मैच से पहले दोनों टीमें मैदान में अभ्यास करेंगी
- भारत ने इस सीरीज में 3–1 से अजेय बढ़त बना ली है
- भारत अपने घर पर खेलते हुए 17वीं टेस्ट सीरीज जीता

**भाषा। नयी दिल्ली**

भारत-इंग्लैंड के बीच जारी टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया का मनोबल काफी ऊंचा है. लंबे समय बाद ऐसा अवसर आया है जब भारत सीरीज में तीन टेस्ट जीतकर काफी आगे चल रहा है. इसलिए दर्शकों की नजर अब धर्मशाला में होनेवाले पांचवें मैच पर है. भारत-इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का पांचवां मैच धर्मशाला में 7 मार्च से खेला जाएगा. इस मैच के लिए भारत और इंग्लैंड की दोनों टीमें चंडीगढ़ से स्पाइसजेट विमान से सोमवार को हिमाचल पहुंच गईं. बता दें कि टेस्ट मैच से पहले 4 मार्च से लेकर 6 मार्च तक दोनों टीमें धर्मशाला के मैदान में अभ्यास करेंगी. अगर सीरीज की बात की जाए, तो भारत ने 3-1 से अजेय बढ़त बना ली है. भारतीय टीम आखिरी टेस्ट मैच जीतकर सीरीज को 4-1 से अपने नाम करना चाहेगी. भारत अपने घर पर खेलते हुए लगातार 17वीं टेस्ट सीरीज जीता है. टीम के युवा खिलाड़ियों ने इस सीरीज में कमाल का प्रदर्शन किया है.

दरअसल, पांच मैचों की इस सीरीज में अब तक चार मैच खेले जा चुके हैं, जिसमें भारत ने तीन मैच जीत कर सीरीज अपने नाम कर ली है. हिमाचल के क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में खेले जाने वाला अब तक का यह दूसरा मैच है, इससे पहले 2017 में भारत और आस्ट्रेलिया के बीच 25 मार्च से 28 मार्च 2017 तक खेला गया था. धर्मशाला में पांचवां टेस्ट जीतते ही टीम इंडिया के पास ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसी टीमों की बराबरी करने का मौका है. दरअसल, पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में पहला टेस्ट हारने के बाद अब तक दो ही टीमों ने जबरदस्त वापसी करते हुए बाकी के चार मैच जीते हैं. दो टीमों ने ऐसा तीन बार किया है. ऑस्ट्रेलिया ने ऐसा दो बार और इंग्लैंड ने एक बार किया है. पिछली बार ऐसा 112 साल पहले इंग्लैंड ने किया था. उन्होंने 1912 में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में पहला मुकाबला गंवाने के बाद इंग्लिश टीम ने जबरदस्त वापसी करते हुए बाकी के चार मुकाबले जीते थे. वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने ऐसा-1897/98 में और 1901/02 में किया था.

टीम इंडिया के पास पिछले 112 वर्षों में ऐसी पहली टीम बनने का मौका है जिसने पहला टेस्ट गंवाने के बाद सीरीज के बाकी बचे चार टेस्ट जीते. इंग्लैंड ने हैदराबाद में पहला टेस्ट 28 रन से जीता था. इसके बाद भारत ने जबरदस्त वापसी करते हुए विशाखापत्तनम में दूसरा टेस्ट 106 रन से, राजकोट में तीसरा टेस्ट 434 रन से और फिर रांची में चौथा टेस्ट पांच विकेट से अपने नाम किया. भारत ने घरेलू जमीन पर लगातार 17वीं टेस्ट सीरीज जीती है, जो कि एक रिकॉर्ड है. जीत का यह सिलसिला 22 फरवरी 2013 से अब तक जारी है. दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया है, जिसने 1994 से लेकर 2001 तक अपने घर में लगातार 10 टेस्ट सीरीज जीती थी. भारत ने सातवीं बार टेस्ट में सीरीज में 0-1 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सीरीज अपने नाम की है. कप्तान स्टोक्स और कैच ब्रैंडन मैकुलम के साथ आने के बाद इंग्लैंड की यह पहली टेस्ट सीरीज हार है. भारत ने बैजबॉल को ध्वस्त कर दिया है. बैजबॉल इंग्लैंड के आक्रामक क्रिकेट स्टाइल को कहा जाता है. यह पहली बार है जब स्टोक्स व मैकुलम के रहते इंग्लैंड तीन टेस्ट मैच हारी है.



### रविंद्र जडेजा के लिए है खास

पांचवें टेस्ट मैच के लिए टीम इंडिया का ऐलान कर दिया गया है. जसप्रीत बुमराह की वापसी हुई है. सीरीज का आखिरी मैच टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा के लिए काफी खास रहने वाला है. वह इस मैच में एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर सकते हैं. रवींद्र जडेजा टीम इंडिया के लिए अभी तक 71 टेस्ट मैच खेल चुके हैं. वह गेंद के साथ–साथ बल्ले से भी टीम इंडिया के लिए बड़े मैच विनर साबित होते हैं. वह अपने टेस्ट करियर में 300 विकेट पूरे करने के काफी करीब पहुंच चुके हैं. रवींद्र जडेजा को टेस्ट में 300 विकेट हासिल करने के लिए 8 विकेट की जरूरत है. वह सीरीज के आखिरी मैच में इस रिकॉर्ड को अपने नाम करना चाहेंगे. रवींद्र जडेजा टेस्ट में भारत के लिए 300 विकेट लेने वाले 7वें गेंदबाज बनने के काफी करीब हैं. अभी तक ये कारनामा अनिल कुंबले, रविचंद्रन अश्विन, कपिल देव, हरभजन सिंह, ईशांत शर्मा और जहीर खान कर चुके हैं. बता दें रवींद्र जडेजा ने टीम इंडिया के लिए अभी तक 71 टेस्ट मैचों में 24.15 की औसत से 292 विकेट लिए हैं. इस दौरान वह 13 बार एक पारी में 5 विकेट अपने नाम कर चुके हैं. वहीं, उन्होंने 33021 रन भी बनाए हैं.

# आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद टीम का नेतृत्व करेंगे पैट कमिंस



**एजेंसी हैदराबाद**

ऑस्ट्रेलिया के विश्व कप विजेता कप्तान पैट कमिंस 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सनराइजर्स हैदराबाद का नेतृत्व करेंगे. फ्रेंचाइजी ने सोमवार को यह घोषणा की. सनराइजर्स ने पिछले साल दिसंबर में हुई आईपीएल नीलामी में इस 30 वर्षीय तेज गेंदबाज को 20.50 करोड रुपए में खरीदा था. वह आईपीएल नीलामी में सर्वाधिक कीमत पर बिकने वाले खिलाड़ियों की सूची में दूसरे नंबर पर हैं. कमिंस दक्षिण अफ्रीका के एडेन मार्कराम की जगह लेंगे जिन्होंने 2023 के सत्र में टीम की अगुवाई की थी.

सनराइजर्स ने कमिंस की तस्वीर के साथ सोशल मीडिया पर लिखा कि हमारे नए कप्तान पैट कमिंस. कमिंस इससे पहले कोलकाता नाइट राइडर्स और दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) की तरफ से आईपीएल में खेल चुके हैं. हालांकि आईपीएल में यह पहला अवसर होगा जबकि वह किसी टीम की कप्तानी करेंगे. असल में कमिंस को टी20 में शीर्ष स्तर पर कप्तानी करने का अनुभव नहीं है. कमिंस को हालांकि ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करते हुए अपार सफलता मिली है. उनके नेतृत्व में ऑस्ट्रेलिया ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे विश्व कप जीता. ऑस्ट्रेलिया ने इन दोनों प्रतियोगिताओं के फाइनल में भारत को हराया. आईपीएल में कमिंस ने अभी तक 42 मैच खेले हैं जिनमें उन्होंने 45 विकेट लिए हैं. उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 34 रन देकर चार विकेट है. इसके अलावा उन्होंने 379 रन बनाए हैं जिनमें उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 66 रन है. कमिंस ने आईपीएल में अपना पहला मैच 2014 में कोलकाता नाइट राइडर्स की तरफ से खेला था. वह 2017 में दिल्ली डेयरडेविल्स की तरफ से खेले थे और कुछ वर्षों तक आईपीएल से बाहर रहे. कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2020 की नीलामी में कमिंस को 15.50 करोड रुपए की मोटी कीमत पर खरीदा था.

वह 2022 तक कोलकाता की टीम से जुड़े रहे और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट पर ध्यान देने के लिए उन्होंने 2023 में आईपीएल में हिस्सा नहीं लिया था. वह 2024 के सत्र के लिए नीलामी में शामिल हुए तथा आईपीएल के इतिहास में 20 करोड रुपए या इससे अधिक की धनराशि में बिकने वाले पहले खिलाड़ी बने. ऑस्ट्रेलिया के उनके साथी तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने हालांकि इसी नीलामी में उनको पीछे छोड़ दिया था. कोलकाता की टीम ने स्टार्क को 24.75 करोड़ रुपए में खरीदा. जहां तक सनराइजर्स हैदराबाद की बात है तो कमिंस तीन सत्र में उसके तीसरे कप्तान होंगे.

न्यूजीलैंड के केन विलियमसन ने 2022 में सनराइजर्स की कप्तानी की थी. विलियमसन की कप्तानी में टीम आठवें स्थान पर रही थी जिसके बाद उन्हें 'रिलीज' कर दिया गया था. मार्कराम की कप्तानी में भी टीम का भाग्य नहीं बदला और रह 14 लीग मैच में से केवल चार में जीत दर्ज कर पाई थी. मार्कराम आगामी सत्र के लिए भी टीम में बने रहेंगे. नए कप्तान के अलावा सनराइजर्स ने 2024 आईपीएल सत्र के लिए ब्रायन लारा की जगह न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान डेनियल विटोरी को अपना मुख्य कोच नियुक्त किया है. न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर जेम्स फ्रैंकलिन दक्षिण अफ्रीका के डेल स्टेन की जगह टीम के नए गेंदबाजी कोच होंगे. सनराइजर्स आईपीएल 2024 में अपना पहला मैच कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 23 मार्च को ईडन गार्डन्स में खेलेगा.

# भारतीय टेबल टेनिस टीम ओलंपिक के लिए क्वालीफाई




**एजेंसी। नयी दिल्ली**

भारतीय पुरुष और महिला टीम ने सोमवार को अपनी विश्व रैंकिंग के आधार पर पहली बार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर इतिहास रच दिया. पिछले महीने बुसान में विश्व टीम चैम्पियनशिप पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट थी और इसके समापन के बाद टीम स्पर्धाओं में सात स्थान बचे थे जिनके लिए टीमों को उनकी रैंकिंग के आधार पर चुना गया. आईआईटीएफ ने कहा कि ताजा विश्व टीम रैंकिंग में शीर्ष रैंकिंग की जो टीम क्वालीफाई नहीं कर सकीं, उन्होंने पेरिस 2024 के लिए अपना टिकट हासिल कर लिया. महिलाओं की स्पर्धा में भारत 13वीं रैंकिंग पर काबिज था.

## मैनचेस्टर ने युनाइटेड को 3-1 से हरा दिया

**मैनचेस्टर।** फिल फोडेन के दो गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी मैनचेस्टर युनाइटेड को 3-1 से हराकर दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत की. हालांकि मार्कस रशफोर्ड ने आठवें मिनट में गोल करके मैनचेस्टर युनाइटेड को बढ़त दिला दी थी. इस गोल की मदद से वह मध्यांतर तक 1-0 की बढ़त पर था. मैनचेस्टर सिटी ने दूसरे हाफ में अच्छी वापसी की. फोडेन ने 56वें मिनट में बराबरी का गोल दागा और फिर 80वें मिनट में अपनी टीम को बढ़त दिलाई. स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हॉलैंड ने इंजरी टाइम में मैनचेस्टर सिटी की तरफ से तीसरा गोल किया. इससे मैनचेस्टर सिटी के 27 मैच में 62 अंक हो गए हैं और वह वरपूल से एक अंक पीछे है.

### न्यूजीलैंड के डेवोन कॉनवे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में चोटिल हुए थे

# डेवोन को ठीक होने में लगेंगे 8 हफ्ते



**भाषा। नयी दिल्ली**


आईपीएल टीम चेन्नई सुपर किंग्स के लिए अच्छी खबर नहीं है. आईपीएल 2024 के आगाज से पहले चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को बड़ा झटका लगा है. सीएसके टीम के स्टार ओपनर डेवोन कॉनवे आईपीएल 2024 के आधे सीजन से बाहर रह सकते हैं.

न्यूजीलैंड के बैटर डेवोन कॉनवे का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज के दौरान अंगूठे में चोट लग गई थी. इस वजह से वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला टेस्ट भी नहीं खेल पाए थे. उनकी इंजरी को लेकर अब न्यूजीलैंड क्रिकेट ने यह अपडेट दिया है कि उन्हें अपनी इंजरी की जल्द ही सर्जरी करानी होगी. ऐसे में डेवोन अपनी सर्जरी की वजह से 8 महीनों तक एक्शन से बाहर रहेंगे. उनकी इंजरी ने एमएस धोनी की सीएसके टीम की मुश्किलें बढ़ गई हैं. दरअसल, न्यूजीलैंड क्रिकेट ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले स्टार बैटर डेवोन कॉनवे को लेकर एक अपेडट दिया. ब्लैककैप्स ने कहा कि डेवोन को इंजरी से रिकवर होने में लगभग 8 हफ्ते लगेंगे. उनकी जगह टेस्ट मैच के लिए विल ओ रूर्के को टीम में शामिल किया है. इसके अलावा आईपीएल 2024 के आधे सीजन से भी डेवोन कॉनवे बाहर हो सकते हैं, जिससे सीएसके की टीम की मुश्किलें बढ़ गई हैं. सीएसके टीम के मैच विनर डेवोन कॉनवे ने पिछले सीजन में चेन्नई टीम के लिए शानदार ओपनिंग की थी. डेवोन को 1 करोड़ रुपये में सीएसके ने अपने साथ जोड़ा था. कॉनवे ने आईपीएल 2023 में 16 मैच खेलत हुए 6 अर्धशतक जमाए और कुल 672 रन बनाए थे. इस दौरान उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 92 रन का रहा था.

# एमएस धौनी के फेसबुक पोस्ट ने बढ़ाई फैंस की बेचैनी

**संवाददाता। रांची।**

महेंद्र सिंह धौनी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखा है, जिसको लेकर चर्चा तेज हो गई है. धौनी ने फेसबुक पर लिखा है 'नए सीज़न और नई भूमिका'' का इंतज़ार नहीं कर सकता. बने रहें!'. उनके इस पोस्ट के कई मायने निकाले जा रहे हैं. सोशल मीडिया पर धौनी का पोस्ट कुछ ही देर में वायरल हो गया. कुछ यूजर्स ने लिखा कि धोनी सीएसके के कोच बन सकते हैं. तो कुछ ने लिखा कि मेंटर. कुछ धौनी के आईपीएल से रिटायर होने की बात कह रहे हैं. हालांकि धौनी किस रोल में होंगे यह खुलासा नहीं किया है. जबकि चेन्नई सुपर किंग्स का प्री-सीजन कैंप शनिवार से शुरू हो गया है. तेज



गेंदबाज दीपक चाहर मैदान पर खूब पसीना बहा रहे हैं. 22 मार्च से आईपीएल 2024 शुरू हो रहा है. इसकी निगाहें इसपर टिकी हैं. तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन (टीएनसीए) के एक अधिकारी ने पीटीआई को बताया कि शुक्रवार को कुछ खिलाड़ी पहुंचे हैं और आने वाले दिनों में और खिलाड़ियों के आने की उम्मीद है.

**रणजी ट्राफी**

### मुंबई ने तमिलनाडु को सेमीफाइनल में पारी और 70 रन से शिकस्त दिया

# तमिलनाडु को हराकर मुंबई की टीम फाइनल में



**एजेंसी। मुंबई**

शार्दुल ठाकुर के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत कई बार की चैम्पियन मुंबई ने सोमवार को यहां तमिलनाडु को सेमीफाइनल में तीन दिन के अंदर पारी और 70 रन से शिकस्त देकर रणजी ट्राफी फाइनल में प्रवेश किया. दूसरे दिन 109 रन की शतकीय पारी खेलकर मुंबई को पहली पारी के आधार पर 232 रन की विशाल बढ़त दिलाने के बाद ठाकुर की अगुआई वाले मुंबई के गेंदबाजी आक्रमण ने तमिलनाडु को दूसरी पारी में महज 162 रन पर समेट दिया. मेहमान टीम के लिए केवल बाबा इंद्रजीत (70 रन) ही टिककर खेल सके और बाकी के बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन से तमिलनाडु की टीम अपने पहले रणजी नॉकआउट मैच में कोई चुनौती पेश नहीं कर सकी. एक बार फिर तमिलनाडु के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज कोई भी योगदान नहीं कर सके जिससे मध्यक्रम ने भी दबाव में घुटने टेक दिये. हालांकि इंद्रजीत और प्रदोष रंजन पॉल ने चौथे विकेट के लिए 73 रन बनाकर चुनौती पेश करने की कोशिश की लेकिन सिर्फ एक भागीदारी से काम नहीं चलने वाला था.

मुंबई की जीत में गेंदबाजी आल राउंडर ठाकुर (109 रन, 48 रन देकर दो विकेट और 16 रन देकर दो विकेट) की भूमिका अहम रही जिन्होंने दूसरे दिन सभी प्रारूपों में अपना पहला शतक जड़कर टीम को पहली पारी में सात विकेट पर 106 रन से उबारकर 232 रन की बढ़त दिलायी थी. फिर तीसरे दिन ठाकुर ने शुरू में ही तमिलनाडु के दो विकेट झटक लिये जिससे मुंबई ने मेहमान टीम के दूसरी पारी में 10 रन तक तीन विकेट हासिल कर लिये थे. बी साई सुदर्शन को हालांकि श्रेयस अय्यर ने पहले ओवर में मिडविकेट पर कैच छोड़कर जीवनदान दिया लेकिन ठाकुर ने शानदार इनस्विंगर पर बायें हाथ के इस बल्लेबाज को विकेटकीपर के हाथों कैच आउट करा दिया. ठाकुर ने नयी गेंद से खतरनाक स्विंग हासिल की.

# केटी बोल्टर ने जीता सैन डिएगो ओपन टेनिस टूर्नामेंट



**एजेंसी। सैन डिएगो**

इंग्लैंड की गैरवरीयता प्राप्त केटी बोल्टर ने उलटफेर करने का अपना सिलसिला जारी रखते हुए फाइनल में यहां यूक्रेन की छठी वरीयता प्राप्त मार्ता कोस्त्युक को हराकर सैन डिएगो ओपन टेनिस टूर्नामेंट में एकल खिताब जीता. बोल्टर ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी की और कोस्त्युक को 5-7, 6-2, 6-2 से पराजित करके अपने करियर का दूसरा एकल खिताब हासिल किया. इंग्लैंड की यह 27 वर्षीय खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में पांच वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को हराकर चैंपियन बनी. बोल्टर ने मैच के बाद कहा कि मैं अपनी मुस्कान को रोक नहीं सकती. मैंने अपने करियर में इसे लक्ष्य बनाया था और अब जबकि मैंने यह हासिल कर लिया है तो मैं इसे आगे जारी रखना चाहती हूं.

## रऊफ का अनुबंध बहाल कर सकता है पीसीबी

**लाहौर।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ का केंद्रीय अनुबंध देश के क्रिकेट बोर्ड की कानूनी टीम की समीक्षा के बाद बहाल किया जा सकता है. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के आधिकारिक सूत्र ने सोमवार को यह जानकारी दी. रऊफ ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जनवरी में तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में खेलने से इनकार कर दिया था और पीसीबी ने उनके इस फैसले को गंभीरता से लेते हुए पाकिस्तान सुपर लीग के शुरू होने से दो दिन पहले उनका केंद्रीय अनुबंध समाप्त कर दिया था. ऑस्ट्रेलिया ने तीनों टेस्ट मैच में जीत दर्ज करके क्लीन स्वीप किया था. रऊफ ने अपना केंद्रीय अनुबंध बहाल करने के लिए अपील की थी.

**ब्रीफ खबरें**

### शाह नौ मार्च को करेंगे चुनाव का शंखनाद

**पटना ।** बिहार में एनडीए सरकार का गठन हुए अभी एक माह का ही समय गुजारा है कि भाजपा के दिग्गज नेताओं का दौरा शुरू हो चुका है. केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह नौ मार्च को पटना जिले के पालीगंज आएंगे. वे यहां लोकसभा चुनाव का शंखनाद करेंगे. वे अनुमंडल मुख्यालय बाजार स्थित कृषि फॉर्म के मैदान में रैली को संबोधित करेंगे. एनडीए सरकार बनने के बाद वे पहली बार बिहार आ रहे हैं. रैली की तैयारी भाजपा ने शुरू कर दी है. इस रैली में एक लाख लोगों को जुटाने का लक्ष्य है.

### जमुई में युवक की लाश मिली, मचा हड़कंप

**जमुई ।** जमुई में ससुराल आए युवक की संदिग्ध अवस्था में पुलिस ने शव बरामद किया है. घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई. मामला सिकंदरा थाना क्षेत्र के राजाडीह गांव की है. मृतक की पहचान नवादा जिले के कौवाकोल थाना अंतर्गत केवाली कर्मा निवासी ब्रह्मदेव यादव का 35 वर्षीय पुत्र नवलेश प्रसाद के रूप में हुई है. मृतक के परिजन ने सास, ससुर, पत्नी और साला पर मारपीट तथा जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है. वहीं स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है.

### सरकार ने 22 डीएसपी का किया ट्रांसफर

**पटना ।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 22 डीएसपी का ट्रांसफर किया है. गृह विभाग की तरफ से इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है. पुलिस उपाधीक्षक डीआईजी कार्यालय चंपारण क्षेत्र अजय कुमार को बारसोई का एसडीपीओ बनाया गया है. मधेपुरा के डीएसपी सुरेन्द्र कुमार को एसडीपीओ सुपौल के पद पर पदस्थापित किया गया है. वहीं, पुलिस उपाधीक्षक डीआईजी कार्यालय चंपारण क्षेत्र अजय कुमार को बारसोई का एसडीपीओ बनाया गया है. मधेपुरा के डीएसपी सुरेन्द्र कुमार को एसडीपीओ सुपौल के पद पर पदस्थापित किया गया है.

## सीएम नीतीश ने किया बिहार जलवायु सम्मेलन का शुभारंभ

# सीएम ने 26 विकास योजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास

**संवाददाता । पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के ज्ञान भवन में बिहार जलवायु सम्मेलन एवं प्रदर्शनी का फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया. मौके पर मुख्यमंत्री ने 108 करोड़ 33 लाख रुपये लागत की पार्क, ईको टूरिज्म, भू-जल संरक्षण एवं आधारभूत संरचना विकास की 26 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास भी किया.

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा पूर्णिया और भागलपुर में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालयों का उद्घाटन तथा 'बिहार की जलवायु अनुकूल एवं न्यून कार्बन प्रारूप' रणनीति का लोकार्पण किया गया. उल्लेखनीय है कि बिहार एक आपदा प्रवण राज्य है और जलवायु परिवर्तन के कारण विगत कुछ दशकों से बाढ़, सुखाड़, आकाशीय विद्युत जैसी आपदाओं की तीव्रता और आवृत्ति में बढ़ोतरी हुई है.

इस पृष्ठभूमि में राज्य सरकार द्वारा जलवायु परिवर्तन शमन एवं अनुकूलन की दिशा में अनेक कदम उठाये गये हैं जिनमें 'जल-जीवन-हरियाली अभियान' एवं जलवायु अनुकूल कृषि कार्य प्रमुख हैं. बिहार, देश का पहला राज्य है जहां जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने के लिए जल-जीवन-हरियाली अभियान चलाया जा रहा है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं.




### जल-जीवन-हरियाली अभियान को दुनिया ने सराहा

जल-जीवन-हरियाली जागरूकता अभियान के अंतर्गत 19 जनवरी, 2020 को राज्य में 18 हजार किमी से अधिक लंबी मानव श्रृंखला बनी जिसमें 5 करोड़ 16 लाख से अधिक लोगों ने भाग लेकर पर्यावरण के संरक्षण और नशामुक्ति के समर्थन में एवं बाल विवाह और दहेज प्रथा मिटाने के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया. मुख्यमंत्री को 24 सितम्बर, 2020 को संयुक्त राष्ट्र के उच्चस्तरीय जलवायु परिवर्तन राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस में कई देशों के प्रधानमंत्री एवं प्रमुख नेताओं के समक्ष अपनी बात रखने का मौका मिला था जिसमें उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए जल-जीवन-हरियाली अभियान को दुनिया के लिए बेहतरीन उदाहरण बताया था. इस कार्यक्रम में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग सहित परिवहन विभाग, लघु जल संसाधन विभाग, कृषि विभाग, ऊर्जा विभाग, उद्योग विभाग, तकनीकी संस्थान, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं डब्ल्यूआरआई इंडिया, यूएनईपी, शक्ति सस्टेनेबुल एनर्जी फाउंडेशन जैसे सहयोगी संस्थानों ने भाग लिया. कार्यक्रम के दौरान 'बिहार राज्य की जलवायु अनुकूल एवं न्यून-कार्बन प्रारूप रणनीति के प्रभावी क्रियान्वयन' के ड्राफ्ट प्रति का सीएम ने लोकार्पण किया.

### विश्वविद्यालयों के खातों से रोक हटाने का गवर्नर ने दिया आदेश

**पटना ।** राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने सभी विश्वविद्यालयों के बैंक खातों पर लगी रोक को हटाने का आदेश दिया है. शिक्षा विभाग के एसीएस केके पाठक ने पिछले दिनों सभी विश्वविद्यालयों के खातों को फ्रिज करने का आदेश दिया था. राज्यपाल के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल चोंग्थू ने सभी बैंकों को पत्र लिखकर खातों को चालू करने का निर्देश दिया है. अब बैंकों के समक्ष बड़ी समस्या यह आ गई है कि वे शिक्षा विभाग का आदेश मानें या राज्यपाल के आदेश का पालन करें. शिक्षा विभाग ने बीते 28 फरवरी को बिहार के सभी विवि के कुलपति, रजिस्ट्रार और एग्जाम कंट्रोलर की बैठक बुलाई थी.

## 'मोदी हिंदू नहीं' बयान पर लालू व तेजस्वी फंसे

# भाजपा नेता ने दर्ज कराया केस

**संवाददाता । पटना**

पटना गांधी मैदान थाने में लालू यादव और तेजस्वी यादव के खिलाफ केस दर्ज कराने के लिए शिकायत दर्ज कराई गई है. भाजपा के युवा प्रदेश प्रवक्ता कृष्णा सिंह ऊर्फ कल्लू ने लालू यादव पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने का आरोप लगाया है. उन्होंने शिकायत दर्ज कराई है कि लालू यादव के इस बयान से 135 करोड़ देश की जनता के ऊपर ठेस पहुंची है. वहीं, तेजस्वी यादव के खिलाफ भी केस दर्ज करने की शिकायत की गई है. आरोप है कि तेजस्वी ने सवर्ण समाज के लोगों के खिलाफ अभद्र



टिप्पणी की है. दोनों मामलों में शिकायतकर्ता की शिकायत को गांधी मैदान थाने ने स्वीकार कर लिया है. गांधी मैदान थाना अध्यक्ष सीताराम कुमार ने बताया है कि थाने में एक सनहा दर्ज कराया गया है जिसकी जांच की जा रही है.

बता दें कि रविवार को जन विश्वास रैली में लालू यादव ने मोदी को हिन्दू नहीं बताया और उनकी मां के देहांत होने के बाद त्रयोदशी संस्कार भी नहीं किए थे.

## चेन्नई जाने के लिए फ्लाइट पकड़ने पटना जा रहे थे

# कार पुल की रेलिंग से टकराई, एक ही परिवार के तीन की मौत, दो गंभीर

**संवाददाता । पटना**

पूर्वी चंपारण जिले के मुफसिल थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 की हालत गंभीर बनी हुई है. घायल लोगों में एक निजी टीवी चैनल के पत्रकार शंकर गणेश और कार का ड्राइवर डब्बू है, जबकि हादसे में पत्रकार गणेश की मां, पिता और पत्नी की



मौत हो चुकी है. बताया जा रहा है कि रक्सौल शहर के वार्ड नंबर 11 निवासी पत्रकार शंकर गणेश अपने पिता श्रवण मस्करा (70), मां प्रेमा देवी (65) और अपनी पत्नी के साथ इनोवा कार से रक्सौल से अपने भाई के पास चेन्नई जाने के लिए फ्लाइट पकड़ने पटना जा रहे थे. इसी दौरान अनियंत्रित कार बैरिया माईस्थान के समीप नहर पुल के रेलिंग से टकरा गई. घटना के बाद सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जबकि घायल दोनों को अलग-अलग हॉस्पिटल में भर्ती कराया है.

### कुख्यात पप्पू सहनी को हथियार के साथ हुआ गिरफ्तार

**बेगूसराय ।** बेगूसराय पुलिस ने कुख्यात अपराधी पप्पू सहनी को हथियार और गांजा के साथ गिरफ्तार किया है. दरअसल चेरिया बरियारपुर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि खोदावंदपुर थाना क्षेत्र के बाड़ा गांव निवासी कुख्यात अपराधी पप्पू सहनी हथियार के साथ कुंभी गांव में हथियार के साथ जा रहा है. इसी सूचना पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है. एसपी मनीष ने प्रेस वार्ता कर बताया कि वह जेल से हाल ही में निकला था. जिसके बाद से खोदावंदपुर थाना क्षेत्र में हत्या की घटना को अंजाम दिया. उसके बाद चेरिया बरियारपुर थाना इलाके में चिमनी भट्ठा मालिक जय जय राम महतो से 10 लाख की रंगदारी की मांग की थी.

# लालू एक सजायाफ्ता और वंशवादी लोग : विजय सिन्हा

**संवाददाता । पटना**

राजद सुप्रीमो लालू यादव की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर दिये गये बयान पर उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने पलटवार किया है. उन्होंने सोमवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि लालू प्रसाद एक सजायाफ्ता, भ्रष्टाचारी और वंशवादी लोग हैं. लालू प्रसाद राजनीतिक जोकर भी रहे हैं. राजनीति में तरह-तरह की बातें कहकर वे बिहार के सम्मान को गिराते हैं. प्रधानमंत्री सनातन के गौरव है और लालू प्रसाद के इस तरह के बयान से पूरा देश शर्मिंदा होता है. पीएम मोदी के इस एलान के बाद कि यूपी के बाद अब बिहार में राम राज आएगा, उस



बयान से ये लोग घबरा गए हैं. इनके बेटा को मुख्यमंत्री बनाने का सपना टूट गया, परिवार, पत्नी और बाल बच्चे से बाहर नहीं निकल पाए. लालू प्रसाद क्या बोलेंगे वे मानसिक रूप से बीमार हो चुके हैं. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश के 140 करोड़ लोगों के सनातन का सम्मान को बढ़ाया है लेकिन ये वही लालू प्रसाद हैं, वे और उनके लोगों ने सनातन और सनातन के धर्म गुरुओं, देवी देवताओं को लजिज्त करने का काम किया.

### विप की 11 सीटों पर चुनाव शुरू, सीएम आज करेंगे नामांकन

**पटना ।** बिहार विधान परिषद की 11 खाली सीटों पर चुनाव प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई है. इन सीटों पर निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल 6 मई को समाप्त हो रहा है. सीएम नीतीश कुमार और पूर्व सीएम राबड़ी देवी के अलावा जिनका कार्यकाल खत्म हो रहा है उनमें भाजपा के तीन, जदयू के 3, राजद के 1, कांग्रेस के 1 और हम के 1 एमएलसी शामिल हैं. जदयू ने अपने दो उम्मीदवार तय कर लिये हैं. इसमें सीएम नीतीश कुमार के अलावा खालिद अनवर को उम्मीदवार बनाया जा रहा है. अन्य दलों के उम्मीदवारों की बात करें तो मंगलवार को तस्वीर साफ हो सकती है. जानकारी के मुताबिक सीएम आज अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं.

## शिक्षकों के कारनामे से विभाग में मचा हड़कंप

# 86 नियोजित शिक्षकों का फर्जी निकला सर्टिफिकेट

**संवाददाता । नवादा**

नवादा में 86 नियोजित शिक्षकों का सर्टिफिकेट डुप्लीकेट पाया गया है. शिक्षकों के कारनामा से विभाग का भी सिर चकरा गया है. सक्षमता परीक्षा के आवेदन पत्रों की जांच के दौरान पता चला है कि इन 86 शिक्षकों के नाम पर कई जगहों पर लोग नौकरी कर रहे हैं. नवादा में आठ हजार से अधिक नियोजित शिक्षक हैं जिनमें से 6 हजार शिक्षकों ने सक्षमता परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था. बीते शनिवार को शिक्षा विभाग ने इसकी जानकारी दी है. अब जाकर मामला सामने आया है. आवेदनों की जांच के क्रम में गड़बड़ियां मिली हैं. एक ही टीईटी, एसटीईटी व बीटीईटी के रोल नंबर पर कई जिलों में शिक्षक कार्यरत हैं. यानी एक रोल नंबर पर कई शिक्षक अलग-अलग जिलों में काम कर रहे हैं. विभाग का होश उड़ गया है. बताया जाता है कि ये सभी 86 शिक्षक जिले के विभिन्न स्कूलों में पदस्थापित हैं. सक्षमता परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे. ऐसे में बीटीईटी और सीटीईटी सार्टिफिकेट पर बहाल हुए शिक्षकों का सीधे तौर पर सॉफ्टवेयर से मिलान किया जा रहा है.

### शेखपुरा हथियारों का जखीरा किया बरामद चार गिरफ्तार

**शेखपुरा ।** जिले के बरबीघा थाना क्षेत्र अंतर्गत जंगीपुर गांव के पास गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस के द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान हथियारों की तस्करी करने वाले चार हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस अधीक्षक बलीराम चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर बरबीघा पुलिस की टीम के द्वारा जंगीपुर के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया. वहां चार लोगों को पकड़ा गया. जिसकी तलाशी लेने पर चार देसी कट्टा, 150 गोली, 10700 नगदी और मोबाइल इत्यादि बरामद हुए हैं. सभी लोग हथियारों की तस्करी करते थे. पकड़े गए लोगों में नालंदा जिला के सरमेरा थाना क्षेत्र के इसुआ गांव निवासी है.

## कारोबार

### बीते साल नायरा एनर्जी का निर्यात 10% घटा

**नयी दिल्ली ।** देश में ईंधन की सबसे बड़ी निजी खुदरा विक्रेता नायरा एनर्जी का पेट्रोलियम उत्पाद निर्यात वर्ष 2023 में घरेलू आपूर्ति बढ़ने से 10 प्रतिशत घट गया. सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी. गुजरात में दो करोड़ टन सालाना क्षमता की तेल रिफाइनरी और देशभर में 6,500 से अधिक पेट्रोल पंप चलाने वाली कंपनी ने जनवरी-दिसंबर, 2023 के दौरान विमान ईंधन, डीजल और पेट्रोल सहित 62.1 लाख टन पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात किया. इस तरह वर्ष 2022 की तुलना में निर्यात में 10% की गिरावट आई.

### गोदरेज प्रॉपर्टीज 5,000 करोड़ निवेश करेगी

**नयी दिल्ली ।** गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि वह बेंगलुरु में 5,000 करोड़ रुपये की अनुमानित राजस्व क्षमता वाली एक टाउनशिप विकसित करेगी. यह 62 एकड़ क्षेत्रफल में फैली होगी. कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि उसने उत्तरी बेंगलुरु में एक बड़ी टाउनशिप परियोजना विकसित करने के लिए एक भूमि स्वामित्व इकाई के साथ पक्का समझौता किया है. कुल 62 एकड़ में फैली टाउनशिप परियोजना लगभग 56 लाख वर्ग फुट बिक्री योग्य क्षेत्र की पेशकश करेगी.

### सफारी में 229 करोड़ का होगा निवेश

**मुंबई ।** निजी इक्विटी कोष लाइटहाउस ने सूटकेस, बैग ब्रांड सफारी में 229 करोड़ रुपये का निवेश किया है. हालांकि, इस निवेश के जरिये लाइटहाउस को सफारी में कितनी हिस्सेदारी मिली है, इसका खुलासा नहीं किया गया है. सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी. यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो सका है कि कंपनी नई जुटाई गई राशि का कैसे इस्तेमाल करेगी. लाइटहाउस के सह-संस्थापक और भागीदार सचिन भारतीय ने कहा कि देश का बैग, सूटकेस बाजार छुट्टियों लिए यात्रा और शादी-विवाह पर खर्च से लाभान्वित हो रहा है. उन्होंने कहा, सफारी विवेकाधीन खर्च में विस्तार का लाभ उठाने के लिए बेहतर स्थिति में है.

## ग्लोबल रेटिंग एजेंसी मूडीज ने 2024 के कैलेंडर साल के लिए लगाया अनुमान

# भारत की विकास दर रहेगी 6.8 प्रतिशत

**भाषा । नयी दिल्ली**

भारतीय अर्थव्यवस्था की बढ़त जारी है. इसके संकेत मूडीज के रेटिंग से भी पता चलता है. ग्लोबल रेटिंग एजेंसी मूडीज ने 2024 के कैलेंडर साल के लिए भारत के ग्रोथ रेट के अनुमान को बढ़ाकर 6.8% कर दिया है. इससे पहले रेटिंग एजेंसी ने 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.1% की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया था. वर्ष 2023 में भारत के आर्थिक आंकड़े उम्मीद से कहीं बेहतर रहे हैं, जिसकी वजह से मूडीज ने वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया है.

कैलेंडर साल 2023 की चौथी तिमाही में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सालाना आधार पर 8.4% रही है. ऐसे में पूरे 2023 के साल में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.7 प्रतिशत की दर से बढ़ी है. मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने सोमवार को कहा कि सरकार के पूंजीगत व्यय और मजबूत विनिर्माण गतिविधियों ने 2023 में वृद्धि के मोर्चे पर सार्थक नतीजे दिए हैं.

रेटिंग एजेंसी का मानना है कि वैश्विक स्तर पर प्रतिकूल परिस्थितियां अब कम रह गई हैं, जिसकी वजह से भारत आसानी से छह से सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर सकता है. मूडीज ने अपने वैश्विक वृहद आर्थिक परिदृश्य-2024 में कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था ने अच्छा प्रदर्शन किया है और 2023 में उम्मीद से अधिक मजबूत आंकड़ों के कारण हमने 2024 के लिए अपना वृद्धि दर का अनुमान 6.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है. भारत जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा. मूडीज ने कहा कि 2025 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है.

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि उच्च-आवृत्ति के संकेतकों से पता चलता है कि अर्थव्यवस्था की सितंबर और दिसंबर तिमाही की मजबूत रफ्तार 2024 की मार्च तिमाही में जारी है. मूडीज ने कहा, 'मजबूत जीएसटी कलेक्शन, बढ़ती वाहन बिक्री, उपभोक्ता भरोसा और दो अंक की ऋण वृद्धि से पता चलता है कि शहरी मांग मजबूत बनी हुई है. आपूर्ति पक्ष की बात करें, तो विनिर्माण और सेवा पीएमआई का विस्तार ठोस आर्थिक रफ्तार का प्रमाण है.' इस साल के अंतरिम बजट में पूंजीगत व्यय के लिए आवंटन 11.1 लाख करोड़ रुपये या 2024-25 के सकल घरेलू उत्पाद के 3.4 प्रतिशत के बराबर रखा गया है. यह 2023-24 के अनुमान से 16.9 प्रतिशत अधिक है.

मूडीज ने कहा कि हम आम चुनाव के बाद नीतिगत मोर्चे पर निरंतरता की उम्मीद कर रहे हैं. इसके अलावा हमारा मानना है कि बुनियादी ढांचा क्षेत्र को आगे बढ़ाने का काम जारी रहेगा. रेटिंग एजेंसी ने कहा कि हालांकि निजी औद्योगिक पूंजीगत व्यय की वृद्धि धीमी रही है, लेकिन आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण के लाभ और सरकार की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं पर निवेशकों की प्रतिक्रिया से इसमें तेजी आने की उम्मीद है. वर्ष 2024 भारत, इंडोनेशिया, मेक्सिको, दक्षिण अफ्रीका, ब्रिटेन और अमेरिका जैसे कई जी-20 देशों के लिए चुनावी साल है. मूडीज ने कहा कि चुनाव का असर सीमा से आगे दिखाई देता है. मूडीज ने कहा कि इन चुनावों में जो नेता चुने जाएंगे, अगले चार से पांच साल के दौरान घरेलू और विदेशी नीतियों पर उनका प्रभाव देखने को मिलेगा.

### 2023 में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.7% की दर से बढ़ी




**अच्छे संकेत**

- भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा
- वर्ष 2023 में भारत के आर्थिक आंकड़े बेहतर रहे

## भारतीय शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी

# सेंसेक्स, निफ्टी नए रिकॉर्ड स्तर पर हुआ बंद

**एजेंसी । मुंबई**

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में दोनों मानक सूचकांक-बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए. ऊर्जा और बैंक शेयरों में लिवाली से बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी बनी रही. तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 66.14 अंक यानी 0.09 प्रतिशत चढ़कर अपने अबतक के उच्चतम स्तर 73,872.29 अंक



पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान, यह एक समय 183.98 अंक तक उछल गया था. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 27.20 अंक यानी 0.12 प्रतिशत की तेजी के साथ रिकॉर्ड स्तर 22,405.60 अंक पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान यह अपने अबतक के उच्चतम स्तर 22,440.90 अंक तक चला गया था. सेंसेक्स के शेयरों में में एनटीपीसी, पावरग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल और इंडसइंड बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे. दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में जेएसडब्ल्यू स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, इन्फोसिस और टाइटन शामिल हैं.




मुंबई में फिल्म स्वतंत्र वीर सावरकर के ट्रेलर लॉन्च के दौरान अभिनेता रणदीप हुड्डा.

## अधिसूचना जारी — एनसीईएल के माध्यम से यूएई और बांग्लादेश को मिलेगा प्याज

# भारत ने 64,400 टन प्याज निर्यात की दी अनुमति

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

सरकार ने नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीईएल) के माध्यम से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और बांग्लादेश को 64,400 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दे दी है. वाणिज्य मंत्रालय ने इस बारे में अधिसूचना जारी की है. बांग्लादेश को जहां 50,000 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दी गई है, वहीं यूएई को 14,400 टन प्याज का निर्यात किया जाएगा.

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा, एनसीईएल के माध्यम से संयुक्त अरब अमीरात को तिमाही 3,600 टन की सीमा के साथ 14,400 टन प्याज



का निर्यात अधिसूचित किया गया है. डीजीएफटी वाणिज्य मंत्रालय की इकाई है जो आयात और निर्यात से संबंधित मानदंड को देखती है. बांग्लादेश को निर्यात के बारे में कहा गया है कि इसका तौर-तरीका एनसीईएल उपभोक्ता मामलों के विभाग के साथ विचार-विमर्श में तय करेगा. हालांकि, प्याज के निर्यात पर अभी प्रतिबंध है लेकिन सरकार कुछ मित्र देशों को एक निश्चित मात्रा में इसके निर्यात की अनुमति देती है. पिछले साल आठ दिसंबर को सरकार ने घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और कीमतों को नियंत्रण में रखने के मकसद से इस साल 31 मार्च तक प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था. इससे पहले केंद्र ने अक्टूबर, 2023 में उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए खुदरा बाजार में 25 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर बफर स्टॉक के प्याज की बिक्री बढ़ाने का फैसला किया था. सरकार ने 28 अक्टूबर को 31 दिसंबर, 2023 तक प्याज निर्यात पर 800 डॉलर प्रति टन का न्यूनतम निर्यात मूल्य लगाया था. अगस्त में भारत ने प्याज पर 31 दिसंबर, 2023 तक 40 प्रतिशत का निर्यात शुल्क लगाया था. चालू वित्त वर्ष में एक अप्रैल, 2023 से चार अगस्त, 2023 के बीच देश से 9.75 लाख टन प्याज का निर्यात किया गया.

### 30,000 टन गैर-बासमती चावल देगी सरकार

**नयी दिल्ली ।** सरकार ने तंजानिया को 30,000 टन गैर-बासमती सफेद चावल और जिबूती और गिनी बिसाऊ को 80,000 टन टूटे चावल के निर्यात की अनुमति दी है. डीजीएफटी ने कहा कि एनसीईएल के माध्यम से यह निर्यात किया जाएगा. हालांकि, घरेलू आपूर्ति को बढ़ाने के लिए 20 जुलाई, 2023 से गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध है, लेकिन सरकार अनुरोध के आधार पर कुछ देशों को उनकी खाद्य सुरक्षा जरूरतों के लिए निर्यात की अनुमति देती है.

## देश की पहली हरित हाइड्रोजन परियोजना

# सिंधिया ने जिंदल स्टेनलेस की परियोजना का किया उद्घाटन

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

केंद्रीय इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने हरियाणा के हिसार में जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड की स्टेनलेस स्टील क्षेत्र में स्थापित देश की पहली हरित हाइड्रोजन परियोजना का सोमवार को उद्घाटन किया. हरित हाइड्रोजन इकाई को जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (जेएसएल) ने हाइजेनको के सहयोग से स्थापित किया है. इसका लक्ष्य कार्बन उत्सर्जन में लगभग 2,700 टन प्रतिवर्ष की कटौती करना है.

सिंधिया ने इस्पात सचिव नागेंद्र नाथ सिन्हा की उपस्थिति में इस परियोजना का ऑनलाइन उद्घाटन



करते हुए कहा, जेएसएल नवाचार के मामले में सबसे आगे रही है. मैं छत और फ्लोटिंग दोनों के साथ पहली हाइड्रोजन-आधारित इस्पात इकाई लगाने के लिए जेएसएल और हाइजेनको की सराहना करता हूं. हरित हाइड्रोजन इकाई के भीतर जलाशय में तैरते सौर पैनल लगे हैं जो पानी के वाष्पीकरण को कम करने में भी मदद करेंगे.

## ब्रीफ खबरें

### वैभव गुप्ता 'इंडियन आइडल 14' के विजेता

**मुंबई।** कानपुर के वैभव गुप्ता गायकी के रियलिटी शो 'इंडियन आइडल 14' के विजेता बन गए हैं. उन्होंने प्रतिस्पर्धा में अपने साथी प्रतिभागियों कोलकाता के सुभदीप दास चौधरी और राजस्थान के पीयूष पंवार को हराकर यह खिताब अपने नाम किया है. रविवार की रात इंडियन आइडल 14 का ग्रैंड फिनाले जीतने के बाद 19 वर्षीय गुप्ता को इनाम में सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन की ओर से 25 लाख रुपये का चैक और सह-प्रायोजक मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड की ओर से ब्रेज़ा गाड़ी प्रदान की गई.

### युवक ने तीन छात्राओं पर फेंका तेजाब, चेहरा झुलसा

**मंगलुरु।** दक्षिण कन्नड़ जिले के कड़ाबा कस्बे में स्थित एक सरकारी कॉलेज में एक युवक ने तीन छात्राओं पर तेजाब फेंक दिया, जिससे उनके चेहरे बुरी तरह झुलस गए. एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि इस घटना के बाद लड़कियों को एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है. छात्राएं कॉलेज के गलियारे में बैठकर प्री-यूनिवर्सिटी कोर्स (पीयूसी) परीक्षा की तैयारी कर रही थीं, उसी दौरान एक युवक ने उन पर तेजाब फेंक दिया. कड़ाबा पुलिस इस मामले की जांच कर रही है.

### 16 लाख का गांजा बरामद, गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में ओडिशा के रहने वाले दो व्यक्तियों से 16.68 लाख रुपये की कीमत का 37.39 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है. एक गुप्त सूचना के आधार पर, अपराध शाखा की टीम ने एक मार्च की शाम को भिवंडी इलाके में अंजुरफाटा-वसई रोड पर सड़क किनारे एक भोजनालय के पास जाल बिछाया. भोईवाड़ा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि दोनों व्यक्तियों के वहां पहुंचने पर उनकी तलाशी ली गई और जांच के दौरान उनके पास से प्रतिबंधित सामग्री बरामद हुई.

### हिमाचल में बर्फबारी व बारिश से 650 सड़कें बंद

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की स्पीति घाटी में फंसे 81 पर्यटकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है. भारी बर्फबारी होने से सड़कें बंद होने के कारण पर्यटक फंस गए थे. पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी. राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, राज्य में पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश और बर्फबारी के कारण कई जगह हिमस्खलन और भूस्खलन हुए. जिसके कारण पांच राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 650 से अधिक सड़कें सोमवार को वाहनों की आवाजाही के लिए बंद रहीं.

### अमेरिका व दक्षिण कोरिया ने सैन्य अभ्यास शुरू किया

**सियोल।** दक्षिण कोरिया और अमेरिका ने उत्तर कोरिया के परमाणु खतरों के खिलाफ अपनी तैयारी को मजबूत करने के लिए सोमवार को वार्षिक सैन्य अभ्यास शुरू किया. उत्तर कोरिया ने इस साल अपने मिसाइल परीक्षण बढ़ा दिए हैं और उत्तर कोरिया एवं अमेरिका के खिलाफ अपनी बयानबाजी तेज कर दी है. दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दक्षिण कोरिया और अमेरिका की सेनाओं ने 'फ्रीडम शील्ड' नामक एक 11 दिवसीय अभ्यास शुरू किया. उत्तर कोरिया ने इस अहम वार्षिक अभ्यास पर अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है.



**बेटे के प्री-वेडिंग फंक्शन में नीता-मुकेश अंबानी ने किया डांस**

अपने बेटे अनंत अंबानी के प्री-वेडिंग फंक्शन में मुकेश अंबानी और नीता अंबानी ने राज कपूर के आइकॉनिक सॉन्ग 'प्यार हुआ इकरार हुआ' में शानदार डांस परफॉर्म किया. डांस परफॉर्म करते हुए जहां मुकेश अंबानी कुर्ता-पैजामा में दिखे तो वहीं नीता अंबानी गोल्डन कलर की साड़ी में हमेशा की तरह बेहद गॉर्जियस नजर आईं.

### विपक्ष के हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पलटवार, कहा-

# पूरा भारत मेरा परिवार है

भाषा। आदिलाबाद (तेलंगाना)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'परिवार ना होने' को लेकर विपक्ष के हमले पर पलटवार करते हुए सोमवार को पूरे भारत को अपना परिवार करार दिया और अपने जीवन को एक 'खुली किताब' बताते हुए कहा कि लोगों की सेवा करने के सपने के साथ उन्होंने कम उम्र में ही घर छोड़ दिया था. जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने 'परिवारवादी दलों' पर हमला बोला और कहा कि उनके अलग-अलग चेहरे हो सकते हैं, लेकिन 'झूठ और लूट' का उनका चरित्र समान है. बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद ने रविवार को पटना में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी पर कटाक्ष किया था. उन्होंने कहा था कि अगर नरेंद्र मोदी के पास अपना परिवार नहीं है तो हम क्या कर सकते हैं. वह राम मंदिर के बारे में डींगें मारते रहते हैं. वह सच्चे हिंदू भी नहीं हैं. हिंदू परंपरा में बेटे को अपने माता-पिता के निधन पर अपना सिर और दाढ़ी मुंडवानी चाहिए. जब मोदी की मां की मृत्यु हुई तो उन्होंने ऐसा नहीं किया.

**तेलंगाना में कुछ नहीं बदला :** पीएम मोदी ने आगे कहा कि टीआरएस (तेलंगाना राष्ट्र समिति), बीआरएस (भारत राष्ट्र समिति) बन गई, लेकिन इससे तेलंगाना के लिए कुछ भी नहीं बदला. उन्होंने दावा किया कि अब कांग्रेस इस क्षेत्रीय दल की जगह पर सत्ता में आई है लेकिन 'कुछ नहीं होने वाला' है. उन्होंने आरोप लगाया कि बीआरएस ने अपने कार्यकाल के दौरान कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना जैसे घोटाले किए. उन्होंने सत्तारूढ़ कांग्रेस पर इस संबंध में कार्रवाई करने के बजाय फाइलों पर बैठे रहने का आरोप लगाया. पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव द्वारा स्थापित टीआरएस का नाम बदलकर बीआरएस कर दिया गया था.

#### मेरा जीवन एक खुली किताब है: पीएम

पीएम मोदी ने कहा कि मेरा जीवन एक खुली किताब की तरह है. देश के लोग इसके बारे में जानते हैं. बचपन में जब मैंने घर छोड़ा था तो एक सपना लेकर निकला था कि देशवासियों के लिए जिऊंगा. इस देश के 140 करोड़ लोग मेरा परिवार हैं. मेरा भारत मेरा परिवार. उन्होंने आरोप लगाया कि परिवारवादी दलों का चेहरा अलग हो सकता है, लेकिन उनका चरित्र एक ही है ...झूठ और लूट.'



#### 'इंडी गठबंधन' के नेता बौखला गए हैं

प्रधानमंत्री मोदी ने लालू के आरोप पर पलटवार किया और कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण में आकंठ डूबे 'इंडी गठबंधन' के नेता बौखलाते जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है. मैं इनसे कहना चाहता हूं कि 140 करोड़ देशवासी ही मेरा परिवार हैं, जिसका कोई नहीं है वो भी मोदी के हैं और मोदी उनका है. मेरा भारत-मेरा परिवार है.

#### बोले पीएम

- जिसका कोई नहीं है वो भी मोदी के हैं और मोदी उनका
- परिवारवादी दलों का चरित्र झूठ और लूट का है

#### भाजपा ने आरंभ किया 'मोदी का परिवार' अभियान

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी की ओर से पूरे देश को अपना परिवार बताए जाने के कुछ देर बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और अध्यक्ष जे पी नड्डा सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के प्रोफाइल पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' लिखा और इस संबंध में एक अभियान शुरु कर दिया. कुछ देर बाद केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण, अश्विनी वैष्णव, धर्मेंद्र प्रधान, ज्योतिरादित्य सिंधिया, गिरिराज सिंह, स्मृति ईरानी, मीनाक्षी लेखी, भूपेंद्र यादव और अनुराग ठाकुर सहित कई नेताओं ने भी इसका अनुसरण करते हुए 'एक्स' प्रोफाइल पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' जोड़ दिया.

### तेलंगाना के सीएम ने पीएम नरेंद्र मोदी को कहा बड़ा भाई, बोले-

# हमें आपकी मदद की दरकार है

भाषा। हैदराबाद

प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को तेलंगाना में बिजली, रेल और सड़क क्षेत्रों से संबंधित कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया. इन विकास परियोजनाओं की लागत 56,000 करोड़ रुपये से अधिक है. पीएम के साथ मंच पर मौजूद तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी ने पीएम मोदी को अपना बड़ा भाई करार दिया. इस क्रम में उन्होंने तेलंगाना का गुजरात जैसा विकास करने के लिए पीएम मोदी से सहयोग की याचना की. जान लें कि तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार है.

#### तेलंगाना केंद्र के साथ टकराव नहीं चाहता



सीएम रेवंत रेड्डी ने कहा, हमारे लिए पीएम का मतलब बड़ा भाई है. कहा कि अगर बड़े भाई की मदद रहे तो सभी राज्यों के सीएम अपने क्षेत्र में तरक्की कर सकते हैं. रेड्डी ने पीएम से आग्रह किया कि कि तेलंगाना को भी गुजरात की तरह आगे जाना है, तो हमें आपकी मदद का दरकार है. अगर आप 5 ट्रिलियन इकोनॉमी की दिशा में सोच रहे हैं तो इसमें 5 मेट्रो सिटी का सहयोग भी जरूरी हो जाता है. इसमें हैदराबाद भी शामिल है. रेड्डी ने साफ किया कि कांग्रेस शासित राज्य तेलंगाना केंद्र के साथ टकराव नहीं चाहता, सौहार्दपूर्ण रिश्ते चाहता है. उन्होंने कहा, तेलंगाना पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य में योगदान देगा.

### रामेश्वरम कैफे में विस्फोट की जांच एनआईए को सौंपी

**नयी दिल्ली।** बेंगलुरु के एक मशहूर कैफे में हुए बम विस्फोट की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंप दी गयी है. सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी. सूत्रों ने बताया कि पूर्वी बेंगलुरु के ब्रुकफील्ड में रामेश्वरम कैफे में एक मार्च को हुए विस्फोट में कम से कम 10 लोग घायल हो गए थे. सूत्रों के अनुसार, विस्फोट की जांच एनआईए को सौंप दी गयी है. इससे एक दिन पहले कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा था कि जरूरत पड़ने पर इस मामले की जांच एनआईए को सौंपने पर विचार कर सकती है. अभी तक, इस विस्फोट के मामले में कर्नाटक पुलिस की जांच में एनआईए, एनएसजी और आईबी के अधिकारियों ने मदद की है.

### सीपीएन व नेपाली कांग्रेस के बीच गठबंधन समाप्त

# नेपाली पीएम प्रचंड अब ओली के साथ चलाएंगे सरकार

भाषा। काठमांडू

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' ने मतभेदों के कारण नेपाली कांग्रेस के साथ अपनी लगभग 15 महीने की साझेदारी को समाप्त करने के बाद सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली की पार्टी के साथ एक नया गठबंधन बनाने का फैसला किया. नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी केंद्र) के एक नेता ने कहा कि प्रचंड के नेतृत्व वाली सीपीएन (माओवादी केंद्र) और शेर बहादुर देउबा के नेतृत्व वाली नेपाली कांग्रेस के बीच गठबंधन समाप्त हो गया है क्योंकि दोनों शीर्ष नेताओं के बीच मतभेद काफी गहरे हो गए हैं. सीपीएन के सचिव गणेश शाह ने कहा कि नेपाली कांग्रेस ने प्रधानमंत्री के साथ सहयोग नहीं किया, इसलिए हम नए गठबंधन की तलाश करने के लिए मजबूर हैं. प्रचंड 25 दिसंबर, 2022 को नेपाली कांग्रेस के समर्थन से प्रधानमंत्री बने थे. प्रतिनिधि सभा में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के साथ गठबंधन तोड़ने के बाद प्रचंड ने ओली के नेतृत्व वाली नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी से हाथ मिलाने का फैसला किया. हालांकि, ओली को प्रचंड का आलोचक माना जाता है. सीपीएन-यूएमएल के उपाध्यक्ष सुरेंद्र पांडे ने कहा कि नई कैबिनेट का गठन सोमवार दोपहर को किया जाएगा और कैबिनेट का आकार छोटा होगा.

# फिलीपींस ने पड़ोसी देशों से एकजुट होने का आग्रह किया

भाषा। मेलबर्न

फिलीपींस के विदेश मंत्री एनरिक मनालो ने सोमवार को पड़ोसी देशों से दक्षिण चीन सागर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिक मजबूती से एकजुट होने का आग्रह किया. मनालो ने ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर में दक्षिणपूर्व एशियाई देशों के नेताओं के शिखर सम्मेलन के इतर समुद्री सहयोग संबंधी एक मंच में यह टिप्पणी की. इस सम्मेलन में चीन के तेजी से बढ़ते आक्रामक कदमों पर प्रमुखता से चर्चा की गयी. मनालो ने नीदरलैंड के द हेग में स्थित मध्यस्थता अदालत के 2016 में दिए फैसले में चीन पर फिलीपींस की जीत का उल्लेख किया. मध्यस्थता अदालत ने दक्षिण चीन सागर में चीन के व्यापक क्षेत्रीय दावों को अमान्य करार दे दिया था. चीन ने इस फैसले को स्वीकार नहीं किया था.

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में समुद्रों और महासागरों का साझा प्रबंधन हमें अंतरराष्ट्रीय कानून की प्रधानता को बनाए रखने के लिए एकजुट होने को बाध्य करता है ताकि हम सभी के लिए न्यायसंगत और स्थायी परिणाम सुनिश्चित कर सकें. यह हमसे असंगत कार्यों का विरोध करने के लिए मजबूती से एक साथ खड़े होने का भी आह्वान करता है.

### इसरो के चीफ एस. सोमनाथ को हुआ कैंसर

**बेंगलुरु।** जुनून और जीवटता क्या होती है ये कोई इसरो चीफ एस सोमनाथ से सीखे. भारत के सूर्य मिशन आदित्य एल-1 के लॉन्च के दिन सोमनाथ को कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी का पता चला था. हालांकि, वो घबराए नहीं और अपना इलाज करवा शुरू किया. एक मीडिया हाउस को दिए इंटरव्यू में सोमनाथ ने खुद इसका खुलासा किया है. हाल में ही दिए एक इंटरव्यू में सोमनाथ ने कहा कि उनके स्कैन में कैंसर के ग्रोथ का पता चला. सोमनाथ ने कहा कि चंद्रयान-2 मिशन लॉन्च के दौरान मुझे स्वास्थ्य संबंधी कुछ दिक्कत हुई. हालांकि, उस वक्त ये साफ पता नहीं चल पाया था. मुझे इसके बारे में जानकारी भी नहीं थी.

### पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री का सीनेट अध्यक्ष बनना लगभग तय

# गिलानी ने नामांकन पत्र भरा

भाषा। इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री सैयद यूसुफ रजा गिलानी का सीनेट अध्यक्ष बनना लगभग तय माना जा रहा है और उन्होंने इस पद के लिए 14 मार्च को होने वाले चुनाव की खातिर अपना नामांकन पत्र जमा कर दिया है. यह जानकारी सोमवार को मीडिया की एक खबर से मिली. गिलानी ने आठ फरवरी को हुए चुनाव में पंजाब प्रांत के मुल्तान से नेशनल असेंबली के लिए जीत हासिल की थी. उन्होंने अपनी सीट खाली कर दी है और अब वह इस्लामाबाद से सीनेट की सीट के लिए चुनाव लड़ेंगे. निचले सदन के सदस्य के रूप में 29 फरवरी को शपथ लेने वाले गिलानी ने रविवार को नेशनल असेंबली में प्रधानमंत्री चुनने के लिए हुए चुनाव के दौरान पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष शहबाज शरीफ के पक्ष में मतदान किया था.



#### चौधरी इलियास से होगा गिलानी का मुकाबला

'डॉन' अखबार की खबर के अनुसार, वर्ष 2008 से 2012 तक देश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करने वाले गिलानी का मुकाबला जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के चौधरी इलियास मेहरबान से होगा. मेहरबान सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के उम्मीदवार होंगे, क्योंकि पीटीआई का नेशनल असेंबली में प्रतिनिधित्व नहीं है.

### इनेलो नेता राठी की हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

**चंडीगढ़/नयी दिल्ली।** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के नेता नफे सिंह राठी की हत्या के मामले में गोवा से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. इनेलो की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष राठी और पार्टी कार्यकर्ता जयकिशन की 25 फरवरी को झज्जर के बहादुरगढ़ में अज्ञात हमलावरों ने उनके वाहन पर गोलीबारी कर हत्या कर दी थी. अधिकारियों ने बताया कि आशीष और सौरभ को हरियाणा पुलिस के विशेष कार्य बल, जिला पुलिस और दिल्ली पुलिस के संयुक्त अभियान में गोवा से गिरफ्तार किया गया. दिल्ली में पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उन्हें उत्तरी गोवा से गिरफ्तार किया गया है.

## कॅरियर-काउंसिलिंग

# यदि पशु-पक्षियों से है प्यार, तो पशु चिकित्सक का प्रोफेशन बेहतर

रजनीश प्रसाद। रांची

पशु चिकित्सा विज्ञान की एक विशेष शाखा है, जिसमें जानवरों और पक्षियों में विभिन्न प्रकार के रोगों का उपचार होता है. यह मानव चिकित्सा विज्ञान के समान है क्योंकि उनका प्राथमिक उद्देश्य भी बीमारियों की रोकथाम, उन्मूलन और जैविक जीवों को स्वस्थ जीवन देना है.

#### पशु चिकित्सक के कार्य

- वैक्सीनेशन और चेकअप कर जानवरों के इम्यूनिटी की देखभाल करना.
- जानवरों की जांच करना, घावों का इलाज करना और सर्जरी करना.
- जानवरों की आपातकालीन देखभाल और इच्छा मृत्यु प्रदान करना.
- जानवरों के मालिकों को जानवरों की देखभाल और दवाएं देने के बारे में सलाह देना.






#### भारत के टॉप कॉलेज

- इंडियन वेटरनरी रिसर्च इंस्टिट्यूट (आईवीआरआई), बरेली
- नेशनल डेरी रिसर्च इंस्टिट्यूट (एनडीआरआई), कर्नल.
- गोविंद बल्लभपंत यूनिवर्सिटी ऑफ़ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी, पंत नगर
- वेटरनरी कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट (वीसीआरआई), चेन्नई
- कॉलेज ऑफ वेटरनरी मेडिसिन एंड एनिमल साइंसेज (सीवीएएस), बीकानेर
- मुंबई यूनिवर्सिटी (एमयू)
- अन्नामलाई यूनिवर्सिटी (एयू), चिदंबरम
- बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी (बीएचयू)
- जूनागढ़ एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी, जूनागढ़ी
- सरदार वल्लभभाई पटेल यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी
- चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी

#### 10वीं के बाद पशु चिकित्सा की पढ़ाई

- पशु चिकित्सा फार्मेसी में डिप्लोमा
- पशु चिकित्सा लैब तकनीशियन में डिप्लोमा
- पशुपालन और डेयरी में डिप्लोमा
- पशु चिकित्सा सहायक में डिप्लोमा

#### 12वीं के बाद पशु चिकित्सक की पढ़ाई

- बैचलर ऑफ वेटरनरी साइंस
- बैचलर ऑफ वेटेरिनरी साइंस (पशुचिकित्सा रोगविज्ञान)
- बैचलर ऑफ वेटरनरी साइंस (पशु पोषण)
- बैचलर ऑफ वेटरनरी साइंस (पशु आनुवंशिकी और प्रजनन)
- बैचलर ऑफ वेटरनरी साइंस (पशु चिकित्सा माइक्रोबायोलॉजी)




मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)